सत्यमेव जयते

# सरल प्रशासनिक शब्दावली

**[ प्रशासनिक शब्दों का अर्थ सहित वाक्य प्रयोग ]**


## सरलीकरण विशेषज्ञ समिति

## केंद्रीय अनुवाद ब्यूरो

**राजभाषा विभाग : गृह मंत्रालय**

**भारत सरकार**

# A

| S. No. | Words | Hindi Synonyms | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| 1. | abandon | (v) - **छोड़ देना**, **त्याग देना**, **परित्याग करना** | The SECL had to **abandon** the flood-affected coal mines. | एसईसीएल को बाढ़ प्रभावित कोयला खदानों को **छोड़ना पड़ा**। |
| 2. | abandoned | (adj) - **छोड़ा हुआ**, **त्यागा हुआ**, **परित्यक्त** | The Finance Ministry has decided to put up its **abandoned** claim on revenue afresh. | वित्त मंत्रालय ने अपने राजस्व संबंधी **छोड़े हुए** दावे को नए सिरे से पेश करने का निर्णय लिया है। |
| 3. | abandoned assets | (n) - **छोड़ी हुई परिसंपत्ति***, **त्यागी हुई परिसंपत्ति***, **परित्यक्त परिसंपत्ति*** | The Government has decided to auction the **abandoned** assets of the company. | सरकार ने कंपनी की **छोड़ी हुई परिसंपत्तियों** की नीलामी का फैसला किया है। |
| 4. | abandoned cargo | (n) - **छोड़ा हुआ कार्गो**, **त्यागा हुआ कार्गो**, **परित्यक्त कार्गो** | There is a problem in keeping **abandoned cargo** in the Air Port. | विमान पत्तन में **छोड़े हुए कार्गो** को रखने की समस्या आ रही है। |
| 5. | abandonment | (n) - **त्याग**, **छोड़ना**, परित्याग | The process of **abandonment** of the dilapidated buildings has been initiated by the Estate Department. | संपदा विभाग द्वारा जर्जर भवनों को **छोड़ने** की प्रक्रिया शुरू की गई है। |
| 6. | abate | (v) - **1. समाप्त करना, दूर करना 2. कम करना, घटाना** 3. उपशमन करना, उपशमन होना 4. कमी करना, कमी होना | 1. Steps are to be taken to **abate** pollution. 2. The Government is taking steps to **abate** the Import Duty. 3. This section of the Act is now **abated**. | 1. प्रदूषण **समाप्त करने** के लिए कदम उठाने हैं। 2. सरकार आयात शुल्क **कम करने** के लिए कदम उठा रही है। 3. कानून की इस धारा का **उपशमन** हो चुका है। |
| 7. | abatement | (n) - 1. कमी* 2. **छूट*** 3. उपशमन (विधि) | 1. The proposal for **abatement** of the rent of Government accommodations is under consideration. 2. Tax on passenger transport is collected @ 12.36 % with an **abatement** of 60%. | 1. सरकारी आवासों के किराये में **कमी** का प्रस्ताव विचाराधीन है। 2. यात्री परिवहन पर 60% की **छूट** के साथ 12.36% की दर से कर वसूला जाता है। |
| 8. | abatement certificate | (n) - **कटौती** | The officer failed to provide an **abatement** | अधिकारी समय पर **कटौती प्रमाण** |

| S. No. | Words | Hindi Synonyms | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | **प्रमाण पत्र** | certificate in time. | **पत्र** नहीं दे सका। |
| 9. | abbreviate | (v) - **संक्षिप्त करना, सार निकालना** | The report should be **abbreviated** before submission. | प्रस्तुत करने से पहले रिपोर्ट को **संक्षिप्त करना** चाहिए। |
| 10. | abbreviation | (n) - संक्षिप्ति* | A list of **abbreviations** should be attached with the note. | टिप्पणी के साथ **संक्षिप्ति** की सूची भी दी जाए। |
| 11. | abdicate | (v) - **(पद, सत्ता, अधिकार) छोड़ना, (पद, सत्ता, अधिकार) त्यागना** | The Chairman was forced to **abdicate** his post. | अध्यक्ष को विवश होकर अपना **पद छोड़ना पड़ा।** |
| 12. | abdication | (n) - पदत्याग, **सत्तात्याग, अधिकार-त्याग** | 1. The **abdication** of the Dictator was received with great relief. 2. The merged company has agreed for **abdication** of its rights. | 1. तानाशाह का **सत्तात्याग** बड़ी राहत लेकर आया। 2. विलयित कंपनी अपने **अधिकार-त्याग** के लिए सहमत हो गई। |
| 13. | abduct | (v) - **अपहरण करना, अगवा करना** | The terrorists **abducted** the policemen to persuade their demands. | उग्रवादियों ने अपनी मांग मनवाने के लिए पुलिसकर्मियों का **अपहरण** किया। |
| 14. | abduction | (n) - अपहरण, **अगवा** | The **abduction** case has been discussed. | **अगवा** के मामले पर चर्चा की गई। |
| 15. | abet | (v) - **दुष्प्रेरित करना** | The employee **abetted** his colleague in the crime. | कर्मचारी ने अपने सहकर्मी को अपराध के लिए **दुष्प्रेरित किया।** |
| 16. | abetment | (n) - दुष्प्रेरण | **Abetment** of a crime is also an offense. | अपराध के लिए **दुष्प्रेरित** करना भी अपराध है। |
| 17. | abeyance | (n) - **स्थगन, अस्थायी रोक,** प्रास्थगन | Nowadays the production is in **abeyance** in the company due to strike. | हड़ताल के कारण, इन दिनों कंपनी में उत्पादन **स्थगित** है। |
| 18. | abide | (v) - 1. **पालन करना** 2. **दृढ़ रहना**, **कायम रहना** 3. **मान लेना** | 1. We should **abide** by the rules. 2. We **abide** by our oath. 3. The players have to **abide** by the referee's decision. | 1. हमें नियमों का **पालन करना** चाहिए। 2. हम अपनी शपथ पर **दृढ़ हैं**। 3. खिलाड़ियों को रेफरी के फैसले को **मानना होगा।** |
| 19. | ability | (n) - योग्यता* | The **ability** of the vigilance officer cannot be questioned. | सतर्कता अधिकारी की **योग्यता** पर प्रश्न नहीं उठाया जा सकता है। |
| 20. | able | (adj) - योग्य | He is an **able** administrator. | वे **योग्य** प्रशासक हैं। |
| 21. | abnormal | (adj) - 1. | 1. Due to shortage of food- | 1. बाजार में अनाज की कमी के |

| S. No. | Words | Hindi Synonyms | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | **अनुचित** 2. **असामान्य**, **असाधारण** 3. **अस्वाभाविक** 4. अपसामान्य | grains in the market, the shopkeepers are charging an **abnormal** price for it. 2. There was an **abnormal** delay in submission of the quarterly report. 3. According to the police, it is a case of **abnormal** death. | कारण दूकानदार इसकी **अनुचित/असामान्य** कीमत वसूल रहे हैं। 2. तिमाही रिपोर्ट प्रस्तुत करने में **असाधारण** विलंब हुआ। 3. पुलिस के अनुसार यह **अस्वाभाविक** मौत का मामला है। |
| 22. | abnormal demand | (n) - 1. **अनुचित मांग*** 2. **अस्वाभाविक मांग***, **असामान्य मांग*** | 1. The Government cannot accept the **abnormal demands** raised by the Union. 2. Recently, an **abnormal demand** of Gold has been noticed in the market. | 1. सरकार यूनियन की **अनुचित मांगों** को नहीं मान सकती। 2. हाल ही में, बाजार में सोने की **असामान्य मांग** देखी गई है। |
| 23. | abnormal increase | (n) - **असामान्य वृद्धि***, अपसामान्य वृद्धि* | There is an **abnormal increase** of food price due to the increase in the price of petroleum products. | पेट्रोलियम उत्पादों के मूल्य में वृद्धि के कारण खाद्य-पदार्थों के मूल्य में **असामान्य वृद्धि** हुई है। |
| 24. | abnormal method | (n) - **असामान्य पद्धति*** | The **abnormal method** of finance adopted in the Public Sectors may be questioned. | सार्वजनिक क्षेत्रों में अपनाई जाने वाली वित्तपोषण की **असामान्य पद्धति** पर प्रश्न उठ सकता है। |
| 25. | abnormal price | (n) - **असामान्य मूल्य** | The Manufacturer has asked for an **abnormal price** for its new product. | निर्माता ने अपने नए उत्पाद के लिए **असामान्य मूल्य** मांगा है। |
| 26. | abnormal profit | (n) - **असामान्य लाभ**, **अस्वाभाविक लाभ** | The company got **abnormal profit** in this quarter. | इस तिमाही में कम्पनी को **असामान्य लाभ** हुआ है। |
| 27. | aboard | (adv) - **जहाज पर, जहाज में, पोत पर** | All the passengers were **aboard**. | सभी यात्री **जहाज पर** थे। |
| 28. | abolish | (v) - **समाप्त करना**, **उन्मूलन करना** | The Prime Minister said that the practice of dowry must be **abolished**. | प्रधानमंत्री ने कहा कि दहेज प्रथा को **समाप्त करना** जरूरी है। |
| 29. | abolition | (n) - 1. उन्मूलन 2. समाप्ति* 3. उत्सादन (विधि) | The Human Rights Commission demanded for the **abolition** of the Death sentence. | मानवाधिकार आयोग ने मृत्यु दंड **समाप्त** करने की मांग की है। |
| 30. | above | (prep) - 1. **के ऊपर, के परे, से अच्छा, से अधिक** 2. (adv) - **ऊपर,** | 1. **Above** all, it is not going to benefit the organization. 2. The committee found the **above** cited case true. 3. The **above** mentioned | 1. **विशेष रूप से**, इससे संगठन को कोई लाभ नहीं होगा। 2. समिति ने **ऊपर उल्लिखित** मामले को सही पाया। 3. **उपर्युक्त** |

| S. No. | Words | Hindi Synonyms | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | **विशेष रूप से** 3. (adj) - **उपर्युक्त, ऊपर उल्लिखित** 4. (n) - **उपर्युक्त** | officers will be on probation for a period of two years. 4. To fulfill the **above** quoted conditions is mandatory for this job. 5. This office does not ratify the **above** said arguments. 6. For additional information, contact any of the **above**. | अधिकारी दो वर्ष तक परिवीक्षा अवधि पर रहेंगे। 4. इस नौकरी के लिए **ऊपर उद्धृत**(उल्लिखित) शर्तों को पूरा करना अनिवार्य है। 5. यह कार्यालय **ऊपर उल्लिखित** तर्कों का समर्थन नहीं करता है। 6. अतिरिक्त जानकारी के लिए **उपर्युक्त** में से किसी से भी संपर्क करें। |
| 31. | above average | **औसत से अधिक** | This year, the Bank has made profit **above the average**. | इस वर्ष बैंक को **औसत से अधिक** लाभ हुआ। |
| 32. | above board | (adv) - **प्रकट रूप से, ईमानदारी से** | The Company is known for dealing **above board** in all the matter. | यह कंपनी सभी मामलों में **ईमानदारी से** काम करने के लिए जानी जाती है। |
| 33. | above par | (adv) - अधिमूल्य पर | The Procurement Department has to take special permission for purchase of goods **above par**. | क्रय विभाग को **अधिमूल्य** से अधिक दर पर खरीद के लिए विशेष अनुमति लेनी होगी। |
| 34. | abridge | (v) - 1. कम करना (जैसे शक्ति) 2. संक्षिप्त करना (जैसे रिपोर्ट) | The Member-Secretary **abridged** the presentation because of time constraints. | सदस्य-सचिव ने समय की कमी के कारण प्रस्तुतीकरण को **संक्षिप्त कर** दिया। |
| 35. | abridged report | (n) - संक्षिप्त रिपोर्ट* | The **abridged report** has been submitted by the committee. | समिति ने **संक्षिप्त रिपोर्ट** प्रस्तुत की है। |
| 36. | abridgement | (n) - 1. **संक्षेप**, संक्षेपण 2. कमी | Please, make an **abridgement** of the Research Project. | कृपया अनुसंधान परियोजना का **संक्षेप** तैयार करें। |
| 37. | abrogate | (v) - 1. **निरस्त करना**, **रद्द करना** 2. निराकरण करना (विधि) | The Government has **abrogated** the order. | सरकार ने यह आदेश **निरस्त कर दिया** है। |
| 38. | absconder | (n) - **भगोड़ा**, फरारी, फरार | The chief culprit in this fraud was an **absconder**. | इस धोखा-धड़ी का मुख्य दोषी **भगोड़ा** था। |
| 39. | absence | (n) - 1. अनुपस्थिति*, गैरहाजिरी* 2. अभाव | 1. In the **absence** of the Director, the administrative responsibilities shall be discharged by the Joint | 1.निदेशक की **अनुपस्थिति** में प्रशासनिक दायित्व संयुक्त निदेशक संभालेंगे। 2. किसी ठोस सबूत के **अभाव** में मामला खारिज |

| **S. No.** | **Words** | **Hindi Synonyms** | **Usages in English** | **Usages in Hindi** |
|---|---|---|---|---|
| | | | Director. 2. The case was dismissed in the **absence** of any definite proof. | कर दिया गया। |
| 40. | absent | (adj) - **अनुपस्थित** (v) - **अनुपस्थित रहना** | 1. The employee was **absent** in the office yesterday. 2. The member deliberately **absented** himself from the meeting. | 1. कर्मचारी कल कार्यालय में **अनुपस्थित** था। 2. सदस्य जानबूझ कर बैठक से **अनुपस्थित रहा**। |
| 41. | absent debtor | (n) - **फरार देनदार** | The bank has filed a case against the **absent debtor**. | बैंक ने **फरार देनदार** के खिलाफ मुकादमा दायर किया है । |
| 42. | absentee | (n) - अनुपस्थित | Disciplinary action will be taken against the regular **absentees**. | नियमित रूप से **अनुपस्थित** रहने वालों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी । |
| 43. | absenteeism | (n) - अनुपस्थिति* | Habitual **absenteeism** is an anti-establishment act. | आदतन **अनुपस्थिति** संस्था-विरोधी कार्य है। |
| 44. | absentee statement | (n) - अनुपस्थिति-विवरण | Please, send **absentee statement** soon. | कृपया **अनुपस्थिति-विवरण** शीघ्र भेजें। |
| 45. | absolute | (adj) - 1. पूर्ण 2. **स्पष्ट** 3. निरपेक्ष | 1. The Party has got the **absolute** majority. 2. This is the **absolute** proof of the employee's ignorance. | 1. पार्टी ने **पूर्ण** बहुमत प्राप्त कर लिया है। 2. यह कर्मचारी की अज्ञानता का **स्पष्ट** प्रमाण है। |
| 46. | absolute acceptance | (n) - पूर्ण स्वीकृति* | Certain financial instruments require **absolute acceptance**. | कुछ वित्तीय विलेखों में **पूर्ण स्वीकृति** अनिवार्य होती है। |
| 47. | absolute authority | (n) - **पूर्ण प्राधिकार, पूर्ण प्राधिकारी** | The Reserve Bank of India enjoys **absolute authority** in certain financial matters. | भारतीय रिजर्व बैंक को कतिपय वित्तीय मामलों में **पूर्ण प्राधिकार** प्राप्त है। |
| 48. | absolute contract | (n) - **निरपेक्ष संविदा** | An **absolute contract** for maintenance of office building may be awarded. | कार्यालय भवन के रख-रखाव के लिए **निरपेक्ष संविदा** दी जाए। |
| 49. | absolute conveyance | (n) - **पूर्ण हस्तांतरण** | **Absolute conveyance** is the safest method for transferring rights in property. | संपत्ति के स्वामित्व हस्तांतरण के लिए **पूर्ण हस्तांतरण** सबसे सुरक्षित पद्धति है। |
| 50. | absolute conviction | (n) - **पूर्ण विश्वास** | This statement shows **his absolute conviction** in the democracy. | यह कथन लोकतंत्र के प्रति उनके **पूर्ण विश्वास** को दर्शाता है। |
| 51. | absolute discretion | (n) - **पूर्ण विवेक** | The Government acted with **absolute discretion** to fight against insurgency. | सरकार ने उग्रवाद से निपटने के लिए **पूर्ण विवेक** से काम लिया। |
| 52. | absolute estate | (n) - **निर्बाध संपदा*** | **Absolute estate** is a better form of security. | **निर्बाध संपदा** एक अच्छी प्रतिभूति मानी जाती है। |

| S. No. | Words | Hindi Synonyms | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| 53. | absolute interest | (n) - **पूर्ण हित** | The merger of two companies will affect the **absolute interests** of the stakeholders. | दोनों कंपनियों के विलय से शेयरधारकों के **पूर्ण हित** प्रभावित होंगे। |
| 54. | absolute law | (n) - **परिपूर्ण विधि** | This is the **absolute law** in the field of property transaction. | संपत्ति के लेनदेन के मामले में यह **परिपूर्ण विधि** है। |
| 55. | absolute level | (n) - **कुल स्तर** | The **absolute level** of the profit is satisfactory. | लाभ का **कुल स्तर** संतोषजनक है। |
| 56. | absolute monopoly | (n) - पूर्ण एकाधिकार | Telecasting Right of Commonwealth Games is an **absolute monopoly** of Doordarshan. | राष्ट्रमंडल खेलों के प्रसारण पर दूरदर्शन का **पूर्ण एकाधिकार** है। |
| 57. | absolute ownership | (n) - पूर्ण स्वामित्व | The **absolute ownership** of this company is given to the government. | इस कम्पनी का **पूर्ण स्वामित्व** सरकार को दिया गया है। |
| 58. | absolute scarcity | (n) - **भारी कमी***, **अत्यधिक कमी*** | Nowadays, there is **absolute scarcity** of drinking water in the State. | इन दिनों राज्य में पेय जल की **भारी कमी** है। |
| 59. | absolute title | (n) - **पूर्ण हक** | The Power Company got the **absolute title** of the coalfield. | विद्युत कंपनी ने कोयला खदान का **पूर्ण हक** हासिल किया। |
| 60. | absolute value | (n) - **निरपेक्ष मूल्य** | The **absolute value** of the article has to be worked out as per fixed norms. | निर्धारित मानदंडों के आधार पर वस्तु के **निरपेक्ष मूल्य** का निर्धारण करना होगा। |
| 61. | absolve | (v) - **दोषमुक्त करना, बरी करना**, विमुक्त करना | The court **absolved** the officer of all the corruption charges brought against him. | न्यायालय ने अधिकारी को उसके विरुद्ध लगे सभी भ्रष्टाचार के आरोपों से **दोषमुक्त कर दिया।** |
| 62. | absorb | (v) - **शामिल करना** | The employees recruited on deputation were **absorbed** in regular service after completion of 3 years. | प्रतिनियुक्ति पर भर्ती किए गए कर्मचारियों को 3 वर्ष के बाद नियमित सेवा में **शामिल कर लिया गया**। |
| 63. | absorption | (n) - **शामिल, समावेशन** आमेलन, अवशोषण | 1. The **absorption** of the employees in regular service is under consideration. 2. The State Government has introduced a new Law prohibiting further **absorption** of immigrants. | 1. कर्मचारियों को नियमित सेवा में **शामिल** करने का मामला विचाराधीन है। 2. राज्य सरकार ने प्रवासियों के **समावेशन** को रोकने हेतु एक नया कानून लागू किया है। |
| 64. | abstain | (v) - **भाग नहीं लेना**, प्रविरत रहना | The members who **abstained** from voting | जिन सदस्यों ने मतदान में **भाग नहीं लिया**, उन्हें निलंबित कर देना |

| S. No. | Words | Hindi Synonyms | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | | should be suspended. | चाहिए। |
| 65. | abstract | (n) - सार | Please, prepare an **abstract** of your project. | कृपया अपनी परियोजना का **सार** तैयार करें। |
| 66. | abstract book | (n) - सार-पुस्तिका* | This is the **abstract book** of the financial rules. | यह वित्तीय नियमों की **सार-पुस्तिका** है। |
| 67. | abstract contingent bill | (n) - **संक्षिप्त आकस्मिक व्यय बिल**, संक्षिप्त आकस्मिक बिल | The Purchase Committee discussed the **Abstract Contingent Bill** and approved it. | क्रय समिति ने **संक्षिप्त आकस्मिक व्यय बिल** पर चर्चा की और उसका अनुमोदन किया। |
| 68. | abstract sheet | (n) - सार पत्रक | Some data in the **abstract sheet** are missing. | **सार पत्रक** में कुछ आंकड़ें गायब हैं। |
| 69. | abstract statement | (n) - सार विवरण | The **abstract statement** is enclosed. | **सार विवरण** संलग्न है। |
| 70. | abstractor | (n) - सारकर्ता | The news **abstractor** is on leave today. | समाचार **सारकर्ता** आज छुट्टी पर है। |
| 71. | absurd | (adj) - **निरर्थक**, अर्थहीन, बेतुका | Given the situation, the rescue proposal is **absurd**. | परिस्थिति को देखते हुए, यह बचाव प्रस्ताव **निरर्थक** है। |
| 72. | absurdity | (n) - **निरर्थकता***, अर्थहीनता*, बेतुकापन | At last, the employees realized the **absurdity** of their demands. | अंततः कर्मचारियों ने अपनी माँगों की **निरर्थकता** को समझा। |
| 73. | abundance | (n) - **बहुतायत**, प्रचुरता* | Here the production cost is low due to availability of the raw materials in **abundance** in the adjoining area. | आसपास के क्षेत्र में **बहुतायत** में कच्चे माल की उपलब्धता के कारण उत्पादन लागत यहां कम है। |
| 74. | abuse | (n) - 1. **दुर्व्यवहार** 2. दुरुपयोग | 1. The Manager of the factory **abused** his workers. 2. The officer has been arrested on charges of **abuse** of power. | 1. कारखाना के प्रबंधक ने कामगारों के साथ **दुर्व्यवहार** किया। 2. अधिकारी को शक्ति के **दुरुपयोग** के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। |
| 75. | abusive language | (n) - **गाली-गलौज**, गाली-गलौज(की भाषा) | The employee was suspended for using **abusive language** against his officer. | कर्मचारी को अपने अधिकारी के साथ **गाली-गलौज** करने पर निलम्बित कर दिया गया। |
| 76. | academic | (adj) - **शैक्षिक**, अकादमिक, शैक्षणिक, विद्या संबंधी, शास्त्रीय | The **academic** session has been started. | **शैक्षिक** सत्र शुरू हो चुका है। |

| **S. No.** | **Words** | **Hindi Synonyms** | **Usages in English** | **Usages in Hindi** |
|---|---|---|---|---|
| 77. | academic council | (n) - **अकादमिक परिषद**, विद्या परिषद | The **academic council** has finalized the syllabus. | **अकादमिक परिषद** ने पाठ्यक्रम को अंतिम रूप दे दिया है। |
| 78. | academic discussion | (n) - अकादमिक चर्चा | The professor has invited the students for an **academic discussion**. | प्रोफेसर ने छात्रों को **अकादमिक चर्चा** के लिए आमंत्रित किया है। |
| 79. | academy | (n) - अकादमी | This **academy** was established in the year 1970. | इस **अकादमी** की स्थापना वर्ष 1970 में की गई थी। |
| 80. | accede | (v) - 1. मान लेना 2. **शामिल होना** 3. (क्षेत्र का) अधिमिलन होना | 1. The member **acceded** to demands for his resignation. 2. Most of the Indian States **acceded** to the Indian Dominion. | 1. सदस्य ने अपने इस्तीफे की मांग **मान ली**। 2. अधिकांश भारतीय राज्य भारतीय डोमिनियन में **शामिल हुए** थे। |
| 81. | accept | (v) - स्वीकार करना, मानना | The officer **accepted** his responsibility. | अधिकारी ने अपना उत्तरदायित्व **स्वीकार किया**। |
| 82. | acceptability | (n) - स्वीकार्यता* | The **acceptability** of this proposal in the meeting is not so easy. | बैठक में इस प्रस्ताव की **स्वीकार्यता** इतनी सरल नहीं है। |
| 83. | acceptable | (adj) - स्वीकार्य | The Government has to find out an **acceptable** solution for all the communities. | सरकार को सभी समुदायों के लिए **स्वीकार्य** हल ढूंढना होगा। |
| 84. | acceptance | (n) - 1. स्वीकृति* 2. प्रतिग्रहण (विधि) | The **acceptance** has been received from the Chief Guest. | मुख्य अतिथि की **स्वीकृति** मिल गई है। |
| 85. | access | (n) - 1. पहुंच* 2. **प्रवेश** (v) - **प्रवेश करना** | 1. Ensuring universal **access** to the elementary education is the main motto of the "Sarva Shiksha Abhiyan". 2. The **access** to the Laboratory has been restricted for non-technical staff. 3. You have to login first to **access** your e-mail account. | 1. सर्व शिक्षा अभियान का मुख्य उद्देश्य प्रारंभिक शिक्षा तक सबकी **पहुंच** सुनिश्चित करना है। 2. गैर-तकनीकी स्टाफ का प्रयोगशाला में **प्रवेश** वर्जित किया गया है। 3. अपने ई-मेल खाते में **प्रवेश करने** के लिए पहले आपको लॉगइन करना होगा। |
| 86. | accessory | (n) - **सहायक साधन**, अनुषंगी, उपसाधन | The **accessories** of Computer like Printer etc. are to be purchased. | कंप्यूटर के **सहायक साधन** जैसे प्रिंटर आदि की खरीद की जानी है। |
| 87. | accident | (n) - 1. दुर्घटना*, **हादसा** 2. संयोग | The Department of Transport has initiated special drive to check road **accidents**. | परिवहन विभाग ने सड़क **हादसों** को रोकने के लिए विशेष अभियान शुरू किया है। |

| S. No. | Words | Hindi Synonyms | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| 88. | accidental | (adj) - 1. आकस्मिक 2. **प्रासंगिक** 3. सांयोगिक | 1. The Oil Companies made **accidental** profit due to falling of the price of crude oil in the international market. 2. There should be provision for **accidental** expenditure under the Head -'Office Expenses'. | 1. अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के मूल्य में गिरावट के कारण तेल कंपनियों को **आकस्मिक** लाभ हुआ। 2. 'कार्यालय व्यय' शीर्ष के अंतर्गत **प्रासंगिक** व्यय का प्रावधान किया जाना चाहिए। |
| 89. | accommodate | (v) - 1. **समायोजित करना** 2. **ठहराना** या स्थान देना 3. सामंजस्य बैठाना | 1. The excess expenses are **accommodated** under suspense account head. 2. The Guest Faculties may be **accommodated** with the Trainee Officers in the hostel. | 1. अतिरिक्त खर्चों को अस्थायी लेखा शीर्ष के अंतर्गत **समायोजित किया जाता है**। 2. अतिथि अध्यापक प्रशिक्षु अधिकारियों के साथ होस्टल में **ठहराए जाएं**। |
| 90. | accord | (n) - 1. समझौता (v) - 2. प्रदान करना, देना 3. **अनुरूप होना** | 1. Both the States signed a River Water **Accord** last July. 2. Our Constitution **accords** equal rights to its citizens. 3. The Economic Survey Results **accord** with the predictions of the Planning Commission. | 1. दोनों राज्यों ने पिछले जुलाई माह में नदी जल **समझौते** पर हस्ताक्षर किए। 2. हमारा संविधान सभी नागरिकों को समान अधिकार **प्रदान करता** है। 3. आर्थिक सर्वेक्षण के परिणाम, योजना आयोग के पूर्वानुमान के **अनुरूप हैं**। |
| 91. | account | (n) - 1. लेखा 2. खाता 3. हिसाब (v) - 4. **समझना, मानना** | 1. The Internal Audit examined all the expense **accounts**. 2. The Salary **Accounts** of the employees are maintained with State Bank of India. 3. The Assistant has been asked to provide the **account** of issued items. 4. In Indian Law, a person is **accounted** innocent until he is proved guilty. | 1. आंतरिक लेखा परीक्षा दल ने सारे व्यय **लेखा** की जांच की। 2. कर्मचारियों के वेतन **खाते** भारतीय स्टेट बैंक में हैं। 3. सहायक को जारी की गई सामग्री का **हिसाब** देने को कहा गया है। 4. भारतीय कानून में किसी व्यक्ति को तब तक निर्दोष **माना जाता है**, जब तक कि वह दोषी सिद्ध नहीं हो जाता है। |
| 92. | accountable | (adj) - 1. **उत्तरदायी**, जवाबदेह 2. देनदार | The Govt. employees are **accountable** to their organizations. | सरकारी कर्मचारी अपने-अपने संगठनों के प्रति **उत्तरदायी** हैं। |
| 93. | account for | (pv) - 1. कारण (बताना) 2. **हिसाब** | 1. The bad weather may have **accounted for** the crash of the MIG 21. 2. | 1. संभवतः खराब मौसम के कारण मिग 21 दुर्घटनाग्रस्त हुआ। |

| **S. No.** | **Words** | **Hindi Synonyms** | **Usages in English** | **Usages in Hindi** |
|---|---|---|---|---|
| | | **देना**, लेखा-जोखा देना | The members of the Expert Committee have to **account for** every penny they spend on foreign trips. | 2. विशेषज्ञ समिति के सदस्यों को विदेश यात्राओं पर खर्च किए गए एक-एक पैसा का **हिसाब देना** होगा। |
| 94. | accrue | (v) - 1.**प्राप्त होना** 2. **संचित होना**, **जमा होना** 3. प्रोद्भूत होना | 1. A large scale economic benefit **accrues** to our country from tourism. 2. An interest of Rs. Ten Thousand has been **accrued** from fixed deposit account. | 1. पर्यटन से हमारे देश को बड़ी मात्रा में राजस्व **प्राप्त होता है**। 2. मियादी जमा खाते में ब्याज के रूप में दस हजार रुपए **जमा हुए हैं**। |
| 95. | accumulate | (v) - **जमा होना**, **संचित होना** | 200 days earned leave have been **accumulated** in the leave account. | छुट्टी खाते में 200 दिन की अर्जित छुट्टी **जमा हुई है**। |
| 96. | accumulation | (n) - **जमा**, संचय, संचयन | **Accumulation** of toxic chemicals in air leads to pollution level high. | हवा में जहरीले रसायनों के **जमा** होने से प्रदूषण का स्तर बढ़ता है। |
| 97. | accurate | (adj) - 1.यथार्थ, सही, **सटीक** 2. परिशुद्ध | 1. The Investigation Team sought **accurate** information regarding this case. 2. The data had been found **accurate**. | 1. जांच दल ने इस मामले के बारे में **सही** जानकारी मांगी। 2. आंकड़ें **सटीक** पाए गए। |
| 98. | accuse | (v) - अभियोग लगाना | The Opposition Parties **accused** the Government of incompetence. | विपक्षी दलों ने सरकार पर अक्षमता का **अभियोग लगाया**। |
| 99. | achieve | (v) - प्राप्त करना, **हासिल करना** | The Government could not **achieve** the target of 8% GDP. | सरकार 8% सकल घरेलू उत्पाद का लक्ष्य **हासिल** नहीं कर सकी। |
| 10( | achievement | (n) - उपलब्धि* | The eradication of polio disease from the country is a great **achievement** for the Government. | देश से पोलियो रोग का उन्मूलन सरकार के लिए बड़ी **उपलब्धि** है। |
| 101 | acknowledge | (v) - 1.**प्राप्ति सूचना देना**, पावती देना, प्राप्ति स्वीकार करना 2. **स्वीकार करना**, अभिस्वीकार करना 3. **आभार व्यक्त करना**, **आभार मानना** | 1. Please, **acknowledge** receipt of this letter. 2. The Cabinet has **acknowledged** the need for reform. 3. The Government gratefully **acknowledges** financial support from the business communities for the flood relief fund. | 1. कृपया इस पत्र की **प्राप्ति सूचना** दें। 2. मंत्रिमंडल ने सुधार की जरूरत को **स्वीकार किया** है। 3. सरकार बाढ़ राहत कोष के लिए व्यापारी समुदायों द्वारा दी गई आर्थिक सहायता के लिए **आभार व्यक्त करती** है। |
| 102 | acquire | (v) - अर्जित | The company has **acquired** | कंपनी ने विमानन क्षेत्र में 50% |

| **S. No.** | **Words** | **Hindi Synonyms** | **Usages in English** | **Usages in Hindi** |
|---|---|---|---|---|
| | | करना, अर्जन करना | a 50% stake in aviation sector. | शेयर **अर्जित** किया है। |
| 103 | acquisition | (n) - अधिग्रहण, अर्जन | The DDA has amended its land **acquisition** plan for its housing projects. | डी.डी.ए. ने अपनी आवास परियोजनाओं के लिए अपनी भूमि **अधिग्रहण** योजना में संशोधन किया है। |
| 104 | acquit | (v) - दोषमुक्त करना | The court **acquitted** the policeman. | न्यायालय ने पुलिस कार्मिक को **दोषमुक्त** कर दिया। |
| 105 | acquittance | (n) - 1. भुगतान 2. **रसीद*** 3. भरपाई*, निस्तारण (विधि) | 1. **Acquittance** has been made by the borrower for outstanding loan. 2. The cashier has to produce an **acquittance** for the amount deposited in the bank. | 1. उधारकर्ता ने बकाया ऋण का **भुगतान** किया है। 2. कैशियर (कोषपाल) को बैंक में जमा की गई राशि के लिए **रसीद** प्रस्तुत करनी होगी। |
| 106 | act | (n) - 1. कार्य, कृत्य (v) - 2. **कार्य करना** | 1. The Mumbai Blast was a terrorist **act**. 2. The Government should **act** to stop the destruction of the rainforests. | 1. मुंबई बम धमाका आतंकवादी **कृत्य** था। 2. सरकार को वर्षा-वनों के विनाश को रोकने के लिए **कार्य करना** चाहिए। |
| 107 | Act | (n) - अधिनियम | The Official Language **Act**, 1963 was amended in the year 1967. | राजभाषा **अधिनियम**, 1963 वर्ष 1967 में संशोधित किया गया। |
| 108 | acting (as in "acting director") | (adj) - कार्यकारी | The senior most officers has been appointed as **Acting** Director of the institute. | वरिष्ठतम अधिकारी को संस्थान का **कार्यकारी** निदेशक नियुक्त किया गया है। |
| 109 | action | (n) - 1. कार्रवाई* 2. क्रिया, कार्य | 1. The Department of Health is considering to take legal **action** against the hospital concerned. 2. Each employee must take responsibility for their own **actions**. | 1. स्वास्थ्य विभाग संबंधित अस्पताल के विरुद्ध कानूनी **कार्रवाई** करने पर विचार कर रहा है। 2. प्रत्येक कर्मचारी को अपने **कार्यों** की जिम्मेदारी अवश्य लेनी चाहिए। |
| 110 | action plan | (n) - कार्य योजना* | The Government has announced an **action plan** to create one million new employments in rural areas. | सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों में 10 लाख नए रोजगार के सृजन के लिए **कार्य योजना** की घोषणा की है। |
| 111 | activate | (v) - सक्रिय करना | The fire alarm has been **activated** in the office building. | कार्यालय भवन में अग्नि-संकेत को **सक्रिय किया** गया है। |
| 112 | activity | (n) - गतिविधि*, **कार्यकलाप**, | The **activities** of this NGO are under investigation. | इस गैर-सरकारी संगठन के **कार्यकलापों** की जांच चल रही है। |

| S. No. | Words | Hindi Synonyms | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | क्रियाकलाप | | |
| 113 | actual | (adj) - वास्तविक | The **actual** cost of the project was higher than the Department expected. | परियोजना की **वास्तविक** लागत, विभाग की अपेक्षा से अधिक थी। |
| 114 | addition | (n) - 1.योग, जोड़ 2. परिवर्धन | 1. Some **additions** and deletions have been made in this para. 2. In course of **addition**, few changes have been made in this manual. | 1. इस पैरे में कुछ **जोड़ा** और घटाया गया है। 2. **परिवर्धन** के क्रम में, इस नियम-पुस्तक में कुछ परिवर्तन किए गए हैं। |
| 115 | additional | (adj) - 1. अतिरिक्त 2. (पदनाम में) अपर | 1. The Government has sanctioned an **additional** fund of Rs. 25 crore to expand this organization. 2. The proposal for creation of a new post of **Additional** Director in CTB is under consideration of the Department of Official Language. | 1. सरकार ने इस संगठन के विस्तार के लिए 25 करोड़ रूपए की **अतिरिक्त** निधि स्वीकृत की है। 2. सी.टी.बी. में **अपर** निदेशक के एक नए पद के सृजन का प्रस्ताव राजभाषा विभाग में विचाराधीन है। |
| 116 | address | (n) - 1. पता 2. अभिभाषण 3. संबोधन 4. मानपत्र (v) - 5. संबोधित करना | 1. **Address** should be written in bold letters. 2. The Presidential **Address** to the joint session of Parliament will be telecast on the National Channel of Doordarshan. 3. The Prime Minister will **address** the nation on the occasion of the Independence Day. | 1.**पता** सुस्पष्ट अक्षरों में लिखा जाना चाहिए। 2. संसद के संयुक्त सत्र के समक्ष राष्ट्रपति के **अभिभाषण** का सीधा प्रसारण दूरदर्शन के राष्ट्रीय चैनल पर किया जाएगा। 3. स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री राष्ट्र को **संबोधित** करेंगे। |
| 117 | adequate | (adj) - पर्याप्त | There was a lack of **adequate** security arrangement in the railway station. | रेलवे स्टेशन में **पर्याप्त** सुरक्षा व्यवस्था की कमी थी। |
| 118 | adhere to | (v) - 1. **कायम रहना**, पर दृढ़ रहना, पर जमे रहना 2. **पालन करना** | 1. Employees should **adhere to** the given targets. 2. The tourists are asked to strictly **adhere to** the given set of guidelines. | 1. कर्मचारियों को दिए गए लक्ष्य पर **कायम रहना** चाहिए। 2. पर्यटकों को कहा गया है कि वे निर्धारित दिशा-निर्देशों का कड़ाई से **पालन करें**। |
| 119 | adjourn | (v) - स्थगित करना | The meeting has been **adjourned** for two hours by the chairman. | अध्यक्ष ने बैठक दो घंटे के लिए **स्थगित** कर दी है। |
| 120 | adjudge | (v) - न्यायनिर्णीत | The company has been | न्यायपीठ ने **न्यायनिर्णय** दिया |

| **S. No.** | **Words** | **Hindi Synonyms** | **Usages in English** | **Usages in Hindi** |
|---|---|---|---|---|
| | | करना (विधि) | **adjudged** bankrupt by the Bench. | कि कंपनी दिवालिया हो गई है। |
| 121 | adjustment | (n) - समायोजन | The **adjustment** of overpayment has been made during the internal audit. | आंतरिक लेखापरीक्षा के दौरान अधिक भुगतान का **समायोजन** किया गया है। |
| 122 | administer | (v) - 1. प्रशासन करना 2. देना, दिलाना (शपथ आदि) 3. **प्रबंधन करना**, व्यवस्था करना | 1. The Nationalized Banks are a**dministered** by the Reserve Bank of India. 2. The Prime Minister was **administered** the oath of his post. 3. The pension funds of the Central Government are **administered** by the Nationalized Banks. | 1. भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा राष्ट्रीयकृत बैंकों को **प्रशासित** किया जाता है। 2. प्रधान मंत्री को उनके पद की शपथ **दिलायी** गयी। 3. केंद्र सरकार की पेंशन निधि का **प्रबंधन** राष्ट्रीयकृत बैंकों द्वारा किया जाता है। |
| 123 | administered price | (n) - **आरक्षित कीमत***, निर्देशित कीमत* | The committee found that the **administered price** is the main reason for loss. | समिति ने पाया कि **आरक्षित कीमत** घाटे का मुख्य कारण है। |
| 124 | administration | (n) - प्रशासन | The State **Administration** has failed to solve the problem of migration of agricultural labour. | राज्य **प्रशासन** खेतिहर मजदूरों के प्रवासन की समस्या का समाधान करने में विफल रहा है। |
| 125 | administrative | (adj) - प्रशासनिक, प्रशासन | This is an **administrative** decision. | यह एक **प्रशासनिक** निर्णय है। |
| 126 | admissible | (adj) - ग्राहय, स्वीकार्य | House Rent Allowance, Dearness Allowance and other allowances are **admissible** as per rules. | मकान किराया भत्ता, महंगाई भत्ता एवं अन्य भत्ते नियमानुसार **स्वीकार्य** हैं। |
| 127 | admit | (v) - 1. **प्रवेश देना**, प्रवेश करने देना, अंदर आने देना 2. स्वीकार करना, **मान लेना** 3. प्रविष्टि करना, दाखिल करना, दाखिला देना | 1. Only the members of the committee will be **admitted** to the meeting. 2. The employee has **admitted** all his mistakes. | 1. समिति के सदस्यों को ही बैठक में **प्रवेश दिया जाएगा**। 2. कर्मचारी ने अपनी सभी गलतियां **मान ली हैं**। |
| 128 | adopt | (v) - 1. अंगीकार करना, अपनाना 2. गोद लेना, **दत्तक लेना** | 1. We, the people of India have **adopted** the Democratic system. 2. The Government has **adopted** different approaches to the | 1. हम, भारतवासियों ने लोकतांत्रिक व्यवस्था को **अंगीकार** किया है। 2. सरकार ने इस समस्या के प्रति अलग-अलग |

| S. No. | Words | Hindi Synonyms | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | | problem at different times. 3. The NGO has **adopted** five villages under BHAGIDARI Scheme. 4. The employee has **adopted** a child. | समय में अलग-अलग दृष्टिकोण **अपनाया** है। 3. एन.जी.ओ. ने भागीदारी स्कीम के अंतर्गत पांच गांवों को **गोद लिया** है। 4. कर्मचारी ने एक शिशु को **दत्तक लिया** है। |
| 129 | adulteration | (n) - अपमिश्रण, मिलावट* | The Government has initiated stringent action against those involved in **adulteration** in food items. | सरकार ने खाद्य पदार्थों में **मिलावट** करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई शुरू की है। |
| 130 | advance | (n) - 1. अग्रिम, पेशगी* (adj) - 2. अग्रिम | 1. The employee has applied for festival **advance**. 2. The employee has applied for **advance** pay. | 1. कर्मचारी ने त्यौहार **अग्रिम** के लिए आवेदन किया है। 2. कर्मचारी ने **अग्रिम** वेतन के लिए आवेदन किया है। |
| 131 | advancement | (n) - उन्नति*, **तरक्की***| There is a lack of opportunity for **advancement** in career in the department. | विभाग में कैरियर में **तरक्की** के अवसर की कमी है। |
| 132 | advantage | (n) - 1. लाभ, फायदा, सुलाभ 2. **सुविधा*** 3. अनुकूल स्थिति* | 1. This plant has the added **advantage** of being cheaper to run. 2. The Government aims to improve opportunities for the less **advantaged** in society. | 1. इस संयंत्र का अतिरिक्त **लाभ** यह है कि इसका प्रचालन कम खर्चीला है। 2. सरकार का लक्ष्य समाज के कम **सुविधा** वाले तबकों के लिए अधिक अवसर उपलब्ध करना है। |
| 133 | adverse | (adj) - प्रतिकूल | Some **adverse** comments have been made by the officer against the system. | अधिकारी ने व्यवस्था के खिलाफ कुछ **प्रतिकूल** टिप्पणियां की हैं। |
| 134 | advertise | (v) - विज्ञापन देना, विज्ञापित करना | 1. The Staff Selection Commission has **advertised** the vacant posts of Assistants. 2. The Union Public Service Commission has **advertised** the vacant posts of Assistant Directors. | 1. कर्मचारी चयन आयोग ने सहायक के रिक्त पदों के लिए **विज्ञापन दिया** है। 2. संघ लोक सेवा आयोग ने सहायक निदेशक के रिक्त पदों को **विज्ञापित किया** है। |
| 135 | advertisement | (n) - विज्ञापन | In its **advertisement**, the department invited suggestions regarding this project. | विभाग ने **विज्ञापन** के जरिए इस परियोजना के बारे में सुझाव मांगा है। |
| 136 | advice | (n) - 1. **परामर्श**, सलाह* 2. सूचना*, | We were advised to seek legal **advice**. | हमें कानूनी **परामर्श** लेने की सलाह दी गई। |

| S. No. | Words | Hindi Synonyms | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | संज्ञापन | | |
| 137 | advise | (v) - सलाह देना | The tourists were **advised** to stay in hotels. | पर्यटकों को होटल में रहने की **सलाह दी** गई। |
| 138 | advocate | (n) - 1. **वकील**, अधिवक्ता, पक्ष-समर्थक (v) - 2. **वकालत करना** | 1. The **Advocate** has defended the PIL regarding conservation of forests. 2. The report **advocated** that all government buildings should be fitted with smoke detectors. | 1. **वकील** ने वन-संरक्षण से संबंधित जनहित याचिका का बचाव किया। 2. रिपोर्ट में सभी सरकारी भवनों में स्मोक डिटेक्टर लगाने की **वकालत की गई** है। |
| 139 | affairs | (n) - 1. कार्य 2. मामले | 1. The Department of Consumer **Affairs** has initiated special drive for consumer awareness. 2. The spokesperson has cleared the country's stand on international **affairs**. | 1. उपभोक्ता **कार्य** विभाग ने उपभोक्ता जागरूकता के लिए विशेष अभियान शुरू किया है। 2. प्रवक्ता ने अंतरराष्ट्रीय **मामलों** पर देश का रुख स्पष्ट किया है। |
| 140 | affect | (v) - प्रभाव डालना, प्रभावित करना | The north-east states of the country are the worst **affected** ones by the flood. | देश के पूर्वोत्तर राज्य बाढ़ से सबसे अधिक **प्रभावित** हैं। |
| 141 | affidavit | (n) - शपथ-पत्र | The Supreme Court has asked the Government to submit **affidavit** in the matter. | उच्चतम न्यायालय ने सरकार को इस मामले में **शपथ-पत्र** प्रस्तुत करने को कहा है। |
| 142 | affiliated | (adj) - **संबद्ध** | Central Hindi Institute is **affiliated** with Department of Higher Education. | केंद्रीय हिंदी संस्थान उच्चतर शिक्षा विभाग से **संबद्ध** है। |
| 143 | affirmative | (adj) - सकारात्मक | An **affirmative** action is awaited at your end. | आपकी ओर से **सकारात्मक** कार्रवाई की प्रतीक्षा है। |
| 144 | affix | (v) - लगाना | **Affix** your passport size photograph on the application form. | आवेदन-पत्र पर अपना पासपोर्ट आकार का फोटो लगाएं। |
| 145 | afford | (v) - **वहन कर सकना,** समर्थ होना, (खर्च) प्रदान करना, दे सकना | The report stated that the common people could **afford** the prevailing call rates. | रिपोर्ट में कहा गया है कि आम जनता वर्तमान कॉल दरें **वहन कर सकती** है। |
| 146 | affordable | (adj) - 1. **वहनीय** 2. **किफायती**, **सस्ता** | 1. The Government has launched an **affordable** housing scheme for the poor. 2. The MTNL has launched an **affordable** plan for its Telephone subscribers. | 1. सरकार ने गरीबों के लिए एक **वहनीय** आवास योजना शुरू की है। 2. एमटीएनएल ने अपने टेलीफोन उपभोक्ताओं के लिए एक **किफायती** प्लान की शुरुआत |

| S. No. | Words | Hindi Synonyms | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | | | की है। |
| 147 | affordable price | (n) - **कम कीमत*** | The Government has decided to make available food grains to the poor on **affordable price**. | सरकार गरीबों के लिए **कम कीमत** पर अनाज उपलब्ध करने का निर्णय लिया है। |
| 148 | age | (n) - **आयु***, **उम्र*** | The **age** for superannuation is 60 years. | अधिवर्षिता के लिए **उम्र** 60 वर्ष है। |
| 149 | age limit | (n) - **आयुसीमा*** | The maximum **age limit** for this post is 30 years. | इस पद के लिए अधितकम **आयुसीमा** 30 वर्ष है। |
| 150 | agency | (n) - **एजेंसी*** | The Government **Agencies** come under RTI Act. | सरकारी **एजेंसियां** सूचना का अधिकार अधिनियम के दायरे में आती हैं। |
| 151 | agenda | (n) - **कार्यसूची** * | The **agenda** of the meeting has been distributed. | बैठक की **कार्यसूची** वितरित कर दी गई है। |
| 152 | aggrieved | (adj) - **पीड़ित** | The **aggrieved** employee has lodged a complaint. | **पीड़ित** कर्मचारी ने शिकायत दर्ज कराई है। |
| 153 | agitation | (n) - **आंदोलन** | Recently, a widespread public **agitation** took place in Egypt in order to achieve political reform. | हाल ही में, मिस्र में राजनैतिक सुधार के लिए व्यापक जन **आंदोलन** हुआ। |
| 154 | agree | (v) - **सहमत होना, राजी होना** | The Government has **agreed** to constitute the Seventh Pay Commission. | सरकार सातवें वेतन आयोग के गठन के लिए **सहमत हो गई है**। |
| 155 | agreement | (n) - 1. **समझौता** 2. **सहमति*** | 1. An International Peace **Agreement** was signed during a meeting at the UNO. 2. An **agreement** was finally reached between the management and the employees. | 1. संयुक्त राष्ट्र संघ में एक बैठक के दौरान अंतरराष्ट्रीय शांति **समझौते** पर हस्ताक्षर किए गए। 2. अंततः, प्रबंधन और कर्मचारियों के बीच **सहमति** बनी। |
| 156 | aid | (n) - सहायता*, मदद* | The Government provides financial **aid** to the poor students. | सरकार गरीब छात्रों को वित्तीय **सहायता** देती है। |
| 157 | alarming situation | (n) - चिंताजनक स्थिति*, खतरे की स्थिति* | The population explosion in our country is indicating an **alarming situation** in near future. | देश में बढ़ती जनसंख्या निकट भविष्य में आनेवाली **चिंताजनक स्थिति** का संकेत कर रही है। |
| 158 | alert | (v) - 1. **सजग करना**, **सतर्क करना** 2. **सजग रहना**, **सतर्क रहना** | 1. The Government Agencies have been **alerted** to the possibility of further price rises. 2. Police are warning the public to be on the **alert** for | 1. सरकारी एजेंसियों को और अधिक मूल्य वृद्धि की संभावना के प्रति **सतर्क किया गया** है। 2. पुलिस लोगों को संदिग्ध वस्तुओं |

| S. No. | Words | Hindi Synonyms | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | | suspicious objects. | के प्रति **सतर्क रहने** की चेतावनी दे रही है। |
| 159 | alias | (n) - 1. उपनाम<br>(adv) - 2. उर्फ | 1. The spy has checked into the hotel under an **alias**. 2. Mr. X, **alias** Mr. Y, the notorious criminal has been arrested. | 1. गुप्तचर होटल में **उपनाम** से ठहरा है। 2. कुख्यात अपराधी 'एक्स', **उर्फ** 'वाई' गिरफ्तार कर लिया गया है। |
| 160 | alibi | (n) - **अन्यत्र होने का साक्ष्य** | The suspect had **alibi** for the day of the crime. | संदिग्ध के पास अपराध के दिन **अन्यत्र होने का साक्ष्य** था। |
| 161 | alien | (n) - अन्यदेशीय, विदेशी | The illegal **aliens** are being deported to their countries. | गैर-कानूनी रूप से रहने वाले **विदेशियों** को उनके देश वापस भेजा जा रहा है। |
| 162 | alignment | (n) - 1. गठबंधन 2. संरेखण, सीध | Pakistan's strategic **alignment** with China is cause of concern for us. | पाकिस्तान का चीन के साथ रणनीतिक **गठबंधन** हमारे लिए चिंता का विषय है। |
| 163 | allegation | (n) - **आरोप**, अभिकथन (विधि) | Several newspapers made **allegations** of corruption in the police department. | कई समाचार पत्रों ने पुलिस विभाग में भ्रष्टाचार के **आरोप** लगाए। |
| 164 | allegiance | (n) - निष्ठा* | The member has taken the oath of **allegiance**. | सदस्य ने **निष्ठा** की शपथ ली है। |
| 165 | alleviation | (n) - 1. **कमी*** 2. उन्मूलन<br>3. उपशमन 4. न्यूनीकरण | 1. A number of measures have been taken by the Government for **alleviation** of the poverty. 2. The Government is striving for **alleviation** of the unemployment. | 1. सरकार बेरोजगारी में **कमी** लाने के लिए भरसक प्रयास कर रही है। 2. सरकार ने गरीबी **उन्मूलन** के लिए अनेक उपाय किए हैं। |
| 166 | alliance | (n) - मैत्री*, **गठबंधन** | China is now in **alliance** with Pakistan. | आजकल चीन की पाकिस्तान के साथ **मैत्री** है। |
| 167 | allocation | (n) - 1. नियतन<br>2. **आबंटन** | 1. The proposal for budget **allocation** is being considered by the Ministry. 2. **Allocation** of fund has been made for this project. | 1. मंत्रालय बजट **नियतन** के प्रस्ताव पर विचार कर रहा है। 2. इस परियोजना के लिए निधि का **आबंटन** कर दिया गया है। |
| 168 | allotment | (n) - आबंटन | Applications are invited from the employees for **allotment** of government accommodations. | सरकारी आवासों के **आबंटन** के लिए कर्मचारियों से आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते हैं। |
| 169 | allow | (v) - अनुमति देना, इजाजत देना | Private vehicles are not **allowed** for security reasons. | सुरक्षा कारणों से निजी वाहनों को लाने की **अनुमति** नहीं है। |
| 170 | allowance | (n) - 1. भत्ता 2. | In different cities, different | अलग-अलग शहरों में मकान |

| S. No. | Words | Hindi Synonyms | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | छूट* | rates of House Rent **Allowance** are in force. | किराया **भत्ते** की अलग-अलग दरें लागू हैं। |
| 171 | alteration | (n) - **बदलाव**, परिवर्तन | Minor **alterations** are allowed in Government accommodations with prior permission. | पूर्व अनुमति लेकर सरकारी आवासों में छोटे-मोटे **बदलाव** किए जा सकते हैं। |
| 172 | alternative | (n) - 1. विकल्प (adj) - 2. वैकल्पिक | 1. The Government had no **alternative** but to free the demonstrators. 2. The Government has to find an **alternative** solution. | 1. सरकार के पास प्रदर्शनकारियों को छोड़ने के अलावा कोई **विकल्प** नहीं था। 2. सरकार को **वैकल्पिक** समाधान खोजना होगा। |
| 173 | amalgamate | (v) - **मिलाना**, समामेलित करना | This information will be **amalgamated** with the information obtained earlier to prepare the report. | रिपोर्ट तैयार करने के लिए इस सूचना को पहले प्राप्त सूचना के साथ **मिलाया** जाएगा। |
| 174 | ambiguous | (adj) - 1. **अस्पष्ट** 2. **संदिग्ध**, संदिग्धार्थ 3. द्वि-अर्थक | 1. The statement of the spokesperson is **ambiguous**. 2. The role of the Manager has always been **ambiguous**. | 1. प्रवक्ता का वक्तव्य **अस्पष्ट** है। 2. प्रबंधक की भूमिका हमेशा **संदिग्ध** रही है। |
| 175 | amendment | (n) - संशोधन | Parliament passed the finance bill without any **amendment**. | संसद ने बिना किसी **संशोधन** के वित्त विधेयक पारित कर दिया। |
| 176 | amenity | (n) - **सुविधा***, सुख-सुविधा* | There is lack of basic **amenities** in the sports complex. | खेल परिसर में मूलभूत **सुविधाओं** की कमी है। |
| 177 | amount | (n) - 1. राशि*, रकम* 2. मात्रा* 3. मिश्रधन | 1. The insurance company will refund any **amount** due to the policy holder. 2. The server is designed to store huge **amounts** of data. | 1. बीमा कंपनी पॉलिसी धारक को देय **राशि** लौटाएगी। 2. सर्वर को भारी **मात्रा** में डाटा स्टोर करने के लिए डिजाइन किया गया है। |
| 178 | analogous | (adj) - **समान**, सदृश, अनुरूप | This pay scale is applicable also to the **analogous** posts. | यह वेतनमान **समान** पदों पर भी लागू है। |
| 179 | analysis | (n) - विश्लेषण | The statistical **analysis** of the report reveals the poverty and its causes. | इस रिपोर्ट के सांख्यिकीय **विश्लेषण** से गरीबी और उसके कारणों का पता चलता है। |
| 180 | ancillary | (adj)- **सहायक**, आनुषंगिक, अनुषंगी | Many **ancillary** industries have been established with the steel plant. | इस्पात संयंत्र के साथ कई **सहायक** उद्योग स्थापित किए गए हैं। |
| 181 | annexure | (n) - संलग्नक | Details have been given at | विवरण **संलग्नक** - । में दिए गए |

| S. No. | Words | Hindi Synonyms | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | | **annexure**-I. | हैं। |
| 182 | announcement | (n) - 1. **घोषणा***, उद्घोषणा*, एलान 2. आख्यापन | The Government has made an **announcement** to hike Dearness Allowance for its employees. | सरकार ने अपने कर्मचारियों के लिए महंगाई भत्ता बढ़ाने की **घोषणा** की है। |
| 183 | anomaly | (n) - **विसंगति***, विषमता*, असंगति* | The pay **anomaly** yet not has been resolved. | अब तक वेतन **विसंगति** का समाधान नहीं किया गया है। |
| 184 | anonymous complaint | (n) - गुमनाम शिकायत* | An **anonymous complaint** has been received by the vigilance officer. | सतर्कता अधिकारी को एक **गुमनाम शिकायत** मिली है। |
| 185 | answerable | (adj) - **उत्तरदायी**, जवाबदेह | Public Servants should be **answerable** for their decisions. | लोक सेवकों को अपने निर्णयों के लिए **उत्तरदायी** होना चाहिए। |
| 186 | antecedents | (n) - **पूर्व-आचरण**, पूर्ववृत्त | The **antecedents** of the applicant have been examined. | आवेदक के **पूर्व-आचरण** की जांच की गई है। |
| 187 | antedated cheque | (n) - पूर्व-दिनांकित चैक | The **antedated cheque** was accepted by the bank. | बैंक ने **पूर्व-दिनांकित चैक** स्वीकार किया। |
| 188 | anticipatory | (adj) -1.प्रत्याशित, पूर्वानुमानित 2. अग्रिम | 1. The **anticipatory** pension of the officer should be approximately Rs. Thirty thousand per month. 2. The suspect has applied for anticipatory bail. | 1. अधिकारी की **प्रत्याशित** पेंशन लगभग तीस हजार रूपए प्रतिमाह होगी। 2. संदिग्ध ने **अग्रिम** जमानत के लिए आवेदन किया है। |
| 189 | anti-corruption | (adj) - **भ्रष्टाचार-निरोधी**, भ्रष्टाचार-निरोधक | Central Bureau of Investigation has launched an **anti-corruption** drive. | केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो ने **भ्रष्टाचार-निरोधी** अभियान शुरू किया है। |
| 190 | apex | (n) - शीर्ष, शिखर | Central Translation Bureau is the **apex** body of Government of India in the field of Administrative Translation & Training in Translation. | केंद्रीय अनुवाद ब्यूरो प्रशासनिक अनुवाद और अनुवाद प्रशिक्षण के क्षेत्र में भारत सरकार की **शीर्ष** संस्था है। |
| 191 | apology | (n) - क्षमायाचना* | The member has tendered his **apology** for his late coming to the meeting. | सदस्य ने बैठक में देर से आने के लिए **क्षमायाचना** की है। |
| 192 | appeal | (n) - 1. अपील* (v) - 2. अपील करना | 1. The people donated generously for flood relief fund in response to Prime Minister's **appeal.** 2. Police have **appealed** for | 1. जनता ने प्रधानमंत्री की **अपील** पर बाढ़ राहत कोष में उदारतापूर्वक दान दिया। 2. पुलिस ने दुर्घटना के गवाहों से आगे |

| S. No. | Words | Hindi Synonyms | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | | witnesses of the accident to come forward. | आने की **अपील** की। |
| 193 | appearance | (n) - 1. हाजिरी*, उपस्थिति* 2. उपसंजाति 3. रुप | His **appearanc**e before the Sessions Judge removed all the apprehensions. | सत्र न्यायाधीश के समक्ष उसकी **उपस्थिति** से सारी शंकाएं दूर हो गयीं। |
| 194 | appeasement | (n) - तुष्टीकरण | The move was widely seen as an attempt of **appeasement.** | इस कदम को व्यापक रूप से **तुष्टीकरण** की एक कोशिश के रूप में देखा गया। |
| 195 | appendix | (n) - परिशिष्ट | Full details are given in **Appendix** 3. | पूर्ण विवरण **परिशिष्ट** 3 में दिया गया है। |
| 196 | apply | (v) - 1. आवेदन करना, अर्जी देना 2. **प्रयोग करना** 3. **लागू करना**, लागू होना | 1. The official has **applied** for transfer. 2. The new technology was **applied** to farming. 3. These rules do not **apply** to every employee. | 1. कर्मचारी ने स्थानांतरण के लिए **आवेदन** किया है। 2. खेती के लिए नई प्रौद्योगिकी का **प्रयोग किया गया**। 3. ये नियम हर कर्मचारी पर **लागू** नहीं होते। |
| 365 | current session | (n) - 1. **वर्तमान सत्र,** चालू सत्र 2. | 1. Food Security bill was passed in the **current session** of the parliament. 2. There was much | 1. खाद्य सुरक्षा बिल संसद के **वर्तमान सत्र** में पारित किया गया। 2. इस बार संसद के **चालू** |

| S. No. | Words | Hindi Synonyms | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | चालू अधिवेशन | disturbance in the **current session** of the parliament. | **अधिवेशन** में काफी हंगामा हुआ। |
| 366 | curtail | (v) - 1. **संक्षिप्त करना** 2. सीमित करना 3. कम करना | 1. The draft speech was **curtailed** due to lack of time. 2. The new law will **curtail** powers of the police. 3. The budget was **curtailed** due to shortage of funds. | 1. समय की कमी के कारण भाषण को **संक्षिप्त** करना पड़ा। 2. नए कानून से पुलिस की शक्तियाँ **सीमित** हो जाएंगी। 3. धन की कमी के कारण बजट को **कम करना** पड़ा। |
| 367 | custody | (n) - 1. अभिरक्षा*, 2. हिरासत* | 1. Managers are responsible for the safe custody of records. 2. The drunken driver was in police **custody** for a day. | 1. रिकार्डों की सुरक्षित **अभिरक्षा** करने की जिम्मेदारी प्रबंधकों की है। 2. शराब पीकर गाड़ी चलाने वाला ड्राईवर एक दिन तक **हिरासत** में रहा। |
| 368 | custom(s) | (n) - सीमा-शुल्क | The passengers were asked to pay the **custom** duty. | यात्रियों को **सीमा-शुल्क** देने को कहा गया। |
| 369 | customary | (adj) – **प्रचलित,** रूढ़िगत, प्रथागत, | The officer was not ready to go beyond the **customary** practice. | अधिकारी **प्रचलित** कार्यप्रणाली को छोड़ने को तैयार नहीं था। |
| 370 | customer | (n) - ग्राहक, गाहक | At present there is a decrease in the number of **customers** for luxury cars. | आजकल बड़ी गाड़ियों के लिए **ग्राहकों** की संख्या में कमी आई है। |
| 371 | customer-friendly | (n) - ग्राहक-हितैषी | **Customer friendly** companies are always liked by all. | **ग्राहक-हितैषी** कम्पनियों को सभी पसंद करते हैं। |
| 372 | cut motion | (n) - कटौती-प्रस्ताव | **Cut motion** could not be passed in yesterday's meeting. | कल की बैठक में **कटौती प्रस्ताव** पारित नहीं हो सका । |
| 373 | cut off marks | (n) - **न्यूनतम अंक,** विच्छेदक अंक | The **cut off marks** for Economics were high this year as compared to last year. | इस वर्ष अर्थशास्त्र के लिए **न्यूनतम अंक** पिछले वर्ष की तुलना में काफी अधिक रहा। |
| 374 | cut off date | (n) - **अंतिम तारीख*, निर्णायक तारीख*,** विच्छेदक तिथि*, निर्दिष्ट तारीख* | 1. The **cut off date** for ascertaining the qualification would be the last date of submission of the application. 2. The **cut off date** for submission of tenders is already over. | 1. आवेदन को जमा करने करने की अंतिम तारीख ही अर्हता के निर्धारण की **निर्णायक तारीख** होगी। 2. निविदाओं को प्रस्तुत करने की **अंतिम तारीख** पहले ही समाप्त हो चुकी है। |

# D

| **Sl. No.** | **Words** | **Meaning** | **Usages in English** | **Usages in Hindi** |
|---|---|---|---|---|
| 1. | daily | (n) - 1. **दैनिक समाचार पत्र** (adj) - 2. दैनिक (adv) - 3. **प्रतिदिन** | 1. The incident was in all the dailies. 2. The average **daily** turnover of the company is about Rs. 50 lac. 3. The Information Centre is open **daily** 8.30 a.m. to 4.30 p.m. | 1. सभी **दैनिक समाचार पत्रों** में इस घटना का जिक्र था। 2. कंपनी की औसत दैनिक कुल बिक्री लगभग 50 लाख रूपए है। 3. सूचना केंद्र **प्रतिदिन** सुबह 8.30 से सायं 4:30 तक खुला रहता है। |
| 2. | daily allowance | (n) - दैनिक भत्ता | The rate of **Daily Allowance** has been increased by 25%. | **दैनिक भत्ते** की दर 25% बढ़ाई गई है । |
| 3. | daily diary | (n) - **दैनिक डायरी***, दैनिकी*, दैनंदिनी* | **Daily Diary** contains all entries. | सारी प्रविष्टियाँ **दैनिक डायरी** में उपलब्ध हैं। |
| 4. | daily report | (n) - दैनिक रिपोर्ट* | The **daily reports** are being sent regularly. | **दैनिक रिपोर्ट** नियमित रूप से भेजी जा रही हैं। |
| 5. | daily wages | (n) - दैनिक मजदूरी*, दिहाड़ी* | The rates of **daily wages** for skilled labourers and unskilled labourers have been revised. | कुशल मजदूरों और अकुशल मजदूरों के लिए **दैनिक मजदूरी** की दरें संशोधित की गई हैं। |
| 6. | dak book | (n) - **डाक बही***, डाक पुस्तक* | The proper maintenance of **Dak Book** may be ensured. | **डाक बही** का उचित रखरखाव सुनिश्चित किया जाए। |
| 7. | damage | (n) - 1. क्षति*, हानि*, नुकसान (v) - 2. **क्षति पहुंचना/पहुंचाना, हानि पहुंचना/पहुंचाना, नुकसान पहुंचना/पहुंचाना** | 1. The devaluation of Rupee could cause serious **damage** to the country's economy. 2. The fire badly **damaged** the town hall. | 1. रुपए का अवमूल्यन देश की अर्थव्यवस्था के लिए अत्यधिक **नुकसान** का कारण बन सकता है। 2. आग से टाउन हॉल को अत्यधिक **क्षति पहुंची**। |
| 8. | data | (n) - 1. आंकड़े, डाटा 2. आधार सामग्री* | These **data** show that most accidents caused due to drunk driving. | इन **आंकड़ों** से पता चलता है कि अधिकांश सड़क दुर्घटनाएं नशे में गाड़ी चलाने के कारण हुई हैं। |
| 9. | data analysis | (n) - 1. **डाटा विश्लेषण,** आंकड़ा विश्लेषण 2. आधार | The first phase of **data analysis** has been completed. | **डाटा विश्लेषण** का पहला चरण पूरा हो चुका है। |

| Sl. No. | Words | Meaning | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | सामग्री विश्लेषण | | |
| 10. | data bank | (n) - **डाटा बैंक**, आंकड़ा बैंक | The department is considering to set up a **data bank** of the beneficiaries. | विभाग लाभार्थियों का **डाटा बैंक** स्थापित करने पर विचार कर रहा है। |
| 11. | data base | (n) - **आधारभूत डाटा, आधारभूत आंकड़े,** आंकड़ा संचय | A **database** for all depositors is being created at the branch. | शाखा में सभी जमाकर्ताओं के बारे में **आधारभूत डाटा** तैयार किया है। |
| 12. | data collection | (n) - 1. **डाटा संग्रहण**, आंकड़ा संग्रहण 2. आधार सामग्री संग्रहण | **Data collection** may be completed in the given time- frame. | **डाटा संग्रहण** निश्चित समय-सीमा में पूरा कर लिया जाए। |
| 13. | data entry | (n) - **डाटा प्रविष्टि*** | The work of **data entry** has been outsourced. | **डाटा प्रविष्टि** का काम बाहरी स्रोत से कराया गया है। |
| 14. | data feeding | (n) - **डाटा भरना**, आंकड़ा भरण | Utmost care should be taken during **data feeding**. | **डाटा भरने** के दौरान अत्यंत सावधानी बरती जानी चाहिए। |
| 15. | data processing | (n) - **डाटा संसाधन,** आंकड़ा संसाधन | Nowadays, Super-Computers are used for expeditious **data processing.** | आजकल, तेज गति से **डाटा संसाधन** के लिए सुपर कंप्यूटरों का उपयोग किया जाता है। |
| 16. | date | (n)/(v) - दिनांक, तिथि*, तारीख़* | We need to fix a **date** for the next meeting. | अगली बैठक के लिए हमें तारीख तय करने की जरूरत है। |
| 17. | date of arrival | (n) - आगमन तिथि*, आने की तारीख* | Please mention **date of arrival** in the T.A. Bill. | कृपया यात्रा भत्ता बिल में **आगमन तिथि** का उल्लेख करें। |
| 18. | date of birth | (n) - जन्म-तिथि*, जन्म की तारीख* | **Date of birth** should be mentioned both in words and figures. | **जन्म-तिथि** का उल्लेख शब्दों और अंकों - दोनों में किया जाना चाहिए। |
| 19. | date of departure | (n) - प्रस्थान तिथि*, जाने की तारीख* | The **date of departure** of the Secretary may be conveyed at the earliest. | सचिव के **प्रस्थान की तिथि** यथाशीघ्र सूचित करें। |
| 20. | date of discharge | (n) - कार्यमुक्ति तारीख* | The **date of discharge** has been intimated to his parent office. | **कार्यमुक्ति तारीख** के बारे में उसके मूल कार्यालय को सूचित कर दिया गया है। |
| 21. | date of maturity | (n) - परिपक्वता की तारीख*, पूर्णता | The final payment would be made after the **date of maturity** | बीमा पॉलिसी की **परिपक्वता की तारीख** के बाद अंतिम भुगतान |

| **Sl. No.** | **Words** | **Meaning** | **Usages in English** | **Usages in Hindi** |
|---|---|---|---|---|
| | | तारीख* | of the insurance policy. | किया जाएगा। |
| 22. | date of receipt | (n) - प्राप्ति तिथि*, प्राप्ति की तारीख* | The **date of receipt** of the letter may be mentioned. | पत्र की **प्राप्ति तिथि** का उल्लेख करें। |
| 23. | date stamp | (n) - तारीख मोहर* | Please put **date stamp** on this document. | कृपया इस दस्तावेज पर **तारीख मोहर** लगाएं। |
| 24. | day Scholar | (n) - अनावासी छात्र | **Day scholars** also may participate in this competition. | **अनावासी छात्र** भी इस प्रतियोगिता में भाग ले सकते हैं। |
| 25. | day shift | (n) - दिन की पारी* | The **day shift** will be of 8 working hours excluding lunch break of half an hour. | **दिन की पारी** में 8 घंटे काम करना होगा जिसमें मध्याह्न भोजन का आधा घंटा शामिल नहीं है। |
| 26. | day-to-day work | (n) - **दैनिक कार्य**, दैनंदिन कार्य, रोजमर्रा का काम | The Government employees should be vigil in their **day-to-day** work. | सरकारी कर्मचारियों को अपने **दैनिक कार्य** में सतर्कता बरतनी चाहिए। |
| 27. | dead account | (n) - निष्क्रिय खाता | The **dead account** should be made operational before any kind of transaction. | किसी भी तरह के लेन - देन से पहले **निष्क्रिय खाते** को चालू करवा लेना चाहिए। |
| 28. | dead line | (n) - **निर्धारित समय-सीमा***, समय सीमा* | The **dead line** for completion of the project has to be observed. | परियोजना **निर्धारित समय-सीमा** में पूरी करनी होगी। |
| 29. | dead lock | (n) - गतिरोध | There has been a **dead lock** in dialogue between the management and the labour union. | प्रबंधन और श्रमिक संघ के बीच बातचीत में **गतिरोध** बना हुआ है। |
| 30. | dead stock register | (n) - जड़ स्टॉक रजिस्टर | Each office should have a **dead stock register**. | प्रत्येक कार्यालय में **जड़ स्टॉक रजिस्टर** होना चाहिए। |
| 31. | dead weight | (n) - कुल भार, **कुल वजन** | The **dead weight** of the container is about 20 ton. | कंटेनर का **कुल वजन** लगभग 20 टन है। |
| 32. | deal | (n) - 1. सौदा 2. **समझौता** 3. **व्यवस्था*** 4. **मात्रा*** (v) - 5. **बांटना** 6. **व्यापार करना** | 1.The two sides tried but failed to come to a **deal**. 2.Twelve soldiers were released after a **deal** between the army | 1. दोनों पक्षों ने कोशिश की किंतु **सौदा** तय करने में असफल रहे। 2. सेना और गुरिल्लाओं के बीच **समझौते** के बाद बारह सैनिकों को रिहा कर दिया गया। |

| Sl. No. | Words | Meaning | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | 7. **कार्रवाई करना** 8. व्यवहार करना 9. **निपटाना** | and the guerillas. 3.The prime minister promised farmers a new **deal**. 4. The job took a great **deal** of time and efforts. 5 The profits were **dealt** out among the investors. 6. The company **deals** in computer software. 7. The office should **deal** properly and fairly with any complaint. 8. The use of force is not a suitable option to **deal** with this crisis. | 3. प्रधानमंत्री ने किसानों से एक नई **व्यवस्था** का वादा किया। 4. इस कार्य में अत्यधिक **मात्रा** में समय और प्रयास लगा। 5. निवेशकों के बीच मुनाफा **बांट दिया गया**। 6. कंपनी कंप्यूटर सॉफ्टवेयर का **व्यापार करती** है। 7. कार्यालय को किसी भी शिकायत पर उचित और निष्पक्ष **कार्रवाई करनी** चाहिए। 8. इस संकट से **निपटने** के लिए बल प्रयोग कोई उपयुक्त विकल्प नहीं है। |
| 33. | dealing assistant | (n) - संबंधित सहायक | The **dealing assistant** has prepared the note. | यह नोट **संबंधित सहायक** ने तैयार किया है। |
| 34. | dealing hand | (n) - संबंधित कर्मचारी | The **dealing hand** is on leave. | **संबंधित कर्मचारी** छुट्टी पर है। |
| 35. | dearness allowance | (n) - महंगाई भत्ता | The Government has announced a hike in **Dearness Allowance** for its employees. | सरकार ने अपने कर्मचारियों के लिए **महंगाई भत्ते** में वृद्धि की घोषणा की है। |
| 36. | dearness relief | (n) - महंगाई राहत* | An allowance of 10% would be given as **dearness relief**. | **महँगाई राहत** के रूप में 10 प्रतिशत भत्ता दिया जाएगा। |
| 37. | death benefit | (n) - मृत्यु हितलाभ | In government service, **death benefit** is a major protection cover to the family of deceased. | सरकारी सेवा में मृतक के परिवार को देय **मृत्यु हितलाभ** बड़ा सुरक्षा कवच होता है। |
| 38. | death cum retirement gratuity | (n) - **मृत्यु-सह-सेवा-निवृत्ति उपदान**, मृत्यु-सह-निवृत्ति उपदान | The maximum limit of **death- cum-retirement-gratuity** has been raised for the Government employees. | सरकारी कर्मचारियों के लिए **मृत्यु-सह-सेवा-निवृत्ति उपदान** की अधिकतम सीमा बढ़ा दी गई है। |
| 39. | death in service | सेवा के दौरान मृत्यु | In the office, two incidents of **death in service** have been | कार्यालय में इस साल, **सेवा के दौरान मृत्यु** की दो घटनाओं की |

| Sl. No. | Words | Meaning | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | | reported in this year. | रिपोर्ट मिली है। |
| 40. | debar | (v) - रोकना, विवर्जित करना (विधि) | Some employees were **debarred** from promotion. | कुछ कर्मचारियों की पदोन्नति को **रोका गया**। |
| 41. | debarment | (n) - रोक*, विवर्जन | The period of **debarment** would be one year. | **रोक** की अवधि एक वर्ष की होगी। |
| 42. | debate | (n) - **बहस***, वाद-विवाद | There has been a **debate** on the Food Security Bill during the meeting. | बैठक के दौरान खाद्य सुरक्षा बिल पर **बहस** हुई है। |
| 43. | debenture | (n) - डिबेंचर, **ऋण-पत्र** | The company is going to issue **debentures** for its housing project. | कंपनी अपनी आवास परियोजना के लिए **ऋण-पत्र** जारी करने जा रही है। |
| 44. | debenture holder | (n) - डिबेंचरधारक | Payment of interest is made to the **debenture holder**. | **डिबेंचरधारक** को ब्याज का भुगतान किया जाता है। |
| 45. | debit | (n) - 1. नामे, **डेबिट** (v) - 2. नामे डालना, **डेबिट करना** | 1. In the balance sheet, the total of **debits** must balance with the total of credits. 2. The sum of Rs. Five thousand has been **debited** from the account. | 1. तुलन पत्र में कुल **डेबिट** और कुल कुल क्रेडिट का बराबर होना चाहिए। 2. पांच हजार रुपए की राशि खाते में **नामे डाली गई** है। |
| 46. | debit advice | (n) - **नामे सूचना***, **डेबिट सूचना***, नामे संज्ञापन | The customer has already received the **debit advice**. | ग्राहक को पहले ही **डेबिट सूचना** मिल गई है। |
| 47. | debit balance | (n) - नामे शेष, **डेबिट शेष** | The **debit balance** available in this savings account is Rs. Ten thousand only. | इस बचत खाते में उपलब्ध **डेबिट शेष** दस हजार रुपए है। |
| 48. | debt | (n) - ऋण | Banks should grant more **debt** to the farmers. | बैंकों को चाहिए कि वे किसानों को अधिक **ऋण** दें। |
| 49. | debtor | (n) - देनदार, ऋणी | The **debtors** have to pay more towards interest. | **देनदारों** को अधिक ब्याज का भुगतान करना होगा। |
| 50. | decentralization | (n) - विकेंद्रीकरण | The Government has taken several steps towards | सरकार ने सत्ता के **विकेंद्रीकरण** की दिशा में कई कदम उठाए हैं। |

| Sl. No. | Words | Meaning | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | | **decentralization** of power. | |
| 51. | decide | (v) - **निर्णय लेना** | The department has **decided** to take legal action against the supplier. | विभाग ने आपूर्तिकर्ता के विरूद्ध कानूनी कार्रवाई करने का **निर्णय लिया** है। |
| 52. | deciding factor | (n) - निर्णायक कारक | The merit is the **deciding factor** for selection of the candidates. | उम्मीदवारों के चयन के लिए योग्यता **निर्णायक कारक** है। |
| 53. | decision | (n) - निर्णय,फैसला, विनिश्चय(विधि) | The farmers are unhappy with the **decision** of withdrawing subsidy on fertilizers. | उर्वरकों पर देय सब्सिडी वापस लेने के **निर्णय** से किसान खुश नहीं हैं। |
| 54. | declaration | (n) - घोषणा* | The Employees Unions are waiting for **declaration** of the constitution of the 7th Pay Commission. | कर्मचारी यूनियन 7 वें वेतन आयोग के गठन की **घोषणा** की प्रतीक्षा कर रहे हैं। |
| 55. | declare | (v) - घोषणा करना, घोषित करना | The court **declared** the strike illegal. | न्यायालय ने हड़ताल को गैर-कानूनी **घोषित किया**। |
| 56. | declared value | (n) - घोषित मूल्य | The **declared value** of the assets is about fifty crore rupees. | परिसंपत्ति का **घोषित मूल्य** लगभग पचास करोड़ रुपए है। |
| 57. | decode | (n) - 1. कूटवाचन (v) - 2. **कूट का अर्थ निकालना** 3. **विकोड करना** | 1. The coded message has been decoded by the Technical Officer. 2. The department has special adapters to receive and decode the signals. | 1. तकनीकी अधिकारी ने कूट संदेश का **अर्थ निकाल** लिया है। 2. विभाग के पास संकेतों को प्राप्त करने और उन्हें **विकोड करने** के लिए विशेष एडेप्टर हैं। |
| 58. | decontrol | (n) - 1. विनियंत्रण (v) - 2. नियंत्रण हटाना | 1. The Government is in favour of **decontrol** of the prices of agricultural products. 2. The government has decided to **decontrol** oil and gas prices. | 1. सरकार कृषि उत्पादों की कीमतों के **विनियंत्रण** के पक्ष में है। 2. सरकार ने तेल और गैस की कीमतों से **नियंत्रण हटाने** का निर्णय लिया है। |
| 59. | decorum | (n) - **मर्यादा***, शिष्टता*, शालीनता* | The Chairman has appealed the members to maintain **decorum** in the | अध्यक्ष ने सदस्यों से बैठक में **मर्यादा** बनाए रखने की अपील की है। |

| Sl. No. | Words | Meaning | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | | meeting. | |
| 60. | decrease | (n) - 1. कमी*, घटती* (v) - 2. **कमी होना, कमी करना, घटना** | 1. A **decrease** in the planned expenditure has been recorded this year. 2. The number of trainees **decreased** this quarter. | 1. इस साल योजनागत खर्च में **कमी** रिकार्ड की गई है। 2. इस तिमाही में प्रशिक्षणार्थियों की संख्या **में कमी आई है**। |
| 61. | decree | (n) - 1. डिक्री* 2. **आदेश** (v) - 1. **डिक्री करना** 2. **आदेश देना** | 1. The **decree** shall agree with the judgement. 2. The Government issued a **decree** that all political prisoners would be granted amnesty. 3. The court has **decreed** a penalty on the offender company. 4. The UN Security Council has **decreed** that the election must be held by May. | 1. **डिक्री** निर्णय के अनुरूप होगी। 2. सरकार ने सभी राजनीतिक कैदियों को आम माफी देने का **आदेश** जारी किया है। 3. न्यायालय ने अपराधी कंपनी पर दंड की **डिक्री की** है। 4. संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने मई तक चुनाव अवश्य कराने का **आदेश दिया** है। |
| 62. | dedicate | (v) - **समर्पित करना** | The Prime Minister has **dedicated** the Atomic Power Plant to the nation. | प्रधानमंत्री ने राष्ट्र को परमाणु विद्युत संयंत्र **समर्पित किया** है। |
| 63. | dedication | (n) - समर्पण | The Secretary has admired the hard work and **dedication** of the officer. | सचिव ने अधिकारी की कड़ी मेहनत और **समर्पण** की प्रशंसा की है। |
| 64. | deductible | (n)/ (adj) - कटौती-योग्य | 1. The donation has been shown as a **deductible** in income tax form. 2. The income tax is **deductible** from salary. | 1. आयकर फार्म में दान को **कटौती-योग्य** दिखाया गया है। 2. आयकर वेतन से **कटौती योग्य** है। |
| 65. | deduction | (n) - कटौती* | Certain other **deductions** are not allowed in determining Gross Income. | सकल आय के निर्धारण में कुछ अन्य **कटौतियों** को शामिल करने की अनुमति नहीं है। |
| 66. | deduction at source | स्रोत पर कटौती* | After certain **deductions** at source, the net income | **स्रोत पर कुछ कटौतियों** के बाद, शुद्ध आय 30,000/- रुपए बनी। |

| Sl. No. | Words | Meaning | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | | arrived at Rs. 30,000/-. | |
| 67. | deduction from salary | वेतन से कटौती* | The concerned employee has submitted an undertaking to the effect that **deduction from his salary** may be made towards payment of housing loan installment. | संबंधित कर्मचारी ने आवास ऋण की किस्त की अदायगी के लिए अपने **वेतन से कटौती** के लिए वचनबंध प्रस्तुत किया है। |
| 68. | deed | (n) - 1. **कार्य** 2. विलेख (विधि) | 1. The officer is remembered for his good **deeds**. 2. The Title **Deed** has bbeen registered. | 1. अधिकारी को उनके अच्छे **कार्यों** के लिए स्मरण किया जाता है। 2. हक **विलेख** को पंजीकृत किया गया है। |
| 69. | deemed university | (n) - मानित विश्वविद्यालय | The institution has been upgraded to a **deemed university**. | संस्थान को उन्नत करके **मानित विश्वविद्यालय** बनाया गया है। |
| 70. | deface | (v) - विरूपित करना, विकृत करना | To **deface** a currency is a punishable offence. | मुद्रा को **विरूपित करना** दंडनीय अपराध है। |
| 71. | defalcation | (n) - ग़बन | A case of **defalcation** has been registered against the treasurer. | कोषाध्यक्ष के खिलाफ **गबन** का मामला दर्ज किया गया है। |
| 72. | defamation | (n) - मानहानि* | The company has sued for **defamation**. | कंपनी ने **मानहानि** का वाद दायर किया है। |
| 73. | defamatory | (adj) - मानहानिकारक | The speech of the Union Leader was highly **defamatory**. | यूनियन नेता का भाषण अत्यंत **मानहानिकारक** था। |
| 74. | default | (n) - 1. चूक*, व्यतिक्रम (adj) - 2. **डिफॉल्ट** 3. बक़ाया (v) - 4. **भुगतान नहीं करना** | 1. The incidents of loan **defaults** have risen in the last year. 2. The **default** passwords have been installed on the computers. 3. The borrower has paid the **default** amount. 4. Most of the borrowers are **defaulting** on loan instalments. | 1. पिछले वर्ष ऋण चूक की घटनाएं बढ़ी हैं। 2. कंप्यूटरों पर **डिफ़ॉल्ट** पासवर्ड डाले गए। 3. उधारकर्ता ने बक़ाया राशि का **भुगतान** कर दिया है। 4. अधिकांश उधारकर्ता ऋण की किस्तों का **भुगतान नहीं कर** रहे हैं। |
| 75. | defaulter | (n) - **बक़ायादार**, चूक करनेवाला, | The **defaulter** has been asked to deposit | **बक़ायादार** को जुर्माना के रूप में 5000/- रुपए जमा करने को |

| Sl. No. | Words | Meaning | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | व्यतिक्रमी | Rs. 5000/- as penalty. | कहा गया है। |
| 76. | defective | (adj) - **दोषपूर्ण**, सदोष, त्रुटिपूर्ण | The stores section has identified **defective** computers. | भंडार अनुभाग ने **दोषपूर्ण** कंप्यूटरों की पहचान की है। |
| 77. | defence | (n) - 1. रक्षा*, बचाव 2. प्रतिवाद | 1. The nation salutes those soldiers who died in **defence** of our country. 2. What points can be raised in **defence** of this argument? | 1. देश की रक्षा में शहीद हुए सैनिकों को **राष्ट्र** नमन करता है। 2. इस तर्क के **प्रतिवाद** में कौन से तर्क प्रस्तुत किए जा सकते हैं? |
| 78. | defendant | (n) - प्रतिवादी | The **defendants** were not parties to the settlement. | **प्रतिवादी** समझौते के पक्षकार नहीं थे। |
| 79. | defer | (v) - **स्थगित करना**, आस्थगित करना | The department has **deferred** the decision for six months. | विभाग ने निर्णय छह महीने के लिए **स्थगित कर दिया** है। |
| 80. | deferred payment | (n) - **विलंबित भुगतान**, आस्थगित भुगतान | In case of **deferred payment**, the bank would pay the amount. | **विलंबित भुगतान** के मामले में, बैंक राशि का भुगतान करेगा। |
| 81. | defiance | (n) - अवज्ञा* | Nuclear testing was resumed in **defiance** of an international ban. | अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंध की **अवज्ञा** करते हुए परमाणु परीक्षण फिर से प्रारंभ किया गया था। |
| 82. | deficiency | (n) - कमी* | There are certain **deficiencies** in the on-line registration system of beneficiaries. | लाभार्थियों के ऑनलाइन पंजीकरण प्रणाली में कुछ **कमियां** हैं। |
| 83. | deficit | (n) - घाटा, कमी* | The trade balance has been in **deficit** for the past two years. | पिछले दो साल से व्यापार संतुलन **घाटे** में रहा है। |
| 84. | deficit budget | (n) - घाटे का बजट | The Finance Minister has presented a **deficit budget**. | वित्त मंत्री ने **घाटे का बजट** पेश किया है। |
| 85. | define | (v) - 1. निश्चित करना, **निर्धारित करना** 2. परिभाषा देना, **परिभाषित करना** | 1. We need to **define** the plan of action very clearly. 2. The term 'mental illness' is difficult to **define**. | 1. हमें से कार्य योजना को सुस्पष्ट रूप **निर्धारित करने** की आवश्यकता है। 2. 'मानसिक बीमारी' को **परिभाषित करना** कठिन है। |
| 86. | defunct | (adj) - **निष्क्रिय** | The company has been **defunct** since 2010. | कंपनी 2010 से **निष्क्रिय** हो गई है। |

| Sl. No. | Words | Meaning | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| 87. | defy | (v) - 1. अवज्ञा करना<br>2. **विरोध करना** | 1. The protestors have **defied** the blockade by breaking the barricade. 2. The members of the Society have **defied** the general body meeting. | 1. प्रदर्शनकारियों ने अवरोध तोड़कर नाकाबंदी की **अवज्ञा की** है। 2. सोसायटी के सदस्यों ने आम सभा की बैठक का **विरोध किया** है। |
| 88. | degrade | (v) - 1. **ग्रेड घटाना**<br>2. **दर्जा घटाना**<br>3. **मर्यादा कम करना** | 1. The post of the Head Clerk has been **degraded** to Upper Division Clerk. 2. The office has been **degraded** to a Service Centre. 3. The banned advertisement is offensive and **degrades** teachers. | 1. प्रधान लिपिक के पद का **ग्रेड घटाकर** प्रवर श्रेणी लिपिक कर दिया गया है। 2. कार्यालय का **दर्जा घटाकर** उसे सेवा केंद्र बना दिया गया है। 3. प्रतिबंधित विज्ञापन अपमानजनक है और शिक्षकों की **मर्यादा को कम करता** है। |
| 89. | degradation | (n) - 1. **अपकर्ष**, निम्नीकरण (v) - 2. पद घटाना, ग्रेड घटाना | The Government is concerned over the environmental **degradation** of the coastal areas. | सरकार तटीय क्षेत्रों के पर्यावरण के **अपकर्ष** को लेकर चिंतित है। |
| 90. | degree | (n) - 1. डिग्री*, उपाधि*, उपाधि-पत्र<br>2. **स्तर,** मात्रा* 3. **स्तर**, कोटि*, घात<br>4. डिग्री*, अंश, अंशांक | 1. The candidate should posses Master **Degree** in Hindi Literature. 2. These man-made barriers will ensure a high **degree** of protection. 3. This job demands a high **degree** of skill.<br>4. The temperature of the computer laboratory should be maintained at 20 to 24 **degree** Celsius. | 1. प्रत्याशी के पास हिंदी साहित्य में स्नातकोत्तर **उपाधि** होनी चाहिए।<br>2. ये मानव निर्मित अवरोध उच्च **स्तर** की सुरक्षा सुनिश्चित करेंगे। 3. इस काम के लिए उच्च **कोटि** की कुशलता अपेक्षित है।<br>4. कंप्यूटर प्रयोगशाला का तापमान 20 **डिग्री** से 24 डिग्री सेल्सियस के बीच बनाए रखना चाहिए। |
| 91. | delay | (n) - 1. विलंब, **देरी** (v) - 2. **विलंब करना/होना**, **देर करना/होना** | 1. We apologize for the **delay** in answering your letter. 2. The Reserve Bank of India may **delay** the cut in interest rates. | 1. आपके पत्र का उत्तर देने में हुई **देरी** के लिए क्षमा करें। 2. भारतीय रिजर्व बैंक ब्याज दर कम करने में **विलंब कर** सकता है। |

| Sl. No. | Words | Meaning | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| 92. | delayed tender | (n) - विलंबित टेंडर, विलंबित निविदा* | The **delayed tender** will not be considered. | **विलंबित निविदा** पर विचार नहीं किया जाएगा। |
| 93. | delegate | (n) - 1. प्रतिनिधि 2. (V) - **सौंपना**, प्रत्यायोजित करना, दे देना | 1. The conference was attended by **delegates** from 56 countries. 2. The job had to be **delegated** to an assistant. 3. The Chairman has been **delegated** the authority of Head of the Department. | 1. सम्मेलन में 56 देशों के प्रतिनिधि उपस्थित थे। 2. यह कार्य किसी सहायक को **सौंपना** था। 3. अध्यक्ष को विभाग प्रमुख का प्राधिकार प्रत्यायोजित किया गया है। |
| 94. | delegation | (n) - प्रतिनिधि मंडल, प्रत्यायोजन | 1. A **delegation** of teachers has met the Education Minister. 2. The **delegation** of additional tasks should be rationalized. | 1. शिक्षकों का **प्रतिनिधिमंडल** शिक्षा मंत्री से मिला। 2. अतिरिक्त कार्य के **प्रत्यायोजन** को तर्कसंगत बनाया जाना चाहिए। |
| 95. | delegation of powers | (np) - शक्तियों का प्रत्यायोजन | The Director has **delegated** certain financial **powers** to the Head of the Office. | निदेशक ने कुछ **वित्तीय शक्तियां** कार्यालयाध्यक्ष को **प्रत्यायोजित** की हैं। |
| 96. | delete | (v) - हटाना, निकालना | The names of the retired officers have been **deleted** from the list. | सेवानिवृत्त अधिकारियों के नाम सूची से **हटा दिए** गए हैं। |
| 97. | deletion | (n) - लोप, हटा दिया जाना | The Editor has made some **deletions** to the manuscript. | संपादक ने पांडुलिपि में से कुछ अंश **हटा दिए** हैं। |
| 98. | deliberately | (adv) - जान-बूझकर | The witness has made false statement **deliberately**. | गवाह ने **जानबूझकर झूठा** बयान दिया है। |
| 99. | deliberation | (n) - विचार-विमर्श | The **deliberations** of the committee are completely confidential. | समिति का **विचार-विमर्श** पूरी तरह से गोपनीय है। |
| 100. | delimitation | (n) - परिसीमन | The work of **delimitation** of the municipal area is in progress. | नगर निगम क्षेत्र के **परिसीमन** का कार्य चल रहा है। |
| 101. | delinquency | (n) - **अपराध,** अपचार | There has been an increase in juvenile | गत दो वर्ष से किशोर **अपराध** में वृद्धि हुई है। |

| Sl. No. | Words | Meaning | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | | **delinquency** since last two years. | |
| 102. | deliver | (v) - 1.**वितरित करना**, देना, सौंपना 2. **सुनाना** 3. **(व्याख्यान) देना** 4. **हासिल करना** 5. जन्म देना, जनना 6. **प्रसव में सहायता करना** | 1.The letter has been **delivered** in time. 2. The Justice finally delivered the verdict. 3. The Prime Minister has **delivered** a lecture on Good Governance. 4. The team **delivered** a stunning victory. 5. She **delivered** a baby this morning. 6. The doctor **delivered** her of twins. | 1. पत्र समय से **वितरित किया** गया है। 2. न्यायाधीश ने अंततः अपना फैसला **सुनाया**। 3. प्रधानमंत्री ने सुशासन पर **व्याख्यान दिया** है। 4. टीम ने शानदार जीत **हासिल की**। 5. उसने आज सुबह एक बच्चे को **जन्म दिया**। 6. डॉक्टर ने उसके जुड़वा बच्चों के **प्रसव में सहायता की**। |
| 103. | delivery | (n) - 1.वितरण; सुपुर्दगी*; परिदान 2. **प्रस्तुति***; 3. **प्रदायगी*** 4. प्रसव, **जन्म** | 1. The timely **delivery** of the consignment should be ensured. 2. The speech was ruined by his poor **delivery**. 3. The timely **delivery** of public services should be ensured. 4. The **delivery** of an elephant cub has been reported by the zoo authority. | 1. प्रेषित माल की समय पर **सुपुर्दगी** सुनिश्चित की जानी चाहिए। 2. दोषपूर्ण **प्रस्तुति** के कारण उनका भाषण प्रभाव नहीं डाल पाया। 3. सार्वजनिक सेवाओं की समय पर **प्रदायगी** सुनिश्चित की जानी चाहिए। 4. चिड़ियाघर प्राधिकरण ने एक हाथी शावक के **जन्म** की सूचना दी है। |
| 104. | demand | (n) - 1. माँग*, अभियाचना* (v) - 2. **माँग करना** | 1. There is an increased **demand** for petroleum products these days. 2. The enquiry committee has **demanded** an immediate explanation. | 1. इन दिनों पेट्रोलियम उत्पादों की **माँग** बढ़ी है। 2. जांच समिति ने तत्काल स्पष्टीकरण की **मांग की** है। |
| 105. | demarcation | (n) - सीमांकन | Talks are continuing about the **demarcation** of the border between the two countries. | दोनों देशों के बीच **सीमांकन** के लिए वार्ता जारी है। |
| 106. | demerits | (n) - **दोष**, अवगुण | Before making a decision, we should think over the merits | निर्णय लेने से पहले, हमें योजना के गुण और **दोष** पर विचार कर |

| Sl. No. | Words | Meaning | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | | and **demerits** of the scheme. | लेना चाहिए। |
| 107. | demi-official letter (D.O.) | (n) - अर्ध-शासकीय पत्र | The Secretary, DOL has written a **demi-official letter** to the Secretary, External Affairs regarding adoption of Hindi as a language of UNO. | सचिव, राजभाषा विभाग ने संयुक्त राष्ट्र संघ की भाषा के रूप में हिंदी को अपनाने के बारे में विदेश सचिव को **अर्ध-शासकीय पत्र** लिखा है। |
| 108. | democratic | (adj) - लोकतांत्रिक | India is a **democratic** country. | भारत **लोकतांत्रिक** देश है। |
| 109. | demolish | (v) - **ध्वस्त करना** | The Authority has **demolished** the unauthorized buildings. | प्राधिकरण ने अनधिकृत भवनों को **ध्वस्त कर दिया** है। |
| 110. | demolition | (n) - ढहाना | The **demolition** of the old office building is in progress. | पुराने कार्यालय भवन को **ढहाना** जारी है। |
| 111. | demonstration | (n) - प्रदर्शन, निदर्शन, निरुपण | The NIC provides **demonstration** of videoconferencing over the Internet. | एनआईसी इंटरनेट पर वीडियो कांफ्रेंसिंग का **प्रदर्शन** करता है। |
| 112. | demoralize | (v) - **मनोबल गिराना** | Constant criticism by the higher officers is enough to **demoralize** the subordinate staff. | उच्च अधिकारियों द्वारा लगातार आलोचना, अधीनस्थ कर्मचारियों का **मनोबल गिराने** के लिए पर्याप्त है। |
| 113. | demoralization | (n) - **मनोबल गिरना,** मनोबल-ह्रास, नैतिक पतन | The lack of career progression in the institution resulted in the **demoralization** of its staff. | संस्था में कॅरिअर उन्नयन की कमी के कारण कर्मचारियों का **मनोबल गिरा** है। |
| 114. | demote | (v) - पदावनत करना | The employee has been **demoted** as a measure of punishment. | कर्मचारी को दंड के रूप में **पदावनत किया** गया है। |
| 115. | demotion | (n) - **पदावनति*** | The employee has filed a case in CAT against his **demotion**. | कर्मचारी ने अपनी **पदावनति** के खिलाफ कैट में मामला दायर किया है। |
| 116. | demurrage | (n) - विलंब-शुल्क, डेमरेज | The company has paid **demurrage** to the Railway. | कंपनी ने रेलवे को **विलंब शुल्क** का भुगतान किया है। |
| 117. | denial | (n) - इनकार, नकार, | The terrorists issued a **denial** of | आतंकवादियों ने हमले की जिम्मेदारी लेने से **इनकार** किया। |

| Sl. No. | Words | Meaning | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | प्रत्याख्यान(विधि) | responsibility for the attack. | |
| 118. | denomination | (n) -1. मूल्य वर्ग 2. अंकित मूल्य 3. अभिधान | The Department of Posts has released a new stamp of Rs. 10/- **denomination**. | डाक विभाग ने 10/- रूपए **मूल्य वर्ग** की एक नई डाक टिकट जारी की है। |
| 119. | deny | (v) - **इनकार करना**, नकारना, प्रत्याख्यान करना(विधि) | 1. The police have **denied** responsibility for the incident occurred. 2. The reporters were **denied** access to the information. | 1. पुलिस ने घटना की जिम्मेदारी लेने से **इनकार किया** है। 2. पत्रकारों को जानकारी उपलब्ध कराने से **इनकार किया** गया। |
| 120. | depart | (v) - 1. प्रस्थान करना, रवाना होना 2. विचलित होना, **हटना** 3. हटाना 4. दिवंगत होना 5. **छोड़ देना** | 1. Flight No. AI 502 will **depart** from Terminal - 3. 2. **Departing** from his usual routine, the officer took a bus to the office. 3. The part-time worker **departed** his job. | 1. उड़ान संख्या एआई 502 टर्मिनल - 3 से **प्रस्थान करेगी**। 2. सामान्य दिनचर्या से **हटकर**, अधिकारी ने कार्यालय जाने के लिए बस ले ली। 3. अंशकालिक कामगार ने अपना काम **छोड़ दिया**। |
| 121. | department | (n) - विभाग | The **department** has initiated action against the supplier. | **विभाग** ने आपूर्तिकर्ता के खिलाफ कार्रवाई शुरू की है। |
| 122. | departmental | (adj) - विभागीय | A **departmental examination** is proposed for promotion of the employees. | कर्मचारियों की पदोन्नति के लिए **विभागीय** परीक्षा प्रस्तावित है। |
| 123. | departmental enquiry | (n) - विभागीय जांच* | A **departmental enquiry** was conducted for the train accident. | रेल दुर्घटना की **विभागीय जांच** की गई। |
| 124. | departure | (n) - 1.प्रस्थान, **रवाना** 2. विचलन | 1. Flights should be confirmed 48 hours before **departure**. 2. This incident is a radical departure from the established law. | 1. **रवाना** होने से 48 घंटे पहले उड़ानों की पुष्टि की जानी चाहिए। 2. यह घटना स्थापित कानून से आमूल विचलन है । |
| 125. | dependent | (adj) - आश्रित, **निर्भर** | 1. A government employee can avail LTC for his **dependent** parents. 2. The local economy | 1. सरकारी कर्मचारी अपने **आश्रित** माता - पिता के लिए एल.टी.सी. का लाभ ले सकता है। 2. **स्थानीय अर्थव्यवस्था** |

| Sl. No. | Words | Meaning | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | | is **dependent** on tourism. | पर्यटन पर **निर्भर** है। |
| 126. | deploy | (v) - **तैनात करना,** परिनियोजित करना | The Government has **deployed** Rapid Action Force in the disturbed area of the city. | सरकार ने शहर के उपद्रवग्रस्त क्षेत्र में त्वरित कार्रवाई बल **तैनात किया** है। |
| 127. | deployment | (n) - **तैनाती*,** परिनियोजन | The Government is considering the **deployment** of additional troops along with the border. | सरकार सीमा पर अतिरिक्त सैनिकों की **तैनाती** पर विचार कर रही है। |
| 128. | deponent | (n) - अभिसाक्षी, **बयान देने वाला** | The **deponent** has been cross-examined. | अदालत में **बयान देने वाले** व्यक्ति से जिरह की गई है। |
| 129. | deport | (v) - **देश निकाला देना, निर्वासित करना** | All illegal immigrants were **deported** earlier this month. | सभी अवैध आप्रवासियों को इस महीने के शुरू में **देश निकाला दे दिया गया**। |
| 130. | deportation | (n) - **निर्वासन**, देशनिकाला, विवासन(विधि) | Several of the asylum seekers now face **deportation**. | शरण चाहने वालों में से अनेक अब **निर्वासन** का सामना कर रहे हैं। |
| 131. | depose | (v) - 1. अभिसाक्ष्य देना, **गवाही देना, बयान देना** 2. **अपदस्थ करना, पदच्युत करना** | 1. The employee **deposed** that he was innocent. 2. The President of the neighbouring state was **deposed** in a military coup. | 1. कर्मचारी ने **गवाही दी** कि वह निर्दोष है।<br>2. पड़ोसी राज्य के राष्ट्रपति को सैन्य तख्तापलट में **अपदस्थ** किया गया था। |
| 132. | deposit | (n) - 1. जमा<br>2. **भंडार**, निक्षेप<br>(v) - **जमा करना** | 1. **Deposits** can be made at any branch of SBI. 2. A huge iron **deposit** has been found near Bailadila.<br>3. Guests may **deposit** their valuables in the hotel safe.<br>4. The employee has **deposited** the penal interest. | 1. भारतीय स्टेट बैंक की किसी भी शाखा में राशि **जमा** कराई जा सकती है। 2. बैलाडिला के पास लोहे का विशाल **भंडार** मिला है।<br>3. अतिथि होटल की तिजोरी में अपने क़ीमती सामान **जमा कर** सकते हैं।<br>4. कर्मचारी ने दंड ब्याज **जमा कर दिया** है। |
| 133. | depot | (n) - डिपो, आगार | The number of bus **depot** of Delhi Transport Corporation should | बसों के सुचारु संचालन के लिए दिल्ली परिवहन निगम के बस **डिपो** की संख्या में वृद्धि की |

| Sl. No. | Words | Meaning | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | | be increased for smooth functioning. | जानी चाहिए। |
| 134. | depreciation | (n) - मूल्यह्रास, अवक्षय | There has been a gradual **depreciation** in value of the assets of the company. | कंपनी की परिसंपत्ति का क्रमिक **मूल्यह्रास** हुआ है। |
| 135. | depressed class | (n) - **शोषित वर्ग**, दलित वर्ग | The Government is committed to uplift the **depressed class** of the society. | सरकार समाज के **शोषित वर्ग** के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध है। |
| 136. | deprive | (v) - वंचित करना, वंचित होना | The slum dwellers are **deprived** of their basic needs. | झुग्गी बस्तियों में रहने वाले लोग बुनियादी जरूरतों से **वंचित** हैं। |
| 137. | depute | (v) - 1. **प्रतिनियुक्ति पर भेजना** 2. **प्रतिनिधित्व के लिए भेजना** | 1. The officer has been **deputed** for 1 year training. 2. The General Secretary of the Employee's Union was **deputed** to put the employee's views to the committee. | 1. अधिकारी को एक वर्ष के प्रशिक्षण के लिए **प्रतिनियुक्त पर भेजा गया** है। 2. कर्मचारियों के विचारों को समिति के सामने प्रस्तुत करने हेतु कर्मचारी संघ के महासचिव को **प्रतिनिधित्व के लिए भेजा** गया। |
| 138. | deputation | (n) - 1. प्रतिनियुक्ति 2. **प्रतिनिधि मंडल**, शिष्टमंडल | 1. The officer is on **deputation** for three years. 2. A **deputation** of senior citizens has met the Police Commissioner. | 1. अधिकारी तीन साल के लिए **प्रतिनियुक्ति** पर है। 2. वरिष्ठ नागरिकों के **प्रतिनिधि मंडल** ने पुलिस आयुक्त से मुलाकात की है। |
| 139. | deputation allowance | (n) - प्रतिनियुक्ति भत्ता | 5% **deputation** allowance is allowed in addition to bad climate allowance. | विषम जलवायु भत्ते के अलावा 5% **प्रतिनियुक्ति** भत्ते की अनुमति है। |
| 140. | deputy | (n) - उप | The two posts of **Deputy** Director are vacant since last two years. | **उप** निदेशक के दो पद पिछले दो सालों से खाली पड़े हैं। |
| 141. | dereliction | (n) - **लापरवाही***, अवहेलना*, | The police officers were found guilty of serious **dereliction** of duty. | पुलिस अधिकारियों को कर्तव्य में गंभीर **लापरवाही** का दोषी पाया गया। |
| 142. | dereservation | (n) - वि-आरक्षण, आरक्षण हटाना | A proposal for **dereservation** of some reserved posts is being considered. | कुछ आरक्षित पदों से **आरक्षण हटाने** के प्रस्ताव पर विचार किया जा रहा है। |
| 143. | derogation | (n) - **अवमानना***, | Any **derogation** of | कानून की किसी **अवमानना** की |

| Sl. No. | Words | Meaning | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | अनादर, अल्पीकरण | the law is to be dealt with strictly. | घटना पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। |
| 144. | derogatory remarks | (n) - **अपमानजनक टिप्पणी***, अनादरसूचक अभ्युक्ति* | The employee has withdrawn the **derogatory remarks** made about his officer. | कर्मचारी ने अपने अधिकारी के बारे में की गई **अपमानजनक टिप्पणी** को वापस ले लिया है। |
| 145. | description | (n) - वर्णन, विवरण | Police has issued a **description** of the suspect. | पुलिस ने संदिग्ध का **विवरण** जारी किया है। |
| 146. | deserving | सुपात्र, **उचित** | The fund could be used for more **deserving** causes. | निधि का इस्तेमाल अधिक **उचित** प्रयोजनों के लिए किया जा सकता है। |
| 147. | design | (n) - 1. अभिकल्प, डिजाइन (v) - 2. **डिजाइन करना** | 1. The basic **design** of the power plant is very similar to that of the earlier power plants. 2. A rehabilitation plan has been **designed** for the flood affected areas. | 1. बिजली संयंत्र का मूल **डिजाइन** पहले के बिजली संयंत्रों के समान है। 2. बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के लिए पुनर्वास योजना **डिजाइन की** गई है। |
| 148. | designate | (adj) - 1. **मनोनीत**, नामोद्दिष्ट (v) - 2. **नामित करना**, मनोनीत करना, अभिहित करना, 3. नामोद्दिष्ट करना | 1. The **designate** Prime Minister has addressed the Press. 2. The Media Advisor has been **designated** as Spokesperson. | 1. **मनोनीत** प्रधानमंत्री ने प्रेस को संबोधित किया है। 2. मीडिया सलाहकार को प्रवक्ता के रूप में **नामित किया** गया है। |
| 149. | designation | (n) - पदनाम | A proposal has been moved for change of the **designation** of Senior Translator. | वरिष्ठ अनुवादक के **पदनाम** को बदलने के लिए एक प्रस्ताव भेजा गया है। |
| 150. | despatch | (v) - प्रेषण, रवानगी*; प्रेषित करना, रवाना करना, भेजना | The letter has been **despatched** in time. | पत्र समय पर **भेज** दिया गया है। |
| 151. | despatcher | (n) - प्रेषक, भेजनेवाला | The **despatcher** should ensure proper address on the envelope before despatching it. | **प्रेषक** को लिफाफा भेजने से पहले यह सुनिश्चित करना चाहिए कि इस पर ठीक पता लिखा गया है। |
| 152. | despatch register | (n) - प्रेषण रजिस्टर | **Despatch register** should be checked | नियंत्रण अधिकारी द्वारा **प्रेषण रजिस्टर** की साप्ताहिक जाँच की |

| Sl. No. | Words | Meaning | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | | weekly by the controlling officer. | जानी चाहिए। |
| 153. | destination | (n)/(adj) - गंतव्य स्थल, लक्ष्य | The plane has reached the **destination**. | विमान **गंतव्य स्थल** पर पहुँच गया है। |
| 154. | destitute | (adj) - निराश्रित, **बेसहारा** | The villagers were left completely **destitute** due to flood. | बाढ़ की वजह से ग्रामीण पूरी तरह से **बेसहारा** हो गए। |
| 155. | detail | (n) - 1. ब्योरा, **विवरण** (v) - 2. **विवरण देना,** काम पर भेजना | 1. The fine **detail** of the plan has yet to be worked out. 2. The brochure **details** all the hotels in the area and their facilities. | 1. योजना का सूक्ष्म **विवरण** अभी तैयार किया जाना है। 2. विवरणिका में क्षेत्र के सभी होटल और उनमें उपलब्ध सुविधाओं का **विवरण दिया गया** है। |
| 156. | detailed | (adj) - विस्तृत, ब्योरेवार | The letter contains a **detailed** account of the decision. | पत्र में निर्णय का **विस्तृत** ब्योरा दिया गया है। |
| 157. | detailed statement | (n) - विस्तृत विवरण | A **detailed** statement is attached with this letter. | इस पत्र के साथ **विस्तृत विवरण** संलग्न है। |
| 158. | detain | (v) - **हवालात में रखना**, रोकना, निरुद्ध करना, | The suspect has been **detained** for questioning. | संदिग्ध को पूछताछ के लिए **हवालात में रखा** गया है। |
| 159. | detainee | (n) - **बंदी**, नजरबंद, निरुद्ध व्यक्ति | The **detainee** has been released. | **बंदी** को रिहा कर दिया गया है। |
| 160. | detect | (v) - 1. **खोजना, ढूंढना** 2. पता लगाना, पकड़ना, | 1. The fault of the machine has been **detected**. 2. The tests are designed to **detect** the disease early. | 1. मशीन की खराबी **ढूंढ ली** गई है। 2. प्रारंभ में ही बीमारी का **पता लगाने** के लिए इन परीक्षणों को डिजाइन किया गया है। |
| 161. | detection | (n) - 1. **खोज** (v) - 2. पता लगाना | Last year the **detection** rate for car theft was just 16%. | पिछले साल कार चोरी का **पता लगाने** की दर मात्र 16% थी। |
| 162. | detective | (n) - गुप्तचर, जासूस | The **detectives** from the anti-terrorist squad are investigating the blast case. | आतंकवाद निरोधी दस्ते के **जासूस** विस्फोट मामले की जांच कर रहे हैं। |
| 163. | detention | (n) - निरोध, (रेल को) रोक देना, **कैद** | The suspect was held in **detention** for five days. | संदिग्ध को पांच दिनों के लिए **कैद** में रखा गया था। |
| 164. | determine | (v) -1. **पता लगाना,** | 1. An inquiry | 1. दुर्घटना के कारण का **पता** |

| Sl. No. | Words | Meaning | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | **निर्धारित करना** 2. **प्रतिबद्ध होना** | committee was constitued to **determine** the cause of the accident. 2. The committee has **determined** the norms for the induction training. 3. The Government is **determined** to eradicate the poverty. | **लगाने** के लिए जांच समिति गठित की गई थी। 2. समिति ने प्रवेश प्रशिक्षण के लिए मानदंड **निर्धारित किए** हैं। 3. सरकार गरीबी उन्मूलन के लिए **प्रतिबद्ध** है। |
| 165. | determination | (n) - 1. निर्धारण 2. अवधारण 3. संकल्प | 1. The economic factors have influenced the **determination** of future policy. 2. The social activist fought the legal battle with courage and firm **determination**. | 1. आर्थिक कारकों ने भावी नीति के **निर्धारण** को प्रभावित किया है। 2. सामाजिक कार्यकर्ता ने साहस और दृढ़ **संकल्प** के साथ कानूनी लड़ाई लड़ी। |
| 166. | deterrence | (n) - **निवारण**, प्रतिवारण | The nuclear **deterrence** is not enough for security and peace. | परमाणु **निवारण** सुरक्षा और शांति के लिए पर्याप्त नहीं है। |
| 167. | deterrent | (n)/(adj) - **निवारक**, प्रतिवारक | 1. Punishment is not necessarily a **deterrent** to crime. 2. The nuclear **deterrent** capacity is still an effective factor in the balance of power. | 1. यह जरूरी नहीं है कि सजा अपराध के लिए **निवारक** हो। 2. परमाणु **निवारक** क्षमता अभी भी शक्ति संतुलन में एक प्रभावी कारक है। |
| 168. | detriment | (n) - अहित | The excessive intake of tobacco may cause **detriment** one's life. | तंबाकू का अत्यधिक सेवन जीवन का **अहित** कर सकता है। |
| 169. | detrimental | (adj) - अहितकर | The policy will be **detrimental** to the peace process. | यह नीति शांति प्रक्रिया के लिए **अहितकर** होगी। |
| 170. | devalue | (v) - **अवमूल्यन करना, मूल्य गिराना** | The neighbouring country has **devalued** its currency by 10 percent to meet out the financial crisis. | पड़ोसी देश ने वित्तीय संकट से बाहर निकलने के लिए अपनी मुद्रा का 10 प्रतिशत **मूल्य गिराया है**। |
| 171. | devaluation | (n) - अवमूल्यन | There has been a further small | डॉलर के मुकाबले रुपए का थोड़ा और **अवमूल्यन** हुआ है। |

| Sl. No. | Words | Meaning | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | | **devaluation** of the rupee against the dollar. | |
| 172. | devastate | (v) - **विनाश करना**, **विनाश होना**, **तबाह करना**, **तबाह होना** | The bomb has **devastated** the railway station. | बम से रेलवे स्टेशन **तबाह हो गया** है। |
| 173. | devastation | (n) - **तबाही***, विध्वंस, विनाश | The explosion caused widespread **devastation**. | विस्फोट बड़े पैमाने पर **तबाही** का कारण बना। |
| 174. | develop | (v) - 1. **विकसित होना** 2. **विकसित करना** 3. **तैयार करना** 4. **बढ़ना**, **बढ़ाना** 5. **(शुरू) होना, आना** 6. **फैलना**, **फैलाना** 7. **(फिल्म) धोना** 8. **विस्तार करना** | 1.The place has rapidly **developed** from a small fishermen's village into a thriving tourist resort. 2. The site is being **developed** by a French company. 3. The company **develops** and markets new softwares. 4. The relationship between the two countries has **developed** over a number of years. 5. The lift **developed** a trouble and it stopped. 6. A crisis was rapidly **developing** in the Gulf. 7. The photographer had the film **developed** yesterday. 8. The writer has **developed** the theme more widely in her later books. | 1. यह स्थान मछुआरों के एक छोटे से गांव से तेजी से एक संपन्न पर्यटन स्थल के रूप में **विकसित हुआ** है। 2. इस स्थल को एक फ्रांसीसी कंपनी द्वारा **विकसित किया** जा रहा है। 3. कंपनी नए सॉफ्टवेयर **तैयार करती** है और बाजार में बेचती है। 4. वर्षों से दोनों देशों के बीच संबंध **बढ़ा** है। 5. लिफ्ट में खराबी **आई** और यह बंद हो गई। 6. खाड़ी में संकट तेजी से **फैल रहा** था। 7. फोटोग्राफर ने कल फिल्म **धोई** थी। 8. लेखिका ने अपनी परवर्ती किताबों में विषय का और अधिक **विस्तार किया** है। |
| 175. | developed country | (n) - **विकसित देश** | The **developed countries** should provide financial and technical assistance to the underdeveloped countries. | **विकसित देशों** को चाहिए कि वे अविकसित देशों को वित्तीय और तकनीकी सहायता प्रदान करें। |
| 176. | developing | (n) - **विकासशील** | Being a **developing** | **विकासशील देश** होने के नाते |

| Sl. No. | Words | Meaning | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | country | **देश** | **country**, India is trying to make its industry and economy more advanced. | भारत अपने उद्योग और अर्थ व्यवस्था को और अधिक उन्नत बनाने के लिए प्रयास कर रहा है। |
| 177. | development | (n) - 1. **प्रगति*** 2. विकास | 1. Police said there had been a significant development in the case. 2. The talks will focus on economic **development** of the region. | 1. पुलिस ने कहा कि मामले में महत्वपूर्ण **प्रगति** हुई है। 2. यह वार्ता क्षेत्र के आर्थिक **विकास** पर केंद्रित होगी। |
| 178. | deviate | (v) - **हटना**, विचलित होना | The flight had to **deviate** from its usual route because of a bad weather. | खराब मौसम की वजह से विमान को अपने सामान्य मार्ग से **हटना** पड़ा। |
| 179. | deviation | (n) - विचलन, अंतर | This is a case of **deviation** from the original plan. | यह मूल योजना से **विचलन** का मामला है। |
| 180. | device | (n) - 1. **उपकरण**, **यंत्र** 2. **बम** 3. युक्ति*, साधन | 1. A water-saving **device** is being developed by the engineers. 2. A powerful **device** exploded outside the station. 3. The report was a **device**, used to hide rather than reveal problems. | 1. इंजीनियर पानी की बचत के **उपकरण** ईजाद कर रहे हैं। 2. स्टेशन के बाहर एक शक्तिशाली **बम** विस्फोट हुआ। 3. रिपोर्ट का इस्तेमाल समस्याओं को उजागर करने के बजाय उन्हें छिपाने के **साधन** के रूप में किया गया था। |
| 181. | devise | (v) - **विकसित करना**, **तैयार करना** | A new system has been **devised** to control the traffic in the city. | शहर में यातायात को नियंत्रित करने के लिए नई प्रणाली **विकसित** की गई है। |
| 182. | devolve | (v) - **सौंपना** | The state government has **devolved** the most of the tax-raising powers to the regional authorities. | राज्य सरकार ने कर उगाही की अधिकांश शक्तियां क्षेत्रीय प्राधिकरणों को **सौंपी** हैं। |
| 183. | devote | (v) - 1.**समर्पित करना**, **अर्पित करना** 2. **केंद्रित करना**, **केंद्रित होना** | 1. The engineer has decided to devovte the rest of his life to scientific investigation. 2. The meeting will be | 1. इंजीनियर ने अपना शेष जीवन वैज्ञानिक अनुसंधान के लिए **समर्पित करने** का फैसला किया है। 2. बैठक स्वास्थ्य और सुरक्षा के मुद्दों पर **केंद्रित होगी**। |

| Sl. No. | Words | Meaning | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | | **devoted** to health and safety issues. | |
| 366. | duty Chart | (n) - इयूटी चार्ट* | The **duty chart** has been prepared by the duty officer in-charge. | प्रभारी ड्यूटी अधिकारी ने **ड्यूटी चार्ट** तैयार की है। |
| 367. | duty leave | (n) - **ड्यूटी छुट्टी***, इतर कार्यार्थ छुट्टी* | The employee has applied for **duty leave**. | कर्मचारी ने **ड्यूटी छुट्टी** के लिए आवेदन किया है। |
| 368. | duty room | (n) - **ड्यूटी रूम**, ड्यूटी कक्ष | The **duty room** is equipped with a surveillance system. | **ड्यूटी रूम** निगरानी प्रणाली से लैस है। |
| 369. | duty roster | (n) - ड्यूटी रोस्टर | The controlling officer has made changes in the **duty roster**. | नियंत्रक अधिकारी ने **ड्यूटी रोस्टर** में परिवर्तन किया है। |
| 370. | dynamic | (n) - 1. **गतिशीलता*** (adj) - 2. **गतिशील,** गत्यात्मक | 1. The **dynamic** of the market demands depends on the buying power of the people. 2. India has a **dynamic** market of computer software. | 1. बाजार मांग की **गतिशीलता**, लोगों की क्रय-शक्ति पर निर्भर है। 2. भारत में कंप्यूटर सॉफ्टवेयर का **गतिशील** बाजार है। |

# E

| S. No. | Words | Meaning | Usage in English | Usage in Hind |
|---|---|---|---|---|
| 1. | e-governance | (n) -ई- शासन, इलेक्ट्रनिक शासन | **E-governance** has the major role in providing good governance to the people. | जनता को सुशासन मुहैया कराने में **ई-शासन** की मुख्य भूमिका है। |
| 2. | earliest possible | (adj) - यथाशीघ्र | The report may kindly be sent at the **earliest possible**. | कृपया रिपोर्ट **यथाशीघ्र** भेजें । |
| 3. | early retirement | (n) - **समय से पहले सेवा-निवृति***, समयपूर्व सेवा-निवृति* | The officer has taken early retirement due to his personal reasons. | अधिकारी ने अपने निजी कारणों से **समय से पहले सेवानिवृत्ति** ले ली । |
| 4. | earmark | (v) - **चिह्नित करना,** उद्दिष्ट करना | The government has **earmarked** sufficient fund for this scheme. | सरकार ने इस योजना के लिए पर्याप्त निधि **चिह्नित** की है। |
| 5. | earned leave | (n) -अर्जित छुट्टी* | The Officials can take **earned leave** for going on LTC tour. | कर्मचारी छुट्टी यात्रा रियायत दौरे पर जाने के लिए **अर्जित छुट्टी** ले सकते हैं। |
| 6. | earnest money | (n) -बयाना | The Dealer was given **earnest money** of Rs. 5000/- after finalization of the deal. | सौदा पक्का हो जाने के बाद विक्रेता को 5000 रुपए की **बयाना** राशि दी गई। |
| 7. | earning capacity | (n) -अर्जन क्षमता* | High economic growth has enhanced the **earning capacity** of the people. | उच्च आर्थिक विकास से लोगों की **अर्जन क्षमता** में वृद्धि हुई है। |
| 8. | eco-friendly | (adj) -पर्यावरण -अनुकूल | The project may be sanctioned for having eco-friendly design. | **पर्यावरण-अनुकूल** डिजाइन होने के कारण इस परियोजना को मंजूर किया जा सकता है। |
| 9. | ecology | (n) -पारिस्थितिकी* | The forest dwelling tribal people have been given forest rights keeping in view the **ecology** of the place. | वन में रहने वाले जनजातीय लोगों को उस स्थान की **पारिस्थितिकी** को ध्यान में रखकर वन अधिकार दिए गए हैं। |
| 10. | economical | (adj) - 1.**कम खर्चीला, सस्ता,** मितव्ययी, किफायती, | Under the **economical** measure, more than one official may be provided transport facility by the same | **मितव्ययी** उपाय के तहत, एक से अधिक अधिकारियों को एक ही वाहन से यातायात की सुविधा मुहैया कराई जाए। |

| **S. No.** | **Words** | **Meaning** | **Usage in English** | **Usage in Hind** |
|---|---|---|---|---|
| | | | vehicle. | |
| 11. | economy | (n) - अर्थव्यवस्था* 2. **इकॉनामी*** 3. **बचत*** | 1. Indian **economy** has successfully coped with the present economic crisis. 2. The office will make economies by employing a few part-time workers. | 1. भारतीय **अर्थव्यवस्था** ने वर्तमान आर्थिक संकट का सफलता से सामना किया है। 2. कार्यालय कुछ अंशकालिक कामगारों की सेवा लेकर **बचत** कर करेगा। |
| 12. | editing | (n) -संपादन | This collection of office- orders has been **edited** by an experienced administrator. | कार्यालय-आदेशों के इस संकलन का **संपादन** अनुभवी प्रशासक द्वारा किया गया है। |
| 13. | education | (n) - शिक्षा* | **Education** is the most effective medium for women empowerment. | **शिक्षा** महिला सशक्तीकरण का सबसे प्रभावी माध्यम है। |
| 14. | effect | (n) - 1. प्रभाव, **लागू** 2. **आशय** 3. परिणाम (v) -4. **होना** | 1. The 6th Pay Commission has come into **effect** since 01.01.2006. 2. The candidate has submitted an undertaking to the **effect** that he will submit the documents in original within the stipulated period. 3. The **effect** of the new economic policies has been perceived in a short time. 4. The new legislation has **effected** some important changes in tax- assessment. | 1. छठा वेतन आयोग 01.01.2006 से **लागू किया गया** है। 2. उम्मीदवार ने इस **आशय** का वचनबंध प्रस्तुत किया है कि वह निर्धारित अवधि के भीतर मूल प्रमाणपत्र प्रस्तुत कर देगा। 3. नई आर्थिक नीतियों का **प्रभाव** कम समय में ही देखा गया है। 4. नए विधान से कर निर्धारण में महत्वपूर्ण बदलाव **हुए** हैं। |
| 15. | effects | (n) - **सामान** | The actual cost of transportation of personal **effects** shall admissible subject to the prescribed limits. | निजी **सामान** के परिवहन की वास्तविक लागत निर्धारित सीमा के अधीन देय होगी |
| 16. | efficiency | (n) - **(कार्य) क्षमता*, कार्य (कुशलता)*** दक्षता*, कार्यकुशलता* | The training has included the **efficiency** of the workers. | प्रशिक्षण से कर्मचारियों की **कार्यक्षमता** बढ़ गई है। |

| S. No. | Words | Meaning | Usage in English | Usage in Hind |
|---|---|---|---|---|
| 17. | elected representative | (n) -**चुने गए प्रतिनिधि,** निर्वाचित प्रतिनिधि | All the **elected representatives** participated in the oath ceremony. | सभी **चुने गए प्रतिनिधियों** ने शपथग्रहण समारोह में भाग लिया। |
| 18. | electoral roll | (n) -**मतदाता सूची***, निर्वाचक नामावली* | All eligible voters must enroll their names in the **electoral rolls.** | सभी पात्र मतदाताओं को अपने नाम **मतदाता सूची** में शामिल करवाने चाहिए। |
| 19. | electorate | (n) - **निर्वाचन क्षेत्र**, निर्वाचक मंडल | India's **electorate** has witnessed a nearly five-fold increase since the first general elections. | भारत के **निर्वाचन क्षेत्र** में पहले आम चुनाव के बाद लगभग पांच गुना वृद्धि हुई है। |
| 20. | eligibility | (n) - पात्रता* | The **eligibility** of the candidates may kindly be checked before issuing letters for interview. | साक्षात्कार के लिए पत्र भेजने से पहले उम्मीदवारों की **पात्रता** की जांच की जाए। |
| 21. | eliminate | (v) - **बाहर हो जाना**, निकाल देना | All the candidates, but two, were **eliminated** before the final round of election. | चुनाव के अंतिम चरण से पहले दो को छोड़कर सभी उम्मीदवार **बाहर हो गए**। |
| 22. | embarrass | (v) -उलझन में डालना | Late arrival of the convener of the meeting **embarrassed** all the representatives. | बैठक के संयोजक के देर से पहुंचने के कारण सभी प्रतिनिधि **उलझन** में पड़ गए। |
| 23. | embassy | (n) - राजदूतावास | The Government asked the Indian **embassy** in Kenya to extend all helps to the Indians, who are victims of the recent terrorist attack. | सरकार ने केन्या स्थित भारतीय **राजदूतावास** से कहा है कि वह हाल के आंतकवादी हमले में पीड़ित भारतीयों को सभी प्रकार की सहायता उपलब्ध कराए। |
| 24. | emergency | (adj) - 1.आपात (n) - 2. आपातकाल | 1. The government had to take **emergency** means. 2. The state government has declared a state of **emergency** following the earthquake. | 1. सरकार को **आपात** कार्रवाई करनी पड़ी। 2. राज्य सरकार ने भूकंप के बाद **आपातकाल** घोषित कर दिया है। |
| 25. | emigrant | (n) - उत्प्रवासी | The Indian emigrant workers formed an association to protect their interests. | भारतीय **उत्प्रवासी** कामगारों ने अपने हितों की रक्षा के लिए एक संगठन बनाया। |

| S. No. | Words | Meaning | Usage in English | Usage in Hind |
|---|---|---|---|---|
| 26. | empanelled officer | (n) - **सूचीबद्ध अधिकारी,** नामिकागत अधिकारी | The helps of **empanelled officer** may be secured for early preparation of the draft. | मसौदे को शीघ्र तैयार करने के लिए **सूचीबद्ध अधिकारियों** की सहायता ली जाए। |
| 27. | employ | (v) - 1. **काम पर रखना,** नियोजित करना, सेवायोजित करना 2. प्रयोग करना, काम में लाना | 1. Some casual labourers have been **employed** in the office. 2. The management has **employed** a new mechanism for higher production. | 1. कार्यालय में कुछ अनियत मजदूर **काम पर रखे** गए हैं। 2. प्रबंधन ने उच्च उत्पादकता के लिए नए तंत्र का **प्रयोग किया** है। |
| 28. | employee | (n) -कर्मचारी | All the **employees** may mark their attendance through electronic machine. | सभी **कर्मचारी** अपनी उपस्थिति इलेक्ट्रानिक मशीन से दर्ज करें। |
| 29. | employment | (n) - रोजगार, सेवायोजन | The MANREGA scheme has provided 100 days guaranteed **employment** to the persons in rural areas. | मनरेगा स्कीम द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में गरीब लोगों को 100 दिनों के **रोजगार** की गारंटी दी गई है। |
| 30. | empower | (v) - सशक्त करना | The Government has started a scheme of employment generation for women to **empower** them. | सरकार ने महिलाओं को **सशक्त** करने के उद्देश्य से रोजगार उपलब्ध कराने के लिए एक योजना की शुरुआत की है। |
| 31. | enact | (v) - अधिनियम बनाना, अधिनियमित करना | The bill of Right to Education has been **enacted** by the Parliament of India. | 'शिक्षा का अधिकार' विधेयक भारतीय संसद द्वारा **अधिनियमित** कर दिया गया है। |
| 32. | encash | (v) - (चेक) भुनाना, नकदीकरण | Penalties may be charged, as per the rules, for early **encashment** of the policy. | समय से पहले पॉलिसी के **नकदीकरण** के लिए नियमानुसार अर्थदंड देना होगा। |
| 33. | enclose | (v).- 1. साथ लगाना, अनुलग्न करना, 2. बंद करना | 1. The attested copies of the documents are **enclosed** with the application. 2. The rules state that samples must be **enclosed** in two watertight containers. | 1. दस्तावेजों की साक्ष्यांकित प्रतियां इस आवेदन के **साथ लगाई** गई हैं। 2. नियमानुसार, नमूनों को दो जलरोधी कंटेनरों में **बंद करना** आवश्यक है। |
| 34. | encourage | (v).- उत्साहित करना | The officer may **encourage** the employees to perform | अधिकारी कर्मचारियों को सर्वोत्तम निष्पादन के लिए **उत्साहित** करें। |

| **S. No.** | **Words** | **Meaning** | **Usage in English** | **Usage in Hind** |
|---|---|---|---|---|
| | | | their best. | |
| 35. | encroachment | (n) - **गैर- कानूनी कब्जा,** अधिक्रमण | The **encroachment** of the government land is a punishable offence. | सरकारी जमीन पर **गैर- कानूनी कब्जा** एक दंडनीय अपराध है। |
| 36. | encumbrance | (n) - 1.**भार, बोझा,ऋण, 2. ऋण भारग्रस्तता***, भारग्रस्तता* | 1. Both the countries decided to solve all the outstanding issues leaving behind the **encumberance** of the past. 2. As per the House Building rules, the house should be free from all **encumbrances**. | 1. दोनों देशों ने अतीत के **बोझ** को नज़र अंदाज़ करते हुए सभी बाकी मसलों का हल निकालने का फैसला किया। 2. गृह निर्माण अग्रिम के नियमों के अनुसार, मकान सभी प्रकार की **ऋण भारग्रस्तता** से मुक्त होना चाहिए। |
| 37. | endorse | **(v)** - 1 **पीछे हस्ताक्षर करना, बेचान करना,** पृष्ठांकन करना 2 समर्थन करना | 1. The payee of the cheque must **endorse** it.<br>2. Members of all political parties **endorsed** a ban on tobacco products. | 1. आदाता चेक के **पीछे हस्ताक्षर** अवश्य करें। 2. सभी राजनीतिक दलों के सदस्यों ने तंबाकू उत्पादों पर प्रतिबंध लगाने का **समर्थन किया**। |
| 38. | endowment | **(n) - 1. दान**, अक्षय निधि* 2. **प्रतिभा*** | 1. This trust is run with the **endowments** by rich persons. 2. The members of this academic council are gifted with persons of high level of mental **endowments**. | 1. यह न्यास समृद्ध व्यक्तियों द्वारा दिए गए **दान** से चलाया जाता है ।<br>2. इस विद्या परिषद के सदस्य उच्च **प्रतिभा** के धनी हैं। |
| 39. | enforce | **(v) -1. लागू करना,** प्रवर्तन करना, प्रवर्तन कराना 2. **विवश करना, मजबूर करना** | 1. This legislation will be **enforced** in the State. 2. If the official is **enforced** to stay at station for non-availability of transport, the period spent thus may be treated as journey time. | 1. यह कानून राज्य में **लागू** किया जाएगा ।<br>2. यदि सरकारी कर्मचारी परिवहन की अनुपलब्धता के कारण किसी स्टेशन पर रुकने के लिए **मजबूर** हो तो इस अवधि को यात्रा-समय माना जाए। |
| 40. | engage | **(v)** - काम पर लगाना, नियुक्त करना | Five casual labourers were **engaged** in the office. | कार्यालय में पांच अनियत मजदूर **काम पर रखे** गए थे । |
| 41. | enhancement | (n) -वृद्धि*, बढ़ोतरी* | After constitution of the Central Pay Commission government | केंद्रीय वेतन आयोग के गठन के बाद केंद्र सरकार के कर्मचारी वेतन **वृद्धि** होने की प्रतीक्षा कर |

| S. No. | Words | Meaning | Usage in English | Usage in Hind |
|---|---|---|---|---|
| | | | employees are looking forward for salary **enhancement**. | रहे हैं। |
| 42. | enjoin | 1 आदेश देना 2 व्यादेश देना (विधि) | The officer **enjoined** the officials strictly not to disclose the secret facts of the document. | अधिकारी ने दस्तावेज के तथ्यों का खुलासा नहीं करने के लिए अपने अधीनस्थों को सख्त **आदेश दिया** । |
| 43. | enlist | **(v) - (सहायता ) लेना 2.** भर्ती करना भर्ती होना 3.नाम लिखना **(दर्ज करना)** 4. सूचीबद्ध करना, सूची में चढ़ाना | 1. The District Administration has **enlisted** the help of the public in solving the crime. 2. He was **enlisted** into the Indian Navy. 3. The names of the voters were **enlisted** in the voter list. 4. The experts of different disciplines were **enlisted**. | 1. जिला प्रशासन ने अपराध को नियंत्रित करने के लिए जनता की **सहायता ली** । 2. उसे भारतीय नौसेना में **भर्ती** किया गया । 3. मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में **दर्ज किए गए**। 4. विभिन्न विषयों के विशेषज्ञों के नाम **सूचीबद्ध** किए गए। |
| 44. | enquiry | (n) - 1 पूछताछ* 2 जांच* **3. पूछताछ*** **(की खिड़की)** | 1. All **enquiries** related to internet service should be addressed to the customer services department. 2. Two persons have been helping police with their **enquiries** beginning. 3. You may contact **enquiries** for information about arrival and departure of the train. | 1. इंटरनेट से संबंधित सभी प्रकार की **पूछताछ** के लिए ग्राहक सेवा विभाग से संपर्क करें। 2. दो व्यक्ति पुलिस को **जांच** में शुरु से ही मदद कर रहे हैं । 3. गाड़ी के आगमन और प्रस्थान की जानकारी के लिए कृपया **पूछताछ** से संपर्क करें । |
| 45. | enroll | **(v) - नाम लिखना, नाम लिखाना (पाठ्यक्रम आदि में)** भर्ती करना भर्ती होना | Students may **enroll** themselves in this course before the end of August. | विद्यार्थी अगस्त में ही इस पाठ्यक्रम में अपना **नाम लिखा** सकते हैं। |
| 46. | ensuing | (adj) -1. **(घटना) के बाद का 2.** आगामी | 1. The **ensuing** arguments after rejection of leave were uncalled for. 2. The two companies are expected to grow | 1. छुट्टी की अस्वीकृति **के बाद** की गई बहस अनुचित थी । 2. दोनों कंपनियों में **आगामी** दस साल में पांच गुना वृद्धि होने का अनुमान है । |

| S. No. | Words | Meaning | Usage in English | Usage in Hind |
|---|---|---|---|---|
| | | | fivefold in the **ensuing** ten years. | |
| 47. | ensure | **(v)** - सुनिश्चित करना, आश्वस्त करना | Please **ensure** early compliance of the office order. | कार्यालय आदेश का शीघ्र अनुपालन **सुनिश्चित करें** । |
| 48. | enter | **(v)** - 1 दर्ज करना 2 **प्रवेश करना**, प्रविष्टि करना 3. **(समझौता) करना** | 1. The names of the new employees may be **entered** in the register. 2. He **entered** the All India Radio Service as a general trainee. 3.Both the countries **entered** into an agreement. | 1. नए कर्मचारियों के नाम रजिस्टर में **दर्ज किए** जाएं। 2. उसने एक सामान्य प्रशिक्षु के रूप में आकाशवाणी सेवा में **प्रवेश किया**। 3. दोनों देशों ने एक **समझौता किया** । |
| 49. | enterpreneur | (n) - उद्यमी, उद्यमकर्ता | The Scheme is being implemented to help the **entrepreneurs** in the field of small scale industries. | योजना लघु उद्योग के क्षेत्र में **उद्यमियों** की मदद करने के लिए लागू की जा रही है । |
| 50. | enterprise | (n) - उद्यम | The new **enterprises** may thrive in the age of liberalization. | उदारीकरण के युग में नए **उद्यम** कामयाब हो सकते हैं । |
| 51. | entertain | **(v)** - 1 सत्कार करना 2. मनोरंजन करना 3.ग्रहण करना | The Public Relation Officer **entertained** the official guest. | जन संपर्क अधिकारी ने सरकारी अतिथियों का **सत्कार किया**। |
| 52. | entitle | **(v)** - हकदार होना, हकदार बनाना | The group 'B' officers are **entitled** to travel in the AC Tier II by rail. | समूह 'ख' के अधिकारी रेल की ए.सी. द्वितीय श्रेणी में यात्रा करने के **हकदार** हैं । |
| 53. | entitled amount | (n) - हकदारी राशि* | The entitled amount was distributed among all the five successors. | **हकदारी राशि** पांचों उत्तराधिकारियों में वितरित की गई। |
| 54. | enterpreneurshi p | (n) - उद्यमिता* | The enterpreneurship of J. R. D Tata **enabled** India to march on the path of Industrial development. | जे आर डी टाटा की **उद्यमिता** ने भारत को औद्योगिक विकास के पथ पर आगे बढ़ने के लिए सक्षम बनाया। |
| 55. | entrust | (v) - सौंपना | The Asstt. Manager ( Admn) was **entrusted** with the work of new recruitments in the | सहायक प्रबंधक (प्रशासन) को कार्यालय में नई भर्तियों का कार्य **सौंपा** गया । |

| S. No. | Words | Meaning | Usage in English | Usage in Hind |
|---|---|---|---|---|
| | | | office. | |
| 56. | entry | (n) - 1.प्रविष्टि*, इंदराज 2 प्रवेश | 1. In the balance sheet , all the **entries** of debit should match with those of credit. 2. **Entry** to the National Museum is free on Sunday. | 1. तुलन पत्र में डेबिट की सभी **प्रविष्टियां** क्रेडिट की सभी प्रविष्टियों के साथ मेल खानी चाहिए। 2. रविवार को संग्रहालय में **प्रवेश** नि: शुल्क है। |
| 57. | enumeration | (n) - गणना*, गिनना | Teachers of Primary schools are entrusted with the work of **enumeration** of drop -outs. | प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षकों को विद्यालय छोड़ने वाले छात्रों की **गणना** का कार्य सौंपा गया है। |
| 58. | envoy | (n) - दूत | The Prime Minister has ordered to send a special **envoy** to represent India at the UN conference. | प्रधानमंत्री ने संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए एक विशेष **दूत** भेजने का आदेश दिया। |
| 59. | ephemeral file | (n) - **अल्पकालिक फाइल***, अल्पकालिक पंजी* | The complaints of a general nature are disposed in **ephemeral** files. | सामान्य प्रकृति की शिकायतों का निपटान **अल्पकालिक फाइलों** में किया जाता है। |
| 60. | equitable | (adj) - **समान, निष्पक्ष, समतापूर्ण,** साम्यापूर्ण | The government has stressed the need of **equitable** social justice. | सरकार ने **समान** सामाजिक न्याय की आवश्यकता पर बल दिया है। |
| 61. | equivalent | (adj) - 1 **बराबर,** तुल्य, समतुल्य 2 **समान अर्थ का,** समानार्थी | 1. The employee may be granted the loan of the amount **equivalent** to ten times of his/her monthly salary. 2. In the official correspondence, simple **equivalents** of difficult words may be used. | 1. कर्मचारी को उसके मासिक वेतन के दस गुना के **बराबर** राशि का ऋण दिया जा सकता है। 2.कार्यालयी पत्राचार में कठिन शब्दों के स्थान पर **समान अर्थ** के सरल शब्दों का प्रयोग करें। |
| 62. | eradicate | **(v) - हटाना, समाप्त करना,** उन्मूलन करना | Polio has been virtually **eradicated** from India. | पोलियो वस्तुतः भारत से **समाप्त कर** दिया गया है। |
| 63. | errata | (n) - शुद्धि-पत्र | The **errata** were issued in regard to the advertisement published in the newspapers. | समाचार पत्रों में प्रकाशित विज्ञापन के बारे में **शुद्धि-पत्र** जारी किया गया। |
| 64. | error | (n) - त्रुटि*, भूल*, | It was just a clerical **error**. | यह मात्र एक लिपिकीय **त्रुटि** थी। |

| S. No. | Words | Meaning | Usage in English | Usage in Hind |
|---|---|---|---|---|
| | | गलती* | | |
| 65. | errors and omissions | (n) - भूल-चूक* | The names of some officials have been left by **errors and omissions**. | कुछ कर्मचारियों के नाम **भूल-चूक** के कारण छूट गए हैं। |
| 66. | escalation | (n) -वृद्धि*, बढ़ोतरी*, **बढ़ना** | An **escalation** in oil prices leads to a further increase in fiscal deficit. | तेल की कीमतों में वृद्धि से वित्तीय घाटा और **बढ़ता** है। |
| 67. | escort | (n) **-मार्गरक्षक,** अनुरक्षक | A heavy cash amount may not be brought to the office without an **escort**. | **मार्गरक्षक** के बिना बड़ी मात्रा में नकद राशि कार्यालय में नहीं लाई जानी चाहिए। |
| 68. | essential | अनिवार्य | The candidates must fulfill the **essential** qualification for the post as mentioned in the advertisement. | उम्मीदवारों को इस पद के लिए विज्ञापन में उल्लिखित **अनिवार्य** योग्यता को पूरा करना होगा। |
| 69. | establishment | (v).- 1 स्थापना* 2 **प्रतिष्ठान** (संस्था*) अधिष्ठान, | 1. The Chief Minister announced the **establishment** of a hospital in each district headquarter. 2. The officer joined the service in this **establishment** ten years ago. | 1. मुख्यमंत्री ने प्रत्येक जिला मुख्यालय में एक अस्पताल की **स्थापना** करने की घोषणा की। 2. अधिकारी ने दस साल पहले इस **प्रतिष्ठान** में कार्यभार ग्रहण किया था। |
| 70. | estate | (n).- 1. **जायदाद*,संपत्ति*** संपदा* 2. **(व्यवस्था का) स्तंभ, वर्ग** | 1.The **estate** of the landlord was left to his only daughter. 2. The press is the fourth **estate** of democracy. | 1. भूस्वामी की **संपत्ति** उनके बाद उनकी इकलौती पुत्री को मिली। 2. प्रेस जनतंत्र का चौथा **स्तंभ** है। |
| 71. | estimate | (n).- 1**. अनुमान,** प्राक्कलन (v).-2. **अनुमान करना,** आंकना | 1. We got **estimates** from three firms and accepted the lowest. 2. The GDP growth is **estimated** to be about 5% in the year. | 1. हमें तीन फर्मों से **अनुमान** मिले थे और हमने सबसे कम वाले को स्वीकार किया। 2. इस साल सकल घरेलू उत्पाद की विकास दर 5% के आस-पास होने का **अनुमान** है। |
| 72. | ethics | (n).- 1 नीतिशास्त्र 2. नैतिकता*, आचारनीति* | 1. **Ethics** has also been introduced in Management Courses in some universities. 2. There were no **ethics** in the verdict. | 1. कुछ विश्वविद्यालयों में प्रबंधन पाठ्यक्रम में **नीतिशास्त्र** को भी शामिल किया गया है। 2. फैसले में कोई **नैतिकता** नहीं थी। |
| 73. | evacuation | (n)**.- निकासी*,** | The state government | राज्य सरकार ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों |

| S. No. | Words | Meaning | Usage in English | Usage in Hind |
|---|---|---|---|---|
| | | **निकास, बाहर करना, बाहर निकालना,** निष्क्रमण | has launched a massive operation for the **evacuation** of the victims from the flood affected areas. | से पीड़ितों की **निकासी** के लिए बड़े पैमाने पर अभियान शुरू किया गया है। |
| 74. | evade | (v).- 1. **(कर आदि) चोरी करना, छिपाना,** अपवंचन करना, 2. टालना | 1. He has been booked for **evading** taxes. 2. The party spokesman **evaded** some serious questions about the new political developments. | 1. उनके खिलाफ **कर चोरी** करने का मामला दर्ज किया गया है। 2.पार्टी प्रवक्ता ने नए राजनीतिक घटनाक्रम के बारे में कुछ गंभीर सवालों को **टाल दिया**। |
| 75. | evaluation | (v).- **जांच-परख,** मूल्यांकन | Some samples of the product were taken for **evaluation**. | उत्पाद के कुछ नमूने **जांच-परख** के लिए ले जाए गए। |
| 76. | even number | (n).-सम संख्या, **समसंख्यक** | The letter of **even number** of an earlier date was also received in the office. | पहले की तारीख का **समसंख्यक** पत्र भी कार्यालय में प्राप्त हुआ। |
| 77. | eventual | (adj) - **अंतिम, फलस्वरुप,** संभावित | It is impossible to predict the eventual outcome of global warming. | ग्लोबल वार्मिंग के **अंतिम** परिणाम के विषय में भविष्यवाणी करना असंभव है। |
| 78. | eviction | (n) - बेदखली | Due to power project, a number of families had to face **eviction**. | बिजली परियोजना के कारण बहुत से परिवारों को **बेदखली** का सामना करना पड़ा। |
| 79. | evidence | (n) - सबूत,साक्ष्य | The complainant could not produce proper **evidence**. | शिकायतकर्ता उचित **साक्ष्य** प्रस्तुत नहीं कर सका। |
| 80. | ex- | (adj) - पूर्व- | The **Ex**-Directors of the institution were also invited to the annual day function. | इस संस्थान के **पूर्व** निदेशकों को भी वार्षिक दिवस समारोह के लिए आमंत्रित किया गया था। |
| 81. | exact | (adj) - 1 **सही,** यथार्थ 2 **सटीक,** बिल्कुल ठीक 3 निश्चित | 1. The police want to know the **exact** time of the incident. 2. The victim gave to the media an **exact** description of the attacker. | 1. पुलिस घटना का **सही** समय जानना चाहती है। 2. उन्होंने मीडिया को हमलावर का **सटीक** विवरण दिया। |
| 82. | examination | (n) - परीक्षा* | The departmental **examination** for the posts of Section | अनुभाग अधिकारियों के पद के लिए विभागीय **परीक्षा** संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित की |

| S. No. | Words | Meaning | Usage in English | Usage in Hind |
|---|---|---|---|---|
| | | | Officers will be conducted by the UPSC. | जाएगी। |
| 83. | example | (n) - उदाहरण | Such kind of **examples** may be given in support of the arguments in the file. | इस तरह के **उदाहरण** फाइल में उल्लिखित तर्कों के समर्थन में दिए जा सकते हैं। |
| 84. | excellence | (n) - उत्कृष्ट | IITs are the institutions of **excellence**. | आई.आई.टी. **उत्कृष्ट** संस्थान हैं। |
| 85. | exception | (n) - अपवाद | With a very few **exceptions**, government schools get the best exam results in the city. | कुछ **अपवादों** को छोड़कर, शहर में सरकारी स्कूलों के परीक्षा परिणाम सबसे अच्छे हैं। |
| 86. | excess | (n) - 1 **ज्यादती***, **अतिवादिता***, अति*, अधिकता* (adj) - 2.**ज्यादा** अधिक | 1. A free press curbs **excesses** in society. 2. The complaint has been lodged against **excess** billing of electricity. | 1. स्वतंत्र प्रेस समाज में **ज्यादतियों** पर रोक लगाती है। 2. बिजली के **ज्यादा** बिल के संबंध में शिकायत दर्ज की गई है। |
| 87. | exchange | (n) -1. **आदान- प्रदान**, **अदला- बदली***, विनिमय (v) - **2. बहस करना, आदान- प्रदान करना ,अदला- बदली करना***, **विनिमय करना** | 1. The **exchange** of the prisoners took place today. 2. The Minister was involved in a heated **exchange** with the benches of opposition MPs. | 1. आज कैदियों की **अदली-बदली** की गई। 2. मंत्री की विपक्षी सांसदों के साथ गरमागरम **बहस** हुई। |
| 88. | exchequer | (n) - **सरकारी खजाना**, राजकोष | The amount spent on subsidy is a huge burden on the public **exchequer**. | सब्सिडी पर खर्च की गई राशि **सरकारी खजाने** पर भारी बोझ है । |
| 89. | excise duty | (n) - उत्पाद शुल्क | The government may cut in the **excise duty**. | सरकार **उत्पाद शुल्क** में कटौती कर सकती है । |
| 90. | exclude | (v) - **शामिल नहीं करना**, निकालना अपवर्जित करना, | The persons, who have got regular promotions, may be **excluded** from the list of MACP. | नियमित प्रोन्नति प्राप्त व्यक्तियों को एम. ए. सी. पी. की सूची में **शामिल नहीं किया** जाएगा। |
| 91. | exclusive | (adj) - **विशिष्ट**, **एकमात्र**, अनन्य | This is an **exclusive** scheme meant for women. | यह योजना **विशिष्ट** रुप से महिलाओं के लिए है। |
| 92. | excuse | (v).- 1. माफ करना, | 1. The offenders were | 1. शिकायतकर्ता ने अंत में |

| S. No. | Words | Meaning | Usage in English | Usage in Hind |
|---|---|---|---|---|
| | | क्षमा करना (n) - 2. बहाना | finally **excused** by the complainant. 2. The Manager told the worker not to make a lame **excuse**. | अपराधियों को **माफ कर** दिया। 2. प्रबंधक ने कामगार को झूठा **बहाना** बनाने से मना किया। |
| 93. | execute | (v).- **(काम) पूरा करना,** निष्पादन करना | The officer **executed** his official duty despite his personal problems. | अधिकारी ने निजी समस्याओं के बाद भी अपनी सरकारी ड्यूटी **पूरी की**। |
| 94. | executive | (n) - 1 कार्यपालिका* 2 (पदनाम) कार्यपालक 3 **अधिकारी,** (रेडियो) निष्पादक 4. (समिति)* कार्यकारिणी* | 1. The **executive** is one of the most important pillars of democracy. 2. The Chief-**Executive** Officer of the company has announced some new initiative. 3. The Programme **Executive** reviewed the programme before broadcast. 4. The **executive** of the Employees Union has not yet taken a decision in this regard. | 1. **कार्यपालिका** जनतंत्र के सबसे महत्वपूर्ण स्तंभों में से एक है। 2. कंपनी के मुख्य **कार्यपालक** अधिकारी ने कुछ नई पहलों की घोषणा की है। 3.प्रोग्राम **अधिकारी** ने कार्यक्रम के प्रसारण से पहले इसकी समीक्षा की। 4. कर्मचारी यूनियन की **कार्यकारिणी** ने अब तक इस संबंध में कोई निर्णय नहीं किया है। |
| 95. | executor | (n) - निष्पादक | The landlord appointed him the **executor** of her will. | मकान मालिक ने उसे अपनी वसीयत का **निष्पादक** नियुक्त किया। |
| 96. | exemplary behaviour | अनुकरणीय व्यवहार | The Manager praised the subordinate of his **exemplary** behaviour. | प्रबंधक ने अपने अधिनस्थ अधिकारी के **अनुकरणीय व्यवहार** की सराहना की। |
| 97. | exempt | (v).- 1 छूट देना (adj) - 2 छूट-प्राप्त | 1. Donations for National Disaster are **exempted** from income tax. 2. The income upto Rs. 180,000/- is **exempt** from income tax. | 1. राष्ट्रीय आपदा के लिए दिए गए दान को आयकर से **छूट दी** गई है। 2. 180,000 रुपए तक की राशि आयकर से **छूट प्राप्त** है। |
| 98. | exercise | (n).- 1.प्रयोग 2. **अभ्यास** (v).-3. प्रयोग करना | 1. Leadership does not rest on the **exercise** of force alone. 2. Both the countries have agreed | 1. नेतृत्व मात्र बल **प्रयोग** पर निर्भर नहीं करता है। 2. दोनों देश संयुक्त सैनिक **अभ्यास** के लिए सहमत हैं। 3. मीडिया में अपना वक्तव्य देकर |

| S. No. | Words | Meaning | Usage in English | Usage in Hind |
|---|---|---|---|---|
| | | | for a joint military **exercise**. 3. He has only **exercised** his right to free speech making his statement to the media. | उसने अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के अपने अधिकार का ही **प्रयोग किया** है। |
| 99. | exhaustive | (adj) - **संपूर्ण, पूरा,** सर्वांगीण | The file was put up with **exhaustive** details of the case. | फाइल मामले के **पूरे** विवरणों के साथ प्रस्तुत की गई। |
| 100. | exigency | (n) - तात्कालिक* आवश्यकता | An appropriate fund is provided to meet the **exigency** in the office. | कार्यालय की **तात्कालिक आवश्यकता** की पूर्ति के लिए समुचित निधि की व्यवस्था है। |
| 101. | Exim policy | (n) - आयात-निर्यात नीति* | The **exim policy** of the government is quite conducive for promotion of trade. | सरकार की **आयात-निर्यात नीति** व्यापार को बढ़ावा देने के लिए काफी अनुकूल है। |
| 102. | ex-india | (adj) - भारत से बाहर, भारत - बाह्य | The official may avail of **ex-india** leave after completion of his assignment abroad with prior approval of the Ministry | कर्मचारी विदेश में अपना कार्य पूरा करने के बाद मंत्रालय के पूर्व अनुमोदन से **भारत-बाहय** छुट्टी ले सकता है। |
| 103. | exit | (n).-1. निकास, निर्गम 2. **निकास द्वार,** बहिर्गमन द्वार (v) - 3. **बाहर जाना, बाहर होना, बाहर जाना,** बहिर्गमन 4. **हटना** | 1. The emergency **exit** is at the back of the metro train. 2. This is the **exit** of the office building. 3. With his **exit** of the scheme, he has forgone all his rights to avail the benefits. 4. The insured may **exit** the policy only after 10 years. | 1. आपातकालीन **निकास** द्वार मेट्रो ट्रेन के पीछे की ओर है। 2. यह कार्यालय भवन का **निकास** द्वार है। 3. योजना से **बाहर जाने** के कारण वह लाभ उठाने के अपने सभी अधिकार छोड़ चुका है। 4. बीमाकृत व्यक्ति 10 साल के बाद ही इस पॉलिसी से **बाहर निकल** सकता है। |
| 104. | exit policy | (n).- बहिर्गमन नीति* | The **exit policy** of the scheme is unfavourable to the clients. | इस स्कीम की **बहिर्गमन नीति** ग्राहकों के अनुकूल नहीं है। |
| 105. | exonerate | (v).- **दोषमुक्त करना,** माफी देना | After departmental inquiry, he was **exonerated** from all the charges. | विभागीय जांच के बाद, उसे सभी आरोपों से **दोषमुक्त कर** दिया गया। |
| 106. | expansion | (n).-विस्तार, प्रसार | With the **expansion** of the social schemes to the women and | सामाजिक योजनाओं का **विस्तार** करके महिलाओं और बच्चों को |

| **S. No.** | **Words** | **Meaning** | **Usage in English** | **Usage in Hind** |
|---|---|---|---|---|
| | | | children, there has been an increase in social index. | शामिल करने से सामाजिक सूचकांक में वृद्धि हुई है। |
| 107. | expatriation | (n) -1. देश-निकाला, देश-निष्कासन 2. देश-त्याग 3, देश-निष्ठात्याग | His radical views led to his **expatriation** from the country of his origin. | उसके अतिवादी विचारों के कारण उसे **देश निकाला** दे दिया गया। |
| 108. | expedite | (v) - शीघ्र कार्रवाई करना | The process may be **expedited**. | **शीघ्र कार्रवाई करें**। |
| 109. | expel | (v).- **बाहर निकाल देना,** निष्कासित करना | The examinee was **expelled** from the exam for resorting to unfair means. | परीक्षार्थी को अनुचित साधनों का इस्तेमाल करने के कारण परीक्षा से **बाहर निकाल दिया** गया। |
| 110. | expenditure | (n).-व्यय, खर्च | The **expenditure** on the scheme was within the approved limit. | इस योजना पर अनुमोदित सीमा के भीतर ही **व्यय** किया गया है। |
| 111. | experience | (n).-अनुभव | The candidate must have **experience** of 3 years in the field of translation. | उम्मीदवार के पास अनुवाद के क्षेत्र में 3 वर्ष का **अनुभव** होना अनिवार्य है। |
| 112. | experiment | (n).-प्रयोग, परीक्षण | The **experiment** of the new software for reservation system has been successful. | आरक्षण प्रणाली के लिए नए सॉफ्टवेयर का **प्रयोग** सफल रहा है। |
| 113. | expert | (n).-विशेषज्ञ | The opinion of the legal **expert** may be sought in this case. | इस मामले में कानूनी **विशेषज्ञ** की सलाह ली जाए। |
| 114. | expertise | (n).-विशेषज्ञता* | The **expertise** of the officer proved useful in resolving the case. | इस मामले को सुलझाने में अधिकारी की **विशेषज्ञता** उपयोगी साबित हुई। |
| 115. | expiration | (n).-समापन | The letter received at the **expiration** of the period shall not be accepted. | इस अवधि के **समापन** के बाद प्राप्त पत्र स्वीकार नहीं किए जाएंगे। |
| 116. | explanation | (n).-1. स्पष्टीकरण 2. व्याख्या* | The official submitted his **explanation** just before the expiration of the time-limit. | अधिकारी ने समय-सीमा के समापन से कुछ ही पहले अपना **स्पष्टीकरण** प्रस्तुत किया । |
| 117. | explicit | (adj) - **साफ,** स्पष्ट | He was explicit about his intention to make the internal system of the party more democratic. | पार्टी की आंतरिक प्रणाली को और प्रजातांत्रिक बनाने की उसकी मंशा विल्कुल **साफ** थी। |

| **S. No.** | **Words** | **Meaning** | **Usage in English** | **Usage in Hind** |
|---|---|---|---|---|
| 118. | exploitation | (n).-1 शोषण, दोहन, **उपयोग** 2. समुपयोजन | 1. **Exploitation** of the poor cannot be allowed in a democratic set up. 2. The government is trying for proper **exploitation** of the resources. | 1. प्रजातांत्रिक व्यवस्था में गरीबों के **शोषण** की अनुमति नहीं दी जा सकती है। 2. सरकार संसाधनों के उचित **उपयोग** का प्रयास कर रही है। |
| 119. | exploration | (n).- खोज,* समन्वेषण | The oil company has been accorded approval for **exploration** of oil and natural gas in the Krishna Godavari basin. | कृष्णा- गोदावरी बेसिन में तेल और प्राकृतिक गैस की **खोज** करने के लिए तेल कंपनी को अनुमोदन दिया गया। |
| 120. | explore | (v) - खोज करना, पता लगाना | The IT industry of India is **exploring** new overseas market. | भारत का आईटी उद्योग विदेशों में नए बाजार की **खोज कर** है। |
| 121. | export | (n).- निर्यात (v) - **निर्यात करना** | 1. Indian **export** grows at the steady. 2. Indian goods are **exported** to the different parts of the world. | 1.भारतीय **निर्यात** स्थिर दर से बढ़ रहा है। 2.भारतीय सामान दुनिया के विभिन्न भागों में **निर्यात किया** जाता है। |
| 122. | export-import (Exim) | (n).- आयात-निर्यात | The government has amended its **Export-Import** policy. | सरकार ने अपनी **आयात- निर्यात** नीति में संशोधन किया है । |
| 123. | express | (adj) -1.एक्सप्रेस (adv) -2.तुरंत (v) - 3. अभिव्यक्त करना , व्यक्त करना | 1. This is an **express** train. 2. Send the document **express**. 3. Teachers have **expressed** concern about the new evaluation system. | 1 यह **एक्सप्रेस** ट्रेन है। **2.** दस्तावेज **तुरंत** भेजें। 3.शिक्षकों ने नई **मूल्यांकन** प्रणाली के बारे में चिंता व्यक्त की है। |
| 124. | expression | (n) -1. अभिव्यक्ति* 2. वाक्यांश, पद | 1. Indian citizens enjoys the freedom of **expression**. 2. This **expression** is well defined in the note. | 1. भारतीय नागरिकों को **अभिव्यक्ति** की स्वतंत्रता प्राप्त है । 2. टिप्पण में इस **पद** को सुपरिभाषित किया गया है। |
| 125. | expulsion | (n).- **निकालना,** निष्कासन | His indiscipline led to his **expulsion** from the party. | उन्हें अनुशासनहीनता के कारण पार्टी से **निकाला** गया। |
| 126. | extend | (v).- बढ़ाना, विस्तार करना | The scope of the scheme has been **extended** to accommodate a greater number of | इस योजना के दायरे को बड़ी संख्या में लाभार्थियों को समायोजित करने के लिए **बढ़ाया** गया है। |

| S. No. | Words | Meaning | Usage in English | Usage in Hind |
|---|---|---|---|---|
| | | | beneficiaries. | |
| 127. | extensive | (adj) - व्यापक, विस्तृत | The report has got **extensive** coverage. | रिपोर्ट को **व्यापक** कवरेज मिला है। |
| 128. | external | (adj) - 1 **बाहरी,** बाह्य 2 विदेशी, विदेश | The country is facing **external** and internal threat to its security. | देश की सुरक्षा को **बाहरी** और आंतरिक खतरे का सामना करना पड़ रहा है। |
| 129. | extortion | (n).- धन ऐंठना | The accused is charged of **extortion** of money. | अभियुक्त पर **धन ऐंठने** का आरोप है। |
| 130. | extra | (adj) - अतिरिक्त | **Extra** staff has been deployed to complete the work in time. | काम को समय से पूरा करने के लिए **अतिरिक्त** स्टाफ लगाया गया है। |
| 131. | extraordinary | (adj) - असाधारण | India has made an **extraordinary** progress in the field of Information Technology. | भारत ने सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में **असाधारण** प्रगति की है। |
| 132. | extravagant | (n) -1. फिजूलखर्च 2. अपव्ययी | 1. The government has issued new directives to curb in **extravagant** expenditure. 2. The official was in habitual indebtedness only for his **extravagant** nature. | 1.सरकार ने **फिजूलखर्च** पर अंकुश लगाने के लिए नए निदेश जारी किए हैं। 2.कर्मचारी **अपव्ययी** होने के कारण ही आदतन कर्ज में था। |
| 133. | extremist | (n) - उग्रवादी (adj) - **चरमपंथी**, अतिवादी | 1.The country needs a strong intelligence service to counter **extremists**. 2.The Government official should not have **extremist** views. | 1. देश को **उग्रवादियों** का मुकाबला करने के लिए एक मजबूत खुफिया सेवा की जरूरत है। 2. सरकारी कर्मचारी के विचार **चरमपंथी** नहीं होने चाहिए। |
| 134. | eye-witness | (n) -प्रत्यक्षदर्शी, साक्षी चश्मदीद गवाह | The Judge granted the bail after hearing the **eye- witness**. | न्यायाधीश ने **चश्मदीद** गवाह को सुनने के बाद जमानत दे दी । |

# F

| Sl. No. | Words | Meaning | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| 1. | fabricate | (v) -1. गढ़ना 2. निर्माण करना | The defence had fabricated the evidence. | बचाव पक्ष ने साक्ष्य गढ़ा था। |
| 2. | fabricated | (adj) - **गढ़ा हुआ**, **मनगढ़ंत** | The enquiry officer has found it a fabricated case. | जांच अधिकारी ने इस मामले को **मनगढ़ंत** पाया है। |
| 3. | fabrication | (n) – **गढ़ा होना**, संविरचन | The statement of the convict was a complete fabrication from start to finish. | अपराधी का बयान शुरू से लेकर अंत तक पूरी तरह **गढ़ा हुआ** था। |
| 4. | face value | (n) – अंकित मूल्य | The shares of the company were selling at twice their face value. | कंपनी के शेयर उनके अंकित मूल्य से दो गुणा मूल्य पर बेचे जा रहे थे। |
| 5. | facilitate | (v) - **बढ़ावा देना**, सुकर बनाना | The new trade agreement should facilitate rapid economic growth. | नए व्यापार समझौते से तेज आर्थिक विकास को **बढ़ावा** मिलेगा। |
| 6. | facility | (n) – सुविधा* | It is very useful to have an overdraft facility. | ओवरड्राफ्ट सुविधा का होना अत्यंत उपयोगी है। |
| 7. | facsimile | (n) – 1. अनुलिपि* 2. प्रतिकृति* | Please, attach a facsimile signature of the borrower duly attested by a gazetted officer. | कृपया, उधारकर्ता का राजपत्रित अधिकारी द्वारा विधिवत रूप से सत्यापित अनुलिपि हस्ताक्षर संलग्न करें। |
| 8. | fact | (n) – तथ्य | The judge instructed both lawyers to stick to the facts of the case. | न्यायाधीश ने दोनों वकीलों को मामले के तथ्यों पर केंद्रित रहने का निदेश दिया। |
| 9. | fact-finding | (adj) – **तथ्यान्वेषी**, तथ्यान्वेषण | A fact-finding committee has been constituted to probe the stampede. | भगदड़ की घटना की जांच के लिए **तथ्यान्वेषी** समिति गठित की गई है। |
| 10. | factionalism | (n) – 1. **गुटबाजी***, गुटबंदी* 2. गुटवाद | There is factionalism within the Student movement. | इस छात्र आंदोलन में **गुटबाजी** मौजूद है। |
| 11. | factor | (n) - कारक (v) – **शामिल करना** | (n) - The rise in crime is mainly due to social and economic factors. (v) – Remember to factor in staffing costs while planning | (n) - अपराध में वृद्धि के लिए मुख्यतः सामाजिक और आर्थिक कारक जिम्मेदार हैं। (v) - परियोजना को तैयार करते समय स्टाफ पर आने वाली लागत |

| Sl. No. | Words | Meaning | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | | the project. | को भी **शामिल करें**। |
| 12. | factory | (n) – कारखाना, फैक्टरी*, निर्माणी* | The Government has decided to shift the factories to the newly established industrial area. | सरकार ने कारखानों को हाल ही में स्थापित औद्योगिक क्षेत्र में स्थानांतरित करने का निर्णय लिया है। |
| 13. | factual | (adj) – तथ्यपूर्ण, तथ्यात्मक | The inquiry officer has sought for factual information regarding the case. | जांच अधिकारी ने मामले के बारे में तथ्यात्मक जानकारी मांगी है। |
| 14. | faculty | (n) – 1. संकाय<br>2. शिक्षण-स्टाफ<br>3. **क्षमता***, शक्ति* | 1. Faculty of science has been established in the college.<br>2. A faculty meeting was held to discuss the matter.<br>3. The employee had a faculty for seeing his own mistakes. | 1. कॉलेज में विज्ञान संकाय स्थापित किया गया है।<br>2. मामले पर चर्चा करने के लिए शिक्षण-स्टाफ की बैठक आयोजित की गई थी। 3. कर्मचारी के पास अपनी गलतियों को पहचानने की **क्षमता** थी। |
| 15. | fail | (v) – 1. **विफल होना**, **नाकाम होना**, असफल होना<br>2. चूकना<br>3. **फेल होना**, अनुत्तीर्ण होना 4. **नष्ट होना, खराब होना**<br>5. दिवालिया हो जाना | 1. The committee has failed to submit its report in time.<br>2. The companies which fail to take advantage of the new technology will go out of business.<br>3. The candidate has failed in the written test.<br>4. In fact many crops failed because of the drought.<br>5. The engine of the Air Bus failed on take-off.<br>6. A number of banks failed due to recession. | 1. समिति समय पर अपनी रिपोर्ट पेश करने में **विफल** रही है।<br>2. जो कंपनियां नई तकनीक का लाभ लेने से चूक जाएंगी, उन्हें कारोबार छोड़ना होगा।<br>3. उम्मीदवार लिखित परीक्षा में **फेल हो गया** है।<br>4. वास्तव में, सूखे के कारण कई फसलें **नष्ट हो** गईं।<br>5. उड़ान भरते समय एयर बस का इंजन **खराब हो गया**।<br>6. मंदी के कारण कई बैंक दिवालिया हो गए। |
| 16. | fair | (n) – मेला<br>(adj) – 1. स्वच्छ<br>2. उचित<br>3. निष्पक्ष<br>4. पर्याप्त<br>5. (गोपनीय रिपोर्ट) साधारण | (n) – The World Trade Fair is being organized in Delhi.<br>(adj) – 1. The draft has been approved and the fair copies are to be prepared.<br>2. The candidates | (n) – दिल्ली में विश्व व्यापार मेला आयोजित किया जा रहा है।<br>(adj) – 1.मसौदा अनुमोदित हो गया है, स्वच्छ प्रतियां तैयार की जानी हैं।<br>2. उम्मीदवारों को कंप्यूटर का पर्याप्त ज्ञान होना चाहिए। |

| Sl. No. | Words | Meaning | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | | should have fair knowledge of computer. 3. The Magistrate has ordered a fair enquiry. | 3. मजिस्ट्रेट ने निष्पक्ष जांच का आदेश दिया है। |
| 17. | fair copy | (n) – स्वच्छ प्रति* | Please, attach a fair copy of the proposal. | कृपया, प्रस्ताव की स्वच्छ प्रति संलग्न करें। |
| 18. | fairness | (n) – 1. निष्पक्षता* 2. औचित्य | The members have questioned the fairness of the enquiry. | सदस्यों ने जांच की निष्पक्षता पर सवाल उठाया है। |
| 19. | fair price | (n) – **उचित मूल्य**, उचित कीमत* | The consumers have made a lot of complaints against the fair price shops. | उपभोक्ताओं ने **उचित मूल्य** की दुकानों के खिलाफ ढेर सारी शिकायतें की हैं। |
| 20. | fair selection | (n) – निष्पक्ष चयन | The candidates have questioned the selection procedure and demanded for a fair selection. | उम्मीदवारों ने चयन प्रक्रिया पर सवाल उठाए हैं और निष्पक्ष चयन की मांग की है। |
| 21. | fair treatment | (n) – **उचित व्यवहार**, उचित बर्ताव | The delegation has received fair treatment from the protestors. | प्रदर्शनकारियों ने प्रतिनिधिमंडल के साथ **उचित व्यवहार** किया है। |
| 22. | faith | (n) – 1. विश्वास 2. आस्था | People have lost faith in the British Parliament. | जनता ने ब्रिटिश संसद के प्रति विश्वास खो दिया है। |
| 23. | faithful | (n)/ (adj) – **वफादार**, **विश्वसनीय**, विश्वासपात्र | 1. The party leader thanked the faithful of the party for their support. 2. The employee was rewarded for his 30 years' faithful service with the company. | 1. पार्टी नेता ने पार्टी के **वफादारों** को उनके समर्थन के लिए धन्यवाद दिया। 2. कर्मचारी को कंपनी में 30 साल की **विश्वसनीय** सेवा के लिए पुरस्कृत किया गया। |
| 24. | fake | (n) , (adj) – **फर्जी**, नकली जाली,<br>(v) - **नकल करना** | (n) - All the documents proved to be fakes.<br>(adj) – The bank manager is said to have issued fake certificates.<br>(v) - The employee has faked his employer's signature on the document. | (n) - सभी दस्तावेज **फर्जी** साबित हुए।<br>(adj) – पता चला है कि बैंक प्रबंधक ने जाली प्रमाण पत्र जारी किए हैं।<br>(v) - कर्मचारी ने दस्तावेज पर अपने नियोक्ता के हस्ताक्षर की **नकल की** है। |

| Sl. No. | Words | Meaning | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| 25. | fake currency | (n) - **नकली नोट**, जाली मुद्रा, जाली नोट | The police have seized a consignment of fake currency. | पुलिस ने **नकली नोटों** की खेप जब्त की है। |
| 26. | false | (adj) – **मिथ्या, झूठा** | The employee has been charged for giving false information to the office. | कर्मचारी पर कार्यालय को **मिथ्या** जानकारी देने का आरोप लगाया गया है। |
| 27. | fallacious | (adj) – **भ्रामक, झूठा** | The arguments presented by the social activists are fallacious and baseless. | सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा प्रस्तुत तर्क **भ्रामक** और निराधार हैं। |
| 28. | falsification | (n) – **हेराफेरी**, मिथ्याकरण | The company has been proved guilty for falsification of accounts. | लेखा में **हेराफेरी** के लिए कंपनी दोषी साबित हुई है। |
| 29. | family pension | (n) – परिवार पेंशन* | The rates of family pension have been increased according to the 6th CPC recommendations. | छठे केंद्रीय वेतन आयोग की सिफारिशों के अनुसार परिवार पेंशन की दरें बढ़ा दी गई हैं। |
| 30. | family planning | (n) – परिवार नियोजन | The Government has emphasized the need of family planning. | सरकार ने परिवार नियोजन की जरूरत पर बल दिया है। |
| 31. | family welfare | (n) – परिवार कल्याण | The Government has announced new family welfare schemes for the rural population. | सरकार ने ग्रामीण आबादी के लिए नई परिवार कल्याण स्कीमों की घोषणा की है। |
| 32. | famine relief | (n) – अकाल राहत | The State Government has demanded an additional fund for famine relief. | राज्य सरकार ने अकाल राहत के लिए अतिरिक्त निधि की मांग की है। |
| 33. | fare | (n) – किराया | The air fare has been increased due to increase in fuel charges. | ईंधन की कीमतों में वृद्धि की वजह से हवाई किराया बढ़ा दिया गया है। |
| 34. | farewell | (n) – विदाई* | The members have gathered to bid farewell to the Chairman. | सदस्य अध्यक्ष की विदाई के लिए इकट्ठे हुए हैं। |
| 35. | farming | (n) – खेती*, कृषि* | The experts have suggested to adopt organic farming. | विशेषज्ञों ने जैविक खेती को अपनाने का सुझाव दिया है। |
| 36. | fault | (n) – 1. **खराबी***, दोष | 1. The captain knew | 1. कप्तान को पता था कि इंजन में |

| Sl. No. | Words | Meaning | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | 2. चूक*<br>3. त्रुटि* | there was an engine fault but didn't want to alarm the passengers.<br>2. In this case, there was a fault at the Assistant's end.<br>3. The accident occurred due to a human fault. | **खराबी** है, लेकिन वह यात्रियों को सचेत नहीं करना चाहता था।<br>2. इस मामले में सहायक से चूक हुई।<br>3. दुर्घटना मानवीय त्रुटि के कारण हुई। |
| 37. | fault finding | (n) – **गलती खोजना**, छिद्रान्वेषण, दोष निकालना | The excessive fault-finding tendency of the management is good neither for the organization nor for its productive work force. | प्रबंधन द्वारा अत्यधिक **गलती खोजने** की प्रवृत्ति न तो संगठन के लिए अच्छी है और न ही उसके उत्पादक कार्य बल के लिए अच्छी है। |
| 38. | faultless | (adj) – दोषरहित, त्रुटिरहित | The officer is known for his faultless performance. | यह अधिकारी अपने त्रुटिरहित निष्पादन के लिए जाने जाते हैं। |
| 39. | faulty | (adj) – **खराब**, दोषपूर्ण, सदोष | The accident was caused by the faulty traffic signal. | दुर्घटना **खराब** यातायात सिग्नल की वजह से हुई। |
| 40. | favour | (n) – 1. **सहायता***, अनुग्रह, कृपा* 2. पक्षपात 3. पक्ष<br>4. प्राथमिकता* 5. **समर्थन**<br>6. **सहायक**, **अनुकूल**<br>(v) – 7. **प्राथमिकता देना** 8. **पक्ष में होना**<br>9. **समर्थन करना**<br>10. **लाभ पहुंचाना**<br>11. **अनुकूल होना, सहायक होना** 12<br>13. **अनुग्रह करना, सहायता करना, मदद करना**, **एहसान करना**<br>14. **पक्षपात करना** | (n) – 1.The family of the deceased employee has urged for a favour.<br>2. Invigilators should not show favour to any candidate in the examination.<br>3. The government is in favour of reforming the tax laws.<br>4. Employers are more likely to look with favour on experienced candidates.<br>5. Senior ministers spoke in favour of the proposal.<br>6. Low interest rates don't do savers any favours.<br>(v) – 1. Many | (n) – 1. मृतक कर्मचारी के परिवार ने **सहायता** के लिए निवेदन किया है।<br>2. निरीक्षक को परीक्षा में किसी भी उम्मीदवार के साथ पक्षपात नहीं करना चाहिए।<br>3. सरकार कर कानूनों में सुधार के पक्ष में है।<br>4. नियोक्ता अनुभवी उम्मीदवारों को प्राथमिकता देते हैं।<br>5. वरिष्ठ मंत्रियों ने इस प्रस्ताव का **समर्थन किया**।<br>6. निम्न ब्याज दरें बचत करनेवालों के **अनुकूल** नहीं हैं।<br>(v) – 1. कई देश राष्ट्रपति प्रणाली की सरकार को **प्राथमिकता देते** हैं।<br>2. दोनों देश समझौते के **पक्ष में** लग रहे हैं।<br>3. अधिकांश सदस्यों ने तंबाकू |

| Sl. No. | Words | Meaning | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | | countries favour a presidential system of government.<br>2. Both the countries seem to favour the agreement.<br>3. Most of the members favoured the ban on tobacco products.<br>4. The treaty seems to favour the USA.<br>5. The current economy does not favour the development of small businesses.<br>6. The officer did a favour to the employee to help him come out from the crisis.<br>7. The board-member has been charged for doing a favour in selection of the candidate. | उत्पादों पर प्रतिबंध का **समर्थन किया**।<br>4. ऐसा लगता है कि इस संधि से अमेरिका को **लाभ पहुंचेगा**।<br>5. वर्तमान अर्थव्यवस्था छोटे व्यवसायों के विकास के **अनुकूल** नहीं है।<br>6. अधिकारी ने कर्मचारी को संकट से बाहर निकलने में **सहायता** की।<br>7. बोर्ड के सदस्य पर उम्मीदवार के चयन में **पक्षपात करने** का आरोप लगाया गया है। |
| 41. | favourable | (adj) – 1. अनुकूल<br>2. लाभदायक | 1. In this regard, a favourable action will be highly appreciated.<br>2. The terms of the agreement are favourable to both sides. | 1. इस संबंध में अनुकूल कार्रवाई अपेक्षित है।<br>2. समझौते की शर्तें दोनों पक्षों के लिए **लाभदायक** हैं। |
| 42. | favouritism | (n) - पक्षपात | The members have accused the chairman of favouritism. | सदस्यों ने अध्यक्ष पर पक्षपात का आरोप लगाया। |
| 43. | feasible | (adj) – **व्यवहार्य, संभव** | It was no longer financially feasible to keep the community centre open. | सामुदायिक केंद्र को चलाना, आर्थिक रूप से **व्यवहार्य** नहीं था। |
| 66. | passage | (n) - 1. **पारित होना**, मार्ग, गली*, गलियारा 2. अंश, उद्धरण 3 यात्रा* 4 यात्रा व्यय | 1. The bill is now guaranteed an easy **passage** through the parliament. 2. The Ministry bears the cost of **passage** of the deputed officer and his family. | 1. अब विधेयक का संसद में **पारित होना** निश्चित है। 2. प्रतिनियुक्त कर्मचारी और उसके परिवार का **यात्रा व्यय** मंत्रालय वहन करता है। |
| 67. | pass-book | (n) - पासबुक* | Photocopy of the **pass-book** account | विदेश यात्रा की अनुमति |

| S. No. | Words | Hindi Meaning | Usage in English | Usage in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | | for last six months should be submitted while seeking permission for foreign travel. | मांगते समय **पासबुक** की पिछले छह मास के खाते की फोटोप्रति प्रस्तुत की जानी चाहिए। |
| 68. | passenger | (n) - **सवारी***, यात्री | 1. There are five **passangers** in the Taxi. 2. The **passengers** may keep their luggage in the cloak room. | 1. टैक्सी में पांच **सवारी** हैं। 2. **यात्री** अपना सामान क्लॉक रूम में रख सकते हैं। |
| 69. | passenger manifest | (n) - सवारी सूची*, यात्री सूची* | After the train accident, **passenger manifest** was scrutinized to assess the number of casualties. | रेल दुर्घटना के बाद हताहतों कि संख्या का अनुमान लगाने के लिए **यात्री सूची** की जांच की गई। |
| 70. | passive | (adj) - निष्क्रिय | The Ex-Minister has openly been criticized for his **passive** role. | पूर्व मंत्री की **निष्क्रिय** भूमिका के लिए उसकी खुलकर आलोचना की गई है। |
| 71. | passport | (n) - पार-पत्र, पासपोर्ट | Affix your **passport** size photograph on the application form. | आवेदन-पत्र पर अपना **पासपोर्ट** आकार का फोटोग्राफ लगाएं। |
| 72. | password | (n) - पासवर्ड, संकेत शब्द | The default **passwords** have been installed on the computers. | कंप्यूटरों पर डिफ़ॉल्ट **पासवर्ड** डाले गए। |
| 73. | past service | (n) - पूर्व सेवा, पिछली नौकरी* | The employee requested the department to count his **past service** for grant of promotion. | कर्मचारी ने पदोन्नति देने के लिए अपनी **पूर्व सेवा** की गणना किए जाने का अनुरोध किया। |
| 74. | Patent | (n) - पेटेन्ट, एकस्व | The company has applied for the **patent** of the product | कम्पनी ने उत्पाद के **पेटेन्ट** के लिए आवेदन किया है। |
| 75. | patent and design | (n) - एकस्व और अभिकल्प | **Patent and design** of the product were approved in the meeting. | उत्पाद के **एकस्व और अभिकल्प** को बैठक में अनुमोदित किया गया। |
| 76. | paternity leave | (n) - पितृत्व अवकाश | The increase in **paternity leave** has been welcomed by the employees. | **पितृत्व अवकाश** बढ़ाए जाने का कर्मचारियो ने स्वागत किया है। |

| S. No. | Words | Hindi Meaning | Usage in English | Usage in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| 77. | patrolling | (v) - गश्त लगाना | During the curfew, guards could be seen **patrolling** everywhere. | कर्फ्यू के दौरान गार्ड हर तरफ **गश्त लगाते** दिखाई देते थे। |
| 78. | Patron | (n) - 1. संरक्षक 2. ग्राहक | The new Director is a **patron** of arts. | नए निदेशक कला के **संरक्षक** हैं। |
| 79. | patronage | (n) - संरक्षण | The architecture attained new heights under the **patronage** of Mughals. | मुगलों के **संरक्षण** में वास्तुकला उन्नति के शिखर पर थी। |
| 80. | Pattern | (n) - 1. प्रतिमान, प्रतिरुप 2. **सांचा** | Many of the sentences **patterns** in English and Hindi are the same. | अंग्रेजी और हिंदी के कई वाक्य **सांचे** एक से हैं। |
| 81. | paucity | (n) – कमी*, अभाव | The **paucity** of funds was a deterrent in the implementation of the scheme. | निधि का **अभाव** योजना लागू करने<br>में रुकावट था। |
| 82. | Pay | (n) - वेतन | The 6th **pay** commission has upgraded the pay scales of the teachers. | छठे **वेतन** आयोग ने शिक्षकों के वेतनमान का उन्नयन किया है। |
| 83. | payable | (n) - देय | The interest **payable** for the financial year has been calculated. | वित्त वर्ष की अवधि के लिए **देय** ब्याज की गणना कर ली गई है। |
| 84. | pay and allowances | (n) - वेतन तथा भत्ते | The committee will recommend a raise in **pay and allowance** of teachers. | समिति अध्यापकों के **वेतन तथा भत्तों** में बढ़ोतरी की सिफारिश करेगी। |
| 85. | pay bill | (n) - वेतन बिल | The **paybill** has been sent to the pay and accounts office. | **वेतन बिल** को भुगतान तथा लेखा कार्यालय भेज दिया गया है। |
| 86. | pay certificate | (n) - वेतन प्रमाण-पत्र | He was asked to furnish **his pay certificate** for grant of loan. | ऋण स्वीकृत करने के लिए उससे **वेतन प्रमाण-पत्र** प्रस्तुत करने को कहा गया। |
| 87. | pay day | (n) - वेतन दिवस | The **pay day** has been fixed to be the last day of the month. | माह का अंतिम दिन **वेतन दिवस** के रूप में निर्धारित किया गया है। |
| 88. | payee | (n) - आदाता, पाने | The **payee** of the cheque must endorse | **आदाता** चेक के पीछे अवश्य |

| S. No. | Words | Hindi Meaning | Usage in English | Usage in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | वाला | on the back. | हस्ताक्षर करे। |
| 89. | Payer | (n) - भुगतानकर्ता, अदाकर्ता | The **payer** should request a receipt for the payments made. | **भुगतानकर्ता** द्वारा किए हुए भुगतान की रसीद मांगी जानी चहिए। |
| 90. | pay increase | (n) - वेतन बढ़ोतरी* | Employees in corporate sector in India can expect a 10% **pay increase** on average this year. | भारत में कारपोरेट क्षेत्र के कर्मचारी इस वर्ष औसतन 10% तक **वेतन बढ़ोतरी** की आशा कर सकते हैं। |
| 91. | payment | (n) - भुगतान, अदायगी* | The final **payment** would be made after the date of maturity of the insurance policy. | बीमा पॉलिसी की परिपक्वता की तारीख के बाद अंतिम **भुगतान** किया जाएगा। |
| 92. | payment in cash | (n) - नकद भुगतान | **Payment in cash** has been made to seller. | विक्रेता को **नकद भुगतान** किया गया है। |
| 93. | pay negotiations | (n) - वेतन वार्ता | The management is in the process of conducting **pay negotiations**. | प्रबंधन **वेतन वार्ता** कर रहा है। |
| 94. | pay off | (v) - चुकता करना | The employee was asked to **pay off** his loan before being relieved for deputation. | प्रतिनियुक्ति के लिए कार्यभार मुक्त किए जाने से पहले कर्मचारी से उसका ऋण **चुकता करने** के लिए कहा गया। |
| 95. | pay order | (n) - अदायगी आदेश | The institute has asked the new recruits to furnish the security in form of a **pay order**. | संस्थान ने नव नियुक्त कर्मचारियों से **अदायगी आदेश** के रूप में प्रतिभूति जमा कराने को कहा है। |
| 96. | pay package | (n) - 1. अदायगी पैकेज 2. **वेतन पैकेज**, वेतन संपुट | The multinational companies are attracting youngsters with hefty **pay packages**. | बहुराष्ट्रीय कंपनियां भारी **वेतन पैकेज** से युवाओं को आकर्षित कर रही हैं। |
| 97. | pay review | (n) - वेतन समीक्षा* | The seventh pay commission would conduct a pay review of all the employees. | सातावें वेतन आयोग में सभी कर्मचारियों की **वेतन समीक्षा** की जाएगी। |
| 98. | pay roll | (n) - वेतनपत्रक | Five new employees are added in this month's **pay roll**. | इस माह के **वेतनपत्रक** में 5 नए कर्मचारियों के नाम जोड़े |

| S. No. | Words | Hindi Meaning | Usage in English | Usage in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | | | गए हैं। |
| 99. | pay-scale | (n) - वेतनमान | Translators association has submitted a representation to seventh pay commission to revise their **pay scale**. | अनुवादक एसोसिएशन ने अनुवादकों के **वेतनमान** को संशोधित करने के लिए सांतवें वेतन आयोग को प्रतिवेदन दिया है। |
| 100. | pay-slip | (n) - वेतन पर्ची* | Detail of various items of pay is displayed in the **pay-slip**. | वेतन की विभिन्न मदों का ब्यौरा **वेतन पर्ची** में प्रदर्शित किया गया है। |
| 101. | Peak | (n) - ऊंचाई, शीर्ष, शिखर | This month production has reached a new **peak**. | इस महीने उत्पादन एक नई **ऊंचाई** पर पहुंचा है। |
| 102. | peak-hours | (n) - व्यस्ततम समय | There will be a heavy traffic in central Delhi during **peak hours**. | यातायात के **व्यस्ततम समय** में मध्य दिल्ली में भारी यातायात मिलेगा। |
| 103. | peak season | (n) - व्यस्ततम अवधि* | It is difficult to get rail reservation during summer holiday **peak season**. | ग्रीष्मकालीन छुट्टियों की **व्यस्ततम अवधि** में रेल आरक्षण पाना मुश्किल है। |
| 104. | pecuniary | (adj) - **आर्थिक**, धन-संबंधी | The project should be handled in such a way that it should not result in a **pecuniary** loss to the Government. | परियोजना का संचालन इस तरह से किया जाना चाहिए कि सरकार को **आर्थिक** नुकसान न हो। |
| 105. | penal action | (n) - दांडिक कार्रवाई* | **Penal action** is approved for errant employee. | दोषी कर्मचारी के खिलाफ **दांडिक कार्रवाई** का अनुमोदन किया गया है। |
| 106. | penal code | (n) - दंड-संहिता* | Some of the provisions of Indian **penal code** are outdated as they were formulated long ago. | भारतीय **दंड-संहिता** के कुछ प्रावधान पुराने पड़ गए हैं क्योंकि उन्हें बहुत पहले तैयार किया गया था। |
| 107. | penal interest | (n) - **दांडिक ब्याज,** दडं-स्वरुप ब्याज | Payment of installment after due date will invite **penal interest**. | देय तिथि के बाद किस्त का भुगतान करने पर **दांडिक ब्याज** का भुगतान करना होगा। |
| 108. | penalize | (v) - दंडित करना | The errant employee was **penalized** for his | दोषी कर्मचारी को अनुशासनहीनता के लिए |

| S. No. | Words | Hindi Meaning | Usage in English | Usage in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | | indiscipline. | **दंडित किया गया।** |
| 109. | penal rent | (n) - **दांडिक किराया**, दंड-स्वरूप किराया | For non – payment of rent on time the employee was charged with **penal rent** for one month. | समय पर किराए का भुगतान न करने पर कर्मचारी को एक महीने का **दंड -स्वरूप** किराया देना पड़ा। |
| 110. | penalty | (n) - 1. दंड 2. अर्थदंड, जुर्माना 3. शास्ति* | The penalty was imposed for late payment of fees. | फीस देर से जमा करने पर **जुर्माना** लगाया गया। |
| 111. | pending | (adj) - 1. लंबित अनिर्णीत, रुका हुआ 2. तक, पर्यंत | A lot of work is **pending** in the administration sector for the want of staff. | स्टाफ की कमी के कारण प्रशासन अनुभाग में बहुत सा कार्य **लंबित** है। |
| 112. | pending case | (n) - लंबित मामला, अनिर्णीत मामला, रुका मामला | A large no of **pending cases** reflects lack of efficiency of the department. | बड़ी संख्या में **लंबित मामलों** से विभाग की कार्यकुशलता में कमी का पता चलता है। |
| 113. | pending decision | (n) - निर्णय होने तक | **Pending decision** of the CAT, existing seniority list will be in operation. | कैट का **निर्णय आने तक**, वर्तमान वरिष्ठता सूची लागू रहेगी। |
| 114. | pen-down strike | (n) - कलम-रोको हड़ताल | Employee Union has threatened **pen - down strike** if their demands are not met. | कर्मचारी संघ ने मांगें न माने जाने पर **कलम-रोको हड़ताल** की धमकी दी है। |
| 115. | pension | (n) - पेन्शन | **Pension** papers of the retiring employee are to be prepared on priority basis. | सेवानिवृत्त कर्मचारी के **पेंशन** पेपर प्राथमिकता आधार पर तैयार किए जाने हैं। |
| 116. | pensionable | (adj) - पेन्शनी | **Pensionable** age for the Central Government employee is 60 years. | सरकारी कर्मचारियों की **पेन्शनी** आय 60 वर्ष है। |
| 117. | pensionary benefits | (n) - पेन्शन-हितलाभ | **Pensionary benefits** are to be given to employees with at least 20 years of continuous service. | **पेन्शन-हितलाभ** केवल उन कर्मचारियों को देय होगा जिन्होंने 20 वर्ष लगातार सेवा पूरी कर ली हो। |
| 118. | pensioner's half | (n) - पेन्शनभोगी की अर्धिका* | In case, pensioner wants to receive his pension from another state, **pensioner's** | यदि पेन्शनभोगी अपनी पेन्शन किसी दूसरे राज्य से प्राप्त करना चाहता है तो |

| S. No. | Words | Hindi Meaning | Usage in English | Usage in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | | **half** will be forwarded to another state complying due process. | **पेन्शनभोगी की अर्धिका** विहित प्रक्रिया का पालन करते हुए संबंधित राज्य को भेजी जाएगी। |
| 119. | pension payment order | (n) - पेन्शन अदायगी आदेश | **Pension payment order** should be prepared before the date of retirement of the employee. | **पेन्शन अदायगी आदेश** कर्मचारी की सेवानिवृत्ति की तारीख से पहले तैयार कर लेना चाहिए। |
| 120. | peon book | (n) - चपरासी-बही* | Signature of the receiving clerk should be taken on the **peon book**. | **चपरासी-बही** पर प्राप्तकर्ता लिपिक के हस्ताक्षर लिए जाने चाहिए। |
| 121. | per annum | (adj) - प्रतिवर्ष, वार्षिक, सालाना | The **per annum** income of the company is Rs 10 crore. | कंपनी की **सालाना** आय 10 करोड़ रुपए है। |
| 122. | per capita income | (n) - प्रति व्यक्ति आय | The development schemes have resulted in increase of **per capita income** of the state. | विकास स्कीमों के परिणामस्वरूप राज्य की **प्रति व्यक्ति आय** में बढ़ोतरी हो गई है। |
| 123. | percent | (n) - प्रतिशत*, फीसदी* | 1. Literacy rate has risen to around 95 **percent** in Kerala. 2. Ten **percent** increase is expected in the per annum income of the company. | 1. केरल में साक्षरता दर लगभग 95 **प्रतिशत** तक पहुंच गयी है। 2. कंपनी की वार्षिक आय में दस **प्रतिशत** वृद्धि होने की आशा है। |
| 124. | percentage | (n) - 1. प्रतिशतता* 2. प्रतिशत दर* | **Percentage** of the literate people is increasing in the state. | राज्य में साक्षर लोगों की **प्रतिशतता** बढ़ रही है। |
| 125. | percentage point | (n) - प्रतिशतता अंक | For admission in Delhi University in science stream only **percentage point** in science subjects will be counted. | दिल्ली विश्वविद्यालय में विज्ञान विषय में प्रवेश के लिए केवल विज्ञान संबंधी विषयों के **प्रतिशतता अंकों** की गणना की जाएगी। |
| 126. | perennial | (adj) - 1. चिरस्थायी 2. बारहमासी* | 1. Contentment is **perennial** source of pleasure. 2. Brahamputra is a **perennial** river. | 1. संतोष आनंद का **चिरस्थायी** स्रोत है। 2. ब्रहमपुत्र **बारहमासी** नदी है। |

| S. No. | Words | Hindi Meaning | Usage in English | Usage in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| 127. | perennial staff | (n) - चिरस्थायी स्टाफ | Forest guard is **perennial staff** in the forest department. | वन विभाग में वन रक्षक **चिरस्थायी स्टाफ** होता है। |
| 128. | perforce | (adv) - जबरदस्ती*, बलात् | Employee s Union officials have entered in the meeting **per force**. | कर्मचारी यूनियन के पदाधिकारी बैठक में **बलात** घुस गए। |
| 129. | performance | (n) - 1. निष्पादन 2. पालन | **Performance** can be assessed on the basis of standard criteria. | मानक मानदंडों के आधार पर **निष्पादन** का मूल्यांकन किया जा सकता है। |
| 130. | performance appraisal | (n) - निष्पादन मूल्यांकन | **Performance appraisal** of the personnel should be made on the basis of defined parameters. | कार्मिकों का **निष्पादन मूल्यांकन** पारिभाषित मानदंडों के आधार पर किया जाना चाहिए। |
| 131. | performance rating | (n) - 1. निष्पादन कोटि-निर्धारण 2. निष्पादन कोटि* | **Performance rating** of the department is calculated on the basis of annual objectives achieved. | विभाग का **निष्पादन कोटि निर्धारण** प्राप्त वार्षिक लक्ष्यों के आधार पर किया जाता है। |
| 132. | Period | (n) - अवधि*, कालावधि* | The deputation **period** is three years in normal circumstances. | प्रतिनियुक्ति की **अवधि** सामान्य परिस्थितियों में तीन वर्ष है। |
| 133. | periodical | (adj) - 1. पत्र, सामयिकी पत्रिका* 2. आवधिक, समय-समय पर, नियतकालिक | The **periodical** published from the department contains useful material. | विभाग द्वारा निकाली जा रही **सामयिकी पत्रिका** में उपयोगी सामग्री होती है। |
| 134. | periodical inspection | (n) - आवधिक निरीक्षण | Headquarters should undertake **periodical inspection** of regional centers. | मुख्यालय को क्षेत्रीय केन्द्रों का **आवधिक निरीक्षण** करना चाहिए। |
| 135. | periodical return | (n) - आवधिक विवरणी* | **Periodical return** of the work needs to be sent quarterly to the Headquarters. | कार्य की **आवधिक विवरणी** प्रत्येक तिमाही में मुख्यालय भेजी जानी चाहिए। |
| 136. | period of notice | (n) - नोटिस अवधि*, सूचना अवधि* | **Period of notice** for resignation for Govt. employee is 3 months. | सरकारी कर्मचारी के लिए त्यागपत्र देने की **नोटिस अवधि** 3 महीने है। |
| 137. | period under review | (n) - समीक्षाधीन अवधि* | For D.P.C of this category of | इस श्रेणी के कर्मचारियों की विभागीय पदोन्नति समिति |

| **S. No.** | **Words** | **Hindi Meaning** | **Usage in English** | **Usage in Hindi** |
|---|---|---|---|---|
| | | | employees the **period under review** is 3 years. | के लिए **समीक्षाधीन अवधि** 3 साल है। |
| 138. | perishable | (adj) - खराब होने वाला, विनश्य | **Perishable** items should not be kept for long period in stores. | **खराब होने वाली** वस्तुएं दुकानों में लंबी अवधि के लिए नहीं रखी जानी चाहिए। |
| 139. | perishable goods | (n) – **शीघ्र खराब होने वाला माल**, विनश्य माल | Special packaging needs to be done for **perishable goods**. | **खराब होने वाले माल** की विशेष पैकेजिंग की जानी चाहिए। |
| 140. | perjury | (n) - मिथ्या साक्ष्य | Giving **perjury** is punishable offence. | **झूठी गवाही** देना दंडनीय अपराध है। |
| 141. | perks (=perquisites) | (n) - अनुलब्धियां | The **perks** for this job include free transport. | इस कार्य की अनुलब्धियों में परिवहन भत्ता शामिल है। |
| 142. | permanent | (n) - 1. स्थायी 2. पक्का | 1. Once probation period is completed, the employee becomes **permanent** on the post. 2. A **permanent** structure was built on the plot. | 1. परिवीक्षा अवधि पूरी हो जाने के बाद कर्मचारी उस पद पर **स्थायी** हो जाता है। 2. प्लाट पर **पक्का** ढांचा बनाया गया। |
| 143. | permanent post | (n) - स्थायी पद | The head of the department may permit to re-advertise the **permanent post** in the Employment News. | विभागाध्यक्ष **स्थायी पद** को रोजगार समाचार में पुनर्विज्ञापित करने की अनुमति दे सकते हैं। |
| 144. | permanent vacancy | (n) - स्थायी रिक्ति* | Recruitment can be done only against **permanent vacancies**. | केवल **स्थायी रिक्तियों** के लिए ही भर्ती की जा सकती है । |
| 145. | per mensem | (n) - प्रतिमास, हर महीने, माहवार | His emoluments **per mensem** is equivalent to that of Section Officer of the Govt. of India | उसकी **प्रतिमास** परिलब्धियां भारत सरकार के अनुभाग अधिकारी के बराबर हैं। |
| 146. | permissible | (v) - अनुमति* (adj) - **अनुमत**, अनुमत्य अनुज्ञेय | 1. Coming late for more than half an hour to office is not **permissible**. 2. **Permissible** weight is two tons. | 1. आधे घंटे से अधिक देर से कार्यालय आने की **अनुमति** नहीं है। 2. **अनुमत** वजन दो टन है। |
| 147. | permission | (n) - अनुज्ञा*, | **Permission** from Joint Secretary level | विदेश जाने के लिए संयुक्त |

| <u>S. No.</u> | <u>Words</u> | <u>Hindi Meaning</u> | <u>Usage in English</u> | <u>Usage in Hindi</u> |
|---|---|---|---|---|
| | | अनुमति* | officer is required to go abroad. | सचिव स्तर के अधिकारी से **अनुमति** लेनी आवश्यक है। |
| 148. | Permit | (n) - 1. अनुज्ञा-पत्र, परमिट (v) - 2. अनुज्ञा देना, अनुमति देना | 1. **Permit** for mining can be given only after environment clearance. 2. The employee was **permitted** to apply for the deputation post. | 1. पर्यावरण संबंधी मंज़ूरी के बाद ही खनन के लिए **अनुज्ञा-पत्र** दिया जा सकता है। 2. कर्मचारी को प्रतिनियुक्ति पद के लिए आवेदन करने की **अनुमति दी गई** थी। |
| 149. | perpetual | (adj) - शाश्वत, निरंतर, चिर | The conflict between line officers and staff officers is **perpetual**. | लाइन अधिकारियों और स्टाफ अधिकारियों के बीच **निरंतर** संघर्ष चला आ रहा है। |
| 150. | perpetual lease | (n) - स्थायी पट्टा | The building is given to the organization on **perpetual lease**. | इमारत संगठन को **स्थायी पट्टे** पर दी गई। |
| 151. | perquisites | (n) - अनुलब्धियां* | The main attraction to join this organization is the perquisites attached with the job. | इस संगठन के साथ जुड़ने का मुख्य आकर्षण नौकरी के साथ जुड़ी हुई **अनुलब्धियां** हैं। |
| 152. | personal | (adj) - वैयक्तिक | **Personal** records of the employee are kept in the service book. | कर्मचारी के **वैयक्तिक** रिकार्ड सेवा पुस्तिका में रखे जाते हैं। |
| 153. | personal allowances | (n) - वैयक्तिक भत्ते | Detail of the personal allowance is shown in the salary slip. | वैयक्तिक भत्ते का विस्तृत ब्यौरा वेतन पर्ची में दिखाया गया है। |
| 154. | personal bond | (n) - मुचलका, स्वीय बंधपत्र | The accused was released on **personal bond** of Rupees One Lac. | अभियुक्त को एक लाख रुपए के **मुचलके** पर रिहा किया गया। |
| 155. | personal effects | (n) - निजी सामान | **Personal effects** of the officer going for foreign posting were sent by ship. | विदेशी पोस्टिंग के लिए जा रहे अधिकारी का **निजी सामान** जहाज द्वारा भेजा गया। |
| 156. | personal identification mark | (n) - वैयक्तिक पहचान-चिह्न | **Personal identification mark** detail should be given in the relevant form. | संबंधित फार्म में **वैयक्तिक पहचान-चिह्न** का विवरण दिया जाना चाहिए। |
| 157. | personality | (n) - व्यक्तित्व | The interview board systematically | साक्षात्कार बोर्ड उम्मीदवार के |

| S. No. | Words | Hindi Meaning | Usage in English | Usage in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | | assesses the **personality** of the candidate. | **व्यक्तित्व** का व्यवस्थित ढंग से आकलन करता है। |
| 158. | personal letter | (n) - निजी पत्र | The format of the **personal letter** is quite different from official letter. | **निजी पत्र** का प्रारूप सरकारी पत्र से काफी अलग होता है। |
| 159. | personnel | (n) - कार्मिक | **Personnel** policy of this company is very progressive. | इस कंपनी की **कार्मिक** नीति बहुत प्रगतिशील है। |
| 160. | perspective | (n) - परिप्रेक्ष्य | The **perspective** of the line officer is sometimes different from that of staff officers. | लाइन अधिकारी का **परिप्रेक्ष्य** कभी-कभी स्टाफ अधिकारी से अलग होता है। |
| 161. | persuade | (v) - 1. समझाना, मनाना 2. सहमत कराना | The officer **persuaded** the Union to withdraw the strike. | अधिकारी ने संघ को हड़ताल वापस लेने के लिए **सहमत कर** लिया। |
| 162. | pertinent | (adj) - संगत, प्रासंगिक | All **pertinent** points are incorporated in the self contained note. | सभी **संगत** मुद्दे स्वत:पूर्ण टिप्पणी में शामिल कर लिए गए हैं। |
| 163. | perusal | (n) - अवलोकन, देखना | File has been sent to Director for **perusal**. | फ़ाइल निदेशक महोदय के समक्ष **अवलोकन** के लिए भेजी गई। |
| 164. | pesticide | (n) - पीड़कनाशी | Excess use of **pesticide** is not in the long- term interest of farmers. | **पीड़कनाशी** का अत्यधिक प्रयोग किसानों के दीर्घकालिक हित में नहीं है। |
| 165. | petition | (n) - याचिका* | Mercy **petition** to commute the capital punishment into life sentence has been accepted by the President. | राष्ट्रपति ने मृत्यु दण्ड की सजा को आजीवन कारावास में बदलने की **याचिका** को स्वीकार कर लिया है। |
| 166. | petitioner | (n) - याचिकादाता | The **petitioner** was personally asked to appear in the case. | **याचिकादाता** को मामले में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने के लिए कहा गया। |
| 167. | pharmacy | (n) - 1. भेषजी 2. ***औषधशाला***, भेषजशाला | The medicine manufactured in the **pharmacy** is of fine quality. | **औषधशाला** में उच्च गुणवत्ता की औषधि विनिर्मित होती है। |
| 168. | phase | (n) - 1. प्रावस्था | The project will be | परियोजना तीन **चरणों** में पूरी |

| S. No. | Words | Hindi Meaning | Usage in English | Usage in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | 2.चरण | completed in three **phases**. | की जाएगी। |
| 169. | phenomenon | (n) - परिघटना* | **Phenomenon** of large turnover of workforce needs to be analyzed. | कर्मचारियों द्वारा बड़ी संख्या में संस्था को छोड़ने की **परिघटना** का विश्लेषण किया जाना चाहिए। |
| 170. | physical checking | (n) - प्रत्यक्ष जांच* | **Physical checking** of stock is done every month. | स्टॉक की **प्रत्यक्ष जांच** हर महीने की जाती है। |
| 171. | physical fitness cerificate | (n) - शारीरिक स्वस्थता प्रमाणपत्र | **Physical fitness certificate** needs to be submitted at the time of joining after medical leave. | चिकित्सा छुट्टी के पश्चात कार्यभार ग्रहण करते समय **शारीरिक स्वस्थता प्रमाणपत्र** प्रस्तुत किया जाना आवश्यक है। |
| 172. | physical handicapped | (n) - अंगबाधित, विकलांग | There is a provision of reservation for **physically handicapped** in this job. | इस नौकरी में **विकलांगों** के लिए आरक्षण का प्रावधान है। |
| 173. | physical vacancy | (n) - वास्तविक रिक्ति* | The promotion can only be given if a **physical vacancy** exists. | **वास्तविक रिक्ति** होने पर ही पदोन्नति दी जा सकती है। |
| 174. | physical verification | (n) - ***वास्तविक सत्यापन***, प्रत्यक्ष सत्यापन | **Physical verification** of the data shown will be done by the competent authority. | दर्शाए गए आंकड़ों का **वास्तविक सत्यापन** सक्षम प्राधिकारी द्वारा किया जाएगा। |
| 175. | piecemeal | (adj) - ***खंडित***, खंडश:, टुकड़ों में | The **piecemeal** approach towards the Naxalisam will not be successful. | नक्सलवाद के प्रति **खंडित** दृष्टिकोण कभी सफल नहीं हो सकता। |
| 176. | piece rate | (n) - ***प्रति इकाई दर****, उजरती दर*, मात्रानुपाती दर* | The **piece rate** payment system will result in better productivity. | **प्रति इकाई दर** भुगतान प्रणाली के परिणामस्वरूप उत्पादकता बेहतर होगी। |
| 177. | pilot project | (n) - 1. अग्रगामी कार्यक्रम 2. प्रायोगिक कार्यक्रम | **Pilot project** once successful, it will become part of the regular programme. | **प्रायोगिक कार्यक्रम** एक बार सफल हो जाने के बाद नियमित कार्य का हिस्सा बन जाएगा। |
| 178. | piracy | (n) – **अनधिकृत** | 1. The copyright act provides for action | 1. प्रतिलिप्यधिकार |

| S. No. | Words | Hindi Meaning | Usage in English | Usage in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | **प्रयोग**, चौर्य, जलदस्युता* | against **piracy**. 2. The government is planning to take stern action against software **piracy**. | अधिनियम में चोरी के खिलाफ कार्रवाई का प्रावधान है। 2. सरकार सॉफ्ट्वेयर के **अनधिकृत प्रयोग** के खिलाफ कठोर कदम उठाने की योजना बना रही है। |
| 179. | placement | (n) - स्थानन | The institution is committed to provide a successful future and better **placement** opportunity to students. | संस्थान अपने छात्रों को सफल भविष्य और बेहतर **स्थानन** के अवसर उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। |
| 180. | placement agency | (n) - **नियोजन एजेंसी*** | The **placement** agencies recruit students from IIT and IIMs for top jobs. | **नियोजन एजेंसियां** शीर्ष नौकरियों के लिए आईआईटी और आईआईएम के विद्यार्थियों की भर्ती करती हैं। |
| 181. | placement service | (n) - **नियोजन सेवा***, स्थानन सेवा* | Multi Task Staff can be recruited through **placement service**. | बहु कार्य स्टाफ की भर्ती **नियोजन सेवा** के माध्यम से की जा सकती है। |
| 182. | place of birth | (n) - जन्म-स्थान | **Place of birth** detail is to be given in the security check. | सुरक्षा जांच में **जन्म-स्थान** संबंधी ब्योरा दिया जाना चाहिए। |
| 183. | place of work | (n) - कार्य-स्थल | Indiscipline will be not be tolerated at the **place of work**. | **कार्य-स्थल** पर अनुशासनहीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। |
| 184. | Plaint | (n) - वाद-पत्र | Detail of the sexual assault was given by the plaintiff in the **plaint**. | वादी द्वारा **वाद-पत्र** में यौन उत्पीड़न का ब्यौरा दिया गया था। |
| 185. | Plaintiff | (n) - वादी | The **plaintiff** sought relief from the CAT against the suspension order. | **वादी** ने कैट से निलंबन आदेश के खिलाफ राहत की मांग की। |
| 186. | Plan | (n) - आयोजना*, योजना* | The **plan** of the department for the financial year was approved by finance ministry. | वित्त वर्ष के लिए विभाग की **योजना** को वित्त मंत्रालय ने अनुमोदन प्रदान किया। |

| S. No. | Words | Hindi Meaning | Usage in English | Usage in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| 187. | Planning | (n) - 1. आयोजना*, योजना* 2. आयोजना बनाना 3. नियोजन | Advance **planning** results in a better execution. | अग्रिम **योजना** से ही बेहतर निष्पादन होता है। |
| 188. | plan outlay | (n) - आयोजना परिव्यय, योजना परिव्यय | The **plan outlay** for the department includes outreaching programmes expenditure. | विभाग की **योजना** परिव्यय में कार्यक्रमों के विस्तार का व्यय भी शामिल है। |
| 189. | Plant | (n) - 1. संयंत्र 2. पादप, पौधा (v) - 3. पौधा लगाना | 1. SAIL has five integrated steel **plants**, three special plants, and one subsidiary in different parts of the country. 2. A good number of plants were planted on World Environment Day. | 1. सेल के पांच एकीकृत इस्पात **संयंत्र**, तीन विशेष संयंत्र और एक सहायक इकाई देश के विभिन्न भागों में स्थित है। 2. विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर बड़ी संख्या में **पौधे** लगाए गए। |
| 190. | Playground | (n) - क्रीड़ा स्थल, खेल का मैदान | A provision for **playground** should also be made in the trainees' hostel. | प्रशिक्षणार्थियों के छात्रावास में भी **खेल के मैदान** का प्रावधान होना चाहिए। |
| 191. | Plea | (n) - 1. तर्क, दलील* 2. अभिववचन, अभिवाक् (विधि) | The **plea** for giving seniority to adhoc employees from the date of adhoc appointment was turned down by the Court. | न्यायालय ने तदर्थ कर्मचारियों को तदर्थ नियुक्ति की तिथि से वरिष्ठता देने की **दलील** ठुकरा दी। |
| 192. | Plead | (v) - ***पक्ष प्रस्तुत करना,*** अभिवचन करना, पैरवी करना | The Additional solicitor General pleaded for harsh punishment to sexual offenders. | एडिशनल सॉलिसिटर जनरल ने यौन अपराधियों को कठोर सजा देने के लिए पक्ष प्रस्तुत किया। |
| 193. | pleasure | (n) - ***इच्छा*, मर्जी**,* प्रसाद | There should be definite rules for promotion; it should not be at the **pleasure** of senior officers. | पदोन्नति के लिए निश्चित नियम होने चाहिएं, यह वरिष्ठ अधिकारियों की मर्जी पर निर्भर नहीं होनी चाहिए। |
| 194. | plebiscite | (n) - जनमत-संग्रह | The **plebiscite** in Cremea was discussed in U.N.O. | क्रीमिया के **जनमत संग्रह** पर संयुक्त राष्ट्र संघ में चर्चा हुई। |

| S. No. | Words | Hindi Meaning | Usage in English | Usage in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| 195. | Pledge | (n) - 1. गिरवी रखना 2. रेहन रखना 3 प्रतिज्ञा करना | Bank requires loanee to **pledge** his house while applying for home loan. | बैंक गृह ऋण के लिए आवेदन करते समय ऋणी से उसका घर **गिरवी** रखवाता है। |
| 196. | pledgee | (n) - गिरवीदार | The loanee pledged the house to the **pledgee** against the home loan. | ऋणी ने गृह ऋण के लिए **गिरवीदार** के पास मकान गिरवी रखा। |
| 197. | pledger | (n) - गिरवीकर्ता | The **pledger** gives the pledgee some rights but does not part with all rights of ownership. | **गिरवीकर्ता** गिरवीदार को कुछ अधिकार देता है, लेकिन स्वामित्व के समग्र अधिकार नहीं देता है। |
| 198. | plenary | (adj) - पूर्ण | The Minister will inaugurate the **plenary** session of the conference. | मंत्री सम्मेलन के **पूर्ण** सत्र का उद्घाटन करेंगे। |
| 199. | point of order | (n) - व्यवस्था का प्रश्न | The treasury benches raised **point of order** to disallow postponement of the question hour. | सत्ता पक्ष ने प्रश्नकाल के स्थगन की अनुमति न प्रदान करने के लिए **व्यवस्था का प्रश्न** उठाया। |
| 200. | point system | (n) - अंक प्रणाली* | Most of the boards still use **point system** to judge the performance of the students. | अधिकांश बोर्ड अभी भी छात्रों के प्रदर्शन को परखने के लिए **अंक प्रणाली** का प्रयोग करते हैं। |
| 201. | Police | (n) - पुलिस* | **Police** arrested the criminal and produced it in the court. | पुलिस ने अपराधी को गिरफ्तार किया है और अदालत में पेश किया। |
| 202. | Policy | (n) - 1. नीति 2. (बीमा) पॉलिसी | 1. There will be a change in the foreign **policy** with the advent of the new government. 2. The final payment would be made after the date of maturity of the insurance **policy**. | 1. नई सरकार के आगमन के साथ विदेश **नीति** में बदलाव किया जाएगा। 2. अंतिम भुगतान बीमा **पॉलिसी** की परिपक्वता की तारीख के बाद किया जाएगा। |
| 203. | policy decision | (n) - ***नीतिगत निर्णय***, नीति-विषयक निर्णय | **Policy decision** on the issue will be taken by a committee consisting of | इस मुद्दे पर **नीतिगत निर्णय** संबंधित मंत्रालयों के सचिवों की एक समिति द्वारा लिया |

| S. No. | Words | Hindi Meaning | Usage in English | Usage in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | | Secretaries from concerned Ministries. | जाएगा। |
| 204. | policy direction | (n) - नीति निर्देश | **Policy directions** of the new government are enumerated in the Presidential address. | राष्ट्रपति के अभिभाषण में नई सरकार के **नीति निर्देशों** का उल्लेख किया गया बताए गए हैं। |
| 205. | political | (adj) - राजनैतिक, राजनीतिक | **Political** changes will result in change of policies. | **राजनीतिक** परिवर्तन के परिणामस्वरूप नीतियों में परिवर्तन होगा। |
| 206. | political pressure | (n) - राजनीतिक दबाव | Officers should not succumb to political pressure. | अधिकारियों को राजनीतिक दबाव में नहीं आना चाहिए। |
| 207. | Poll | (n) - मतदान, सर्वेक्षण | **Poll** for the Lok Sabha was conducted in 11 phases. | लोकसभा के लिए 11 चरणों में **मतदान** हुआ। |
| 208. | polling | (n) - मतदान | Heavy **polling** is reported in whole of the country in this election. | इस चुनाव में पूरे देश में भारी **मतदान** हुआ। |
| 209. | pollution | (n) - प्रदूषण | Traffic Jam contributes heavily to the air **pollution**. | ट्रैफिक जाम वायु **प्रदूषण** का एक बड़ा कारण है। |
| 210. | polygamy | (n) - 1 बहुपत्नीत्व 2 बहुविवाह प्रथा* | **Polygamy** is not allowed in Indian Civil Code. | भारतीय नागरिक संहिता में **बहुविवाह प्रथा** मान्य नहीं है। |
| 211. | Poor | (adj) - 1. **खराब**, घटिया 2. गरीब | 1. The scheme proved unproductive for **poor** implementation. 2. The state government has started the scheme of giving loans to the **poor** farmers at zero interest. | 1. यह योजना **खराब** कार्यान्वयन के कारण अनुत्पादक साबित हुई। 2. राज्य सरकार ने **गरीब** किसानों को शून्य ब्याज पर ऋण देने की योजना शुरू की है। |
| 212. | population trend | (n) - जनसंख्या प्रवृत्ति* | **Population trend** of India shows that youth population of India is more. | भारत की **जनसंख्या प्रवृत्ति** दर्शाती है कि भारत की युवा आबादी अधिक है। |
| 213. | portfolio | (n) - 1. **विभाग**, संविभाग (मंत्री आदि का) 2. पोर्ट फोलियो | Chief Minister has submitted the list of **portfolio** of the ministers to the Governor. | मुख्यमंत्री ने राज्यपाल को मंत्रियों के **विभाग** की सूची प्रस्तुत की है। |

| S. No. | Words | Hindi Meaning | Usage in English | Usage in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| 214. | position | (n) - 1. स्थिति* 2. स्थान, स्थल | 1. The balance sheet of the company shows its sound financial **position**. 2. India has achieved a dominant **position** in the world market. | 1. कंपनी का तुलन पत्र इसकी अच्छी वित्तीय **स्थिति** को दर्शाता है। 2. भारत ने दुनिया के बाजार में महत्वपूर्ण **स्थान** हासिल किया है। |
| 215. | positive | (adj) - 1. सकारात्मक 2. निश्चित, निश्चयात्मक | The training programme will have **positive** effect on the working of the staff. | प्रशिक्षण कार्यक्रम का स्टाफ की कार्यप्रणाली पर **सकारात्मक** प्रभाव पड़ेगा। |
| 216. | possession | (n) - कब्जा | 1. The payment will he made by the office only after taking **possession** of the articles. 2. The house owners need to submit their **possession** certificates by 30th April. | 1. कार्यालय द्वारा सामान का **अधिकार** लेने के बाद ही भुगतान किया जाएगा। 2. मकान मालिकों को 30 अप्रैल तक अपना **कब्जा** प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना आवश्यक है। |
| 217. | Post | (n) - 1. पद 2. डाक* 3. केंद्र 4. चौकी* | 1. Higher **post** carries better emoluments. 2. The **post** received from the Head Office will first be seen by Head of the Office. 3. Two policemen are deputed for duty on the police **post** located near market place. | 1. उच्च **पद** पर बेहतर परिलब्धियाँ प्राप्त होती हैं। 2. मुख्यालय से प्राप्त **डाक** को पहले कार्यालय प्रमुख देखेंगे। 3. दो पुलिसकर्मियों की ड्यूटी बाज़ार के पास स्थित पुलिस **चौकी** पर लगाई गई है। |
| 218. | postage | (n) - **डाक शुल्क**, डाक व्यय | **Postage** can be reduced by sending messages through e-mail. | ई-मेल के माध्यम से संदेश भेजने से **डाक शुल्क** कम किया जा सकता है। |
| 219. | postage stamp | (n) - डाक-टिकट* | **Postage stamp** required for sending books abroad is costly. | विदेश में पुस्तकें भेजने के लिए लगने वाला **डाक-टिकट** महंगा है। |
| 220. | postal address | (n) - डाक-पता | Administration Section keeps **postal addresses** of all the employees. | प्रशासन अनुभाग सभी कर्मचारियों के **डाक-पते** रखता है। |
| 221. | postal ballot | (n) - डाक मतपत्र | **Postal ballot** are | वोटों की गिनती करते समय |

| S. No. | Words | Hindi Meaning | Usage in English | Usage in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | | counted first at the time of counting of votes. | **डाक मतपत्रों** की गिनती पहले की जाती है। |
| 222. | postal dak | (n) - डाक से प्राप्त पत्रादि | **Postal dak** is submitted first to Head of the office for seeking directions. | **डाक से प्राप्त पत्रादि** को निदेश के लिए पहले कार्यालय प्रमुख के समक्ष प्रस्तुत किया जाता है। |
| 223. | post audit | (n) - 1. उत्तर लेखापरीक्षा* 2. उत्तर संपरीक्षा* | Corrective measures need to be taken on the basis of **post audit**. | **उत्तर लेखापरीक्षा** के आधार पर सुधारात्मक उपाय किए जाने की आवश्यकता है। |
| 224. | post-dated | (n) - उत्तर-दिनांकित | Borrower is required to submit **post-dated** cheque to the Bank | उधारकर्ता को बैंक को **उत्तर दिनांकित** चेक देना होगा। |
| 225. | post-facto sanction | (n) - कार्योत्तर मंजूरी* | The training programme was conducted in emergency hence **post -facto** sanction is required. | प्रशिक्षण कार्यक्रम आपातस्थिति में आयोजित किया गया था, इसलिए **कार्योत्तर मंजूरी** अपेक्षित है। |
| 226. | post-graduate | (n) - स्नातकोत्तर | The main aim of **Post Graduate** Diploma in Translation is to enable students acquire skills in translation from Hindi to English and vice-versa. | अनुवाद में **स्नात्कोत्तर** डिप्लोमा का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को अंग्रेजी से हिंदी और हिंदी से अंग्रेजी में अनुवाद में कुशल बनाना है। |
| 227. | posthumous | (adj) - मरणोत्तर, मरणोपरांत | After January 1955 a provision was made for issue of **posthumous** Bharat Ratna award. | जनवरी 1955 के बाद **मरणोपरांत** भारत रत्न पुरस्कार प्रदान करने का प्रावधान बनाया गया। |
| 228. | posting | (n) - 1. तैनाती* 2. **प्रविष्टि***, इंदराज | It is not obligatory for the Department to offer an alternative **posting**. | विभाग वैकल्पिक स्थान पर **तैनाती** करने के लिए बाध्य नहीं है। |
| 229. | posting certificate | (n) - डाक प्रमाणपत्र | **Posting certificate** for dispatch of question papers is with the training section. | प्रश्न-पत्रों के प्रेषण का **डाक प्रमाणपत्र** प्रशिक्षण अनुभाग के पास है। |
| 230. | posting order | (n) - तैनाती आदेश | Posting order for newly recruited staff was given after | नए भर्ती किए गए कर्मचारियों को तैनाती आदेश |

| S. No. | Words | Hindi Meaning | Usage in English | Usage in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | | checking the existing vacancies. | मौजूदा रिक्तियों की जाँच के बाद दिया गया। |
| 231. | post mortem examination | (n) - शव-परीक्षा*, मरणोत्तर परीक्षा* | **Post mortem examination** confirmed that the death was due to heart attack. | मरणोत्तर परीक्षा से इस बात की पुष्टि हुई की मृत्यु हृदयगति रुकने से हुई। |
| 232. | post office | (n) - डाक घर | Speed post service is available at certain nominated post offices. | स्पीड पोस्ट सेवा कुछ नामित डाकघरों पर उपलब्ध है। |
| 233. | postpone | (v) - स्थगित करना, मुल्तवी करना | The meeting was **postponed** since the quorum was not complete. | कोरम पूरा न होने के कारण बैठक **स्थगित कर** दी गई। |
| 234. | postscript (P.S.) | (n) - 1. पुनश्च 2. ***अनुलेख*** | 1. **P.S.** - Arrange separate rooms for members of delegation. 2. The emergency of the situation was reiterated **postscript**. | 1. **पुनश्च** - प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों के लिए अलग कमरों की व्यवस्था करें। 2. आपात स्थिति को ***अनुलेख*** में दोहराया गया था। |
| 235. | potential | (adj) - 1. ***संभावित***, संभाव्य 2. विभव 3. कार्यक्षम | Infection can be a reason for the **potential** disease. | **संभावित** रोग का कारण संक्रमण हो सकता है। |
| 236. | poverty alleviation | (n) - ***गरीबी कम करना***, गरीबी उपशमन, गरीबी उन्मूलन | Causes for the comparative non success of the **poverty alleviation** programe were discussed in the meeting of the committee. | समिति की बैठक में **गरीबी कम करने** के विभिन्न कार्यक्रमों की तुलनात्मक असफलता के कारणों पर चर्चा की गई। |
| 237. | Power | (n) - 1. शक्ति* 2. अधिकार 3 बिजली*, विद्युत* 4. ***सत्ता**** | 1. Department does not have **power** to take policy decisions. 2. The **power** situation has worsened because of storm last week. 3. The party has been in **power** since independence. | 1. विभाग के पास नीतिगत निर्णय लेने की **शक्ति** नहीं है। 2. पिछले हफ्ते आए तूफान के कारण **बिजली** के हालात और बिगड़ गए। 3. पार्टी आजादी के बाद से **सत्ता** में रही है। |
| 238. | power crisis | (n) - **विद्युत् संकट**, | Government is making a long term | सरकार **बिजली संकट** दूर |

| S. No. | Words | Hindi Meaning | Usage in English | Usage in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | बिजली संकट | plan to meet **power crisis**. | करने के लिए दीर्घकालिक योजना बना रही है। |
| 239. | power of attorney | (n) - मुख्तारनामा | The property was transferred on **power of attorney**. | संपति का हस्तांतरण **मुख्तारनामे** पर किया गया। |
| 240. | power station | (n) - 1. बिजलीघर 2. विद्‍युत केंद्र | N.T.P.C has established 4 **power stations** in the state. | एन.पी.टी.सी ने राज्य में चार **बिजलीघर** स्थापित किए हैं। |
| 241. | practical experience | (n) - व्यावहारिक अनुभव | This job required **practical experience** in translation. | इस कार्य में अनुवाद के **व्यावहारिक अनुभव** की आवश्यकता थी। |
| 242. | practice | (n) - 1. व्यवसाय, पेशा 2. पद्‍धति*, प्रथा* | Legal **practice** as an advocate can only be done only after clearing Bar Council exam. | बार काउंसिल की परीक्षा पास करने के पश्चात ही वकील के रूप में विधि **व्यवसाय** किया जा सकता है। |
| 243. | preamble | (n) - उद्‍देशिका* | **Preamble** of the constitution of India spells out of objectives of Indian Constitution. | भारत के संविधान की **उद्‍देशिका** में भारतीय संविधान के उद्देश्य दिए गए हैं। |
| 244. | pre audit | (n) - 1. पूर्व-लेखापरीक्षा* 2. पूर्व-संपरीक्षा* | This is an old bill and cannot be passed without **pre audit**. | यह पुराना बिल है अत: **पूर्व-लेखापरीक्षा** के बिना पास नहीं किया जा सकता। |
| 245. | precaution | (n) - 1. **पूर्व उपाय**, पूर्वोपाय 2.पूर्वावधान, ऐहतियात | All necessary **precautions** must be taken before launching a project. | परियोजना शुरू करने से पहले सभी **पूर्व उपाय** अवश्य किए जाने चाहिए। |
| 246. | precedence | **(n) – वरीयता*** ***प्राथमिकता****, पूर्वता* | Headquarter's decision shall take **precedence** over the notification of the department. | विभाग की अधिसूचना की तुलना में मुख्यालय के निर्णय को **वरीयता** दी जाएगी। |
| 247. | precedent | (n) - पूर्व उदाहरण, नजीर | Give **precedent** to justify your proposal. | अपने प्रस्ताव का औचित्य सिद्ध करने के लिए **पूर्व उदाहरण** दें। |
| 248. | preceding | (adj) - पूर्ववर्ती | There was a financial loss of one crore in the **preceding** year. | **पूर्ववर्ती** वर्ष में वित्तीय हानि एक करोड़ रूपए थी। |
| 249. | preconception | (n) - पूर्वसंकल्पना | **Preconception** of the project was shared by | बैठक में अधिकारी ने |

| S. No. | Words | Hindi Meaning | Usage in English | Usage in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | | the officer in the meeting. | परियोजना के संबंध में **पूर्वसंकल्पना** पर चर्चा की। |
| 250. | predecessor | (n) - पूर्ववर्ती | The officer made some modifications in the guidelines issued by his **predecessor**. | अधिकारी ने अपने **पूर्ववर्ती** अधिकारी द्वारा जारी मार्गदर्शी सिद्धांतों में कुछ परिवर्तन किए। |
| 251. | predetermined cost | (n) - पूर्वनिर्धारित लागत | There will be some changes in the **predetermined cost** of the project because of sudden rise in the price of certain items. | कुछ मदों की कीमतों में अचानक वृद्धि के कारण परियोजना की **पूर्वनिर्धारित लागत** में कुछ परिवर्तन होंगे। |
| 252. | preface | (n) – ***आमुख***, प्रस्तावना* | The objectives of the project were specified in the **preface** of the project report. | परियोजना रिपोर्ट की **भूमिका** में परियोजना के उद्देश्य विर्निदिष्ट किए गए थे। |
| 253. | preference | (n) - ***वरीयता*****,** अधिमान, तरजीह* | Tender with past experience of working with govt. department will be accorded **preference**. | सरकारी विभागों के साथ काम करने का अनुभव रखने वाले निविदादाताओं को **वरीयता** दी जाएगी। |
| 254. | preferential purchase | (n) – ***वरीयता क्रय***, अधिमानी क्रय | **Preferential purchase** of listed goods can be made from Kendriya Bhandar. | सूचीबद्ध वस्तुओं का **वरीयता क्रय** केन्द्रीय भंडार से किया जाना चाहिए। |
| 255. | Prefix | (v) - **उपसर्ग**, पूर्वयोजना*, आरंभ में जोड़ना | 1. Introduction of the project is put in the **prefix** of the report. 2. Holiday is prefixed to the leave. | 1. परियोजना का परिचय रिपोर्ट में **पूर्वयोजना** के रूप में दिया गया है। 2. अवकाश को छुट्टी के **आरंभ में जोड़ दिया** गया है। |
| 256. | pre-investment survey | (n) - निवेशपूर्व सर्वेक्षण | **Pre -investment survey** must be done before approving any financial proposal. | किसी भी वित्तीय प्रस्ताव को अनुमोदित करने से पहले **निवेशपूर्व सर्वेक्षण** अवश्य करना चाहिए। |
| 257. | prejudice | (n) - 1. प्रतिकूल प्रभाव 2. **पूर्वधारणा**, पूर्वाग्रह, पूर्वग्रह (v) - 3. | 1. There is lot of **prejudice** in the mind of people about AIDS patients. 2. Earlier decision of the court will | 1. एड्स के मरीजों के बारे में जनसामान्य के मन में कई **पूर्व धारणाएं** हैं। 2. न्यायालय के पिछले निर्णय वर्तमान |

| S. No. | Words | Hindi Meaning | Usage in English | Usage in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | प्रतिकूल प्रभाव डालना, पूर्वाग्रह उत्पन्न करना | **prejudice** present trial. | मुकदमे पर **प्रतिकूल प्रभाव** डालेंगे। |
| 258. | preliminary | (adj) - प्रारंभिक | **Preliminary** examination of the Civil Service will be held in August this year. | सिविल सेवा की **प्रारंभिक** परीक्षा इस वर्ष अगस्त में आयोजित की जाएगी। |
| 259. | premature | (adj) - समयपूर्व | The offer in multinational company triggered his **premature** retirement from Govt. Job. | बहुराष्ट्रीय कंपनी में काम करने का प्रस्ताव मिलने के कारण उसे सरकारी नौकरी से **समयपूर्व** सेवानिवृत्ति लेनी पड़ी। |
| 260. | premises | (n) - ***परिसर***, परिक्षेत्र | **Premises** of the office were extended by purchasing the adjacent land. | कार्यालय के साथ लगी भूमि को खरीद कर कार्यालय **परिसर** का विस्तार किया गया। |
| 261. | premium | (n) - 1. बीमा-किस्त* 2. बढ़ौती* | The **premium** on this policy is too high to be paid by a person with fixed income. | इस पालिसी की **बीमा-किस्त** निश्चित आय वाले व्यक्ति के लिए इतनी अधिक है कि वह इसका भुगतान नहीं कर सकता है। |
| 262. | preoccupation | (n) - पूर्वव्यस्तता, व्यस्तता | The officer will not be able to participate in the meeting because of his preoccupation with official tour. | सरकारी दौरे संबंधी पूर्व व्यस्तता के कारण अधिकारी बैठक में भाग नहीं ले पाएगा। |
| 263. | prepaid | (adj) - पूर्वप्रदत्त | Some departments provide their services on **prepaid** basis. | कुछ विभाग अपनी सेवाएं **पूर्वप्रदत्त** आधार पर देते हैं। |
| 264. | preparation | (n) - तैयारी* | The **preparation** for launching a project requires coordination from various departments. | किसी परियोजना को शुरू करने की तैयारी विभिन्न विभागों से समन्वय अपेक्षित होता है। |
| 265. | preparation leave | (n) - तैयारी के लिए छुट्टी | The officer going abroad on posting will be given **preparation leave**. | विदेश में तैनाती पर जा रहे अधिकारी को **तैयारी के लिए छुट्टी** प्रदान की जाएगी। |

| S. No. | Words | Hindi Meaning | Usage in English | Usage in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| 266. | preparatory to retirement | (adj) - सेवानिवृत्तिपूर्व, निवृत्तिपूर्व | The leave granted as leave **preparatory to retirement** shall not include extraordinary leave. | **सेवानिवृत्ति-पूर्व** छुट्टी के रूप में प्रदान की गई छुट्टी में असाधारण छुट्टी शामिल नहीं होगी। |
| 267. | pre-planned | (n) - पूर्वनियोजित | The terrorist attack was **pre-planned.** | आतंकवादी हमला **पूर्वनियोजित** था। |
| 268. | prepone | (v) – ***समय-पूर्व करना***, पूर्वित करना | The Chairman was leaving the station hence the meeting was **preponed**. | अध्यक्ष बाहर जा रहे थे, इसलिए बैठक **समय पूर्व** कर ली गई। |
| 269. | preponement | (n) - ***समय पूर्वन***, पूर्वन | **Preponement** of the meeting was done because of the parliament session. | संसद सत्र के कारण बैठक का आयोजन **समय पूर्वन** करना पड़ा। |
| 270. | pre-receipted bill | (n) - रसीद सहित बिल | **Pre-receipted** bill is required by Budget Section to process the payment. | बजट अनुभाग भुगतान की कार्रवाई करने के लिए **रसीद सहित बिल** की मांग करता है। |
| 271. | pre-revised pay | (n) - संशोधन-पूर्व वेतन | The employee has given a representation to change the **pre-revised pay** to revised pay as per the norms. | कर्मचारी ने **संशोधन-पूर्व वेतन** वेतन को मानदंडों के अनुसार संशोधित वेतन में परिवर्तित करने के लिए प्रतिवेदन दिया है। |
| 272. | prerogative | (n) - परमाधिकार | Sanctioning of general budget is the **prerogative** of the Parliament. | आम बजट को मंजूरी देना संसद का **परमाधिकार** है। |
| 273. | prescribe | (v) - निर्धारित करना | The qualification **prescribed** for the post of Senior Translator is Post Graduate degree in Hindi or English. | वरिष्ठ अनुवादक के पद के लिए **निर्धारित** योग्यता हिंदी या अंग्रेजी में स्नातकोत्तर उपाधि है। |
| 274. | prescribed format | (n) - निर्धारित फॉर्मेट | Application for the post must be submitted in the **prescribed format**. | पद के लिए आवेदन **निर्धारित फॉर्मेट** में प्रस्तुत किया जाना चाहिए। |
| 275. | presence | (n) - उपस्थिति*, मौजूदगी*, हाजिरी* | The **presence** of Secretary in the programme bolstered the morale of the | कार्यक्रम में सचिव महोदय की **उपस्थिति** से कर्मचारियों का मनोबल बढ़ा। |

| S. No. | Words | Hindi Meaning | Usage in English | Usage in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | | employees. | |
| 276. | present address | (n) - वर्तमान पता | Please confirm the **present address** of the invitees before sending the invitation card. | निमंत्रण पत्र भेजे जाने से पूर्व आमंत्रित व्यक्तियों के **वर्तमान पते** की पुष्टि कर लें। |
| 277. | presentation | (n) - प्रस्तुतीकरण | The Member-Secretary abridged the **presentation** because of time constraints. | सदस्य-सचिव ने समय की कमी के कारण **प्रस्तुतीकरण** को संक्षिप्त कर दिया। |
| 278. | preservation | (n) - परिरक्षण | **Preservation** of important documents is the responsibility of the administration. | महत्वपूर्ण दस्तावेजों का **परिरक्षण** प्रशासन की जिम्मेदारी है। |
| 279. | preside | (n) - 1. अध्यक्षता* करना 2. पीठासीन होना | The Joint Secretary will **preside** the meeting. | संयुक्त सचिव बैठक की **अध्यक्षता** करेंगे। |
| 310. | repatriate | (v) - **स्वदेश वापस करना, वापस भेजना** संप्रत्यावर्तित करना, | If the services of the deputationist are no longer required, he will be repatriated to his parent department even before completion of his sanctioned period of deputation. | यदि किसी प्रतिनियुक्त कर्मचारी की सेवाओं की आवश्यकता नहीं है तो उसे उसकी प्रतिनियुक्ति की स्वीकृत अवधि पूरी होने से पहले भी उसके मूल विभाग को **वापस भेज** दिया जाएगा। |
| 311. | repatriation | (n) - संप्रत्यावर्तन | The cases of repatriation from central deputation in respect of officers who are proceeding on foreign assignment may be decided by the competent authority. | विदेश सेवा पर जाने वाले अधिकारियों के संबंध में केंद्रीय प्रतिनियुक्ति से, **संप्रत्यावर्तन** के मामलों पर सक्षम प्राधिकारी द्वारा निर्णय लिया जाएगा। |
| 312. | repatriation of services | (n) - सेवाओं का संप्रत्यावर्तन | The cases of repatriation of services shall be decided in | **सेवाओं के संप्रत्यावर्तन** के मामलों पर नियमानुसार निर्णय लिया जाएगा। |

| **S. No.** | **Words** | **Hindi Synonyms** | **Usages in English** | **Usages in Hindi** |
|---|---|---|---|---|
| | | | accordance with the rule. | |
| 313. | repay | (v) - 1. चुकाना 2. ऋण शोधन करना 3. लौटाना, वापस करना | It will be open to Government servants to repay the loan in a shorter period if they so desire. | सरकारी कर्मचारी,यदि वे ऐसा चाहते हैं, यह ऋण अपेक्षाकृत कम अवधि में **चुका सकते** हैं। |
| 314. | repayable | (adj) - 1. शोध्य 2. प्रतिदेय | The amount of advance will be repayable in accordance with the rules of the Fund. | अग्रिम की राशि निधि के नियमों के अनुसार **प्रतिदेय** होगी। |
| 315. | repayment of advance | (n) - अग्रिम की चुकौती* | The repayment of advance shall be effected from the month following the month of disbursement of the advance. | **अग्रिम की चुकौती** अग्रिम दिए जाने के माह के अगले माह से प्रभावी होगी। |
| 316. | repayment of loan | (n) - ऋण चुकौती* | In no case, the period of time for the repayment of loans shall be extended . | **ऋण की चुकौती** की समयावधि किसी भी स्थिति में बढ़ाई नहीं जाएगी। |
| 317. | repeal | (n) - निरसन; (v) - निरस्त करना | The verdict has repealed the judgment of the lower court. | इस फैसले ने निचली अदालत के फैसले को निरस्त कर दिया है। |
| 318. | repeat order | (n) - **पुनःआदेश**, पुनरादेश | The repeat order proposed should be placed within one year from the date of the original order. | प्रस्तावित **पुनःआदेश** मूल आदेश की तारीख से एक वर्ष के भीतर दिया जाना चाहिए। |
| 319. | repetition | (n) - **दोहराव**, **पुनरावृत्ति*,** आवृत्ति * | That authority may withhold the appeal, if it is a repetition of any appeal already decided. | यदि अपील पहले से निर्णीत किसी अपील की **पुनरावृत्ति** है तो प्राधिकारी इसे रोक सकता है। |
| 320. | repetitive work | (adv) - बारंबारी कार्य, | 1.Processing of repetitive work shall be done in the manner earlier prescribed.<br>2.Repetitive work reduces job satisfaction. | 1. **बारंबारी कार्यों** पर कार्रवाई पूर्व निर्धारित रीति से की जाएगी।<br>2. **बारंबारी कार्य**, कार्य संतुष्टि को कम कर देता है। |

| S. No. | Words | Hindi Synonyms | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| 321. | replace | (v) - **बदलना,** प्रतिस्थापित करना, | Any goods repaired or replaced by the supplier shall be delivered at the buyers premises without costs to the buyer. | आपूर्तिकार द्वारा मरम्मत किए गए या **बदले गए** सामान की सुपुर्दगी क्रेता के परिसर में निःशुल्क की जाएगी। |
| 322. | replacement | (n) - 1. प्रतिस्थापन 2. एवजी* | 1. In any case, the replacement or modification of the notes which have already been recorded on a file should not be permitted.<br>2.It was difficult for the office to find a replacement for the officer. | 1. किसी भी मामले में, ऐसी टिप्पणियों के **प्रतिस्थापन** या आशोधन की अनुमति नहीं दी जाएगी जिन्हें पहले ही फाइल में रिकॉर्ड किया जा चुका है।<br>2. अधिकारी का **एवजी** ढूंढने में कार्यालय को कठिनाई हो रही थी। |
| 323. | replacement fund | (n) - प्रतिस्थापन निधि* | The office was granted replacement fund. | कार्यालय को **प्रतिस्थापन निधि** मंजूर की गई। |
| 324. | replenishment | (n) - पुन:पूर्ति* | Regular research is undertaken to understand the community attitude towards groundwater replenishment | भूमिगत जल की **पुनःपूर्ति** के प्रति समुदाय की प्रवृत्ति जानने के लिए नियमित अनुसंधान किया जाता है। |
| 325. | report | (n) - 1. प्रतिवेदन 2. रपट* 3. रिपोर्ट* | 1. The committee has submitted its report to the government.<br>2. As stated earlier in the Report, the Commission is not considering restructuring of individual cadres. | 1.समिति ने सरकार को अपना **प्रतिवेदन** प्रस्तुत कर दिया है।<br>2.जैसा **रिपोर्ट** में पहले कहा गया है, आयोग अलग-अलग संवर्गों के पुनर्गठन पर विचार नहीं कर रहा है। |
| 326. | repository | (n) - **भंडार,** निधान संग्रह | Scientists agree that the state's vast underground reposito ries of water are still clean. | वैज्ञानिक इस बात से सहमत हैं कि राज्य के जल के विशाल भूमिगत **भंडार** अभी भी स्वच्छ हैं। |
| 327. | representation | (n) - 1. प्रतिनिधित्व 2. अभ्यावेदन | 1. Meetings of youths were held in various parts of the country to ensure larger | 1. युवाओं का अधिक संख्या में **प्रतिनिधित्व** सुनिश्चित करने के लिए देश के विभिन्न भागों में |

| S. No. | Words | Hindi Synonyms | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | | representation.<br>2. Existing instructions clearly provide that representations on service matters should be forwarded through proper channel. | युवाओं की बैठकें की गईं।<br>2. मौजूदा नियमों में स्पष्ट व्यवस्था है कि सेवा मामलों से संबंधित **अभ्यावेदन** उचित माध्यम से अग्रेषित किए जाने चाहिए। |
| 328. | representative | (n) - प्रतिनिधि | It will be ensured that the representatives attending the meeting are officers who can take decisions on behalf of their departments. | यह सुनिश्चित किया जाएगा कि बैठक में भाग लेने वाले ऐसे **प्रतिनिधि** अधिकारी हों, जो अपने विभाग की ओर से निर्णय ले सकें। |
| 329. | reprimand | (v) - 1. **फटकार लगाना** (n) - 2. फटकार, धिग्दंड (विधि) - | 1. The military court reprimanded him for failing to do his duty.<br>2. If a warning/reprimand is issued in writing, a copy of it should be placed in the personal file of the officer concerned. | 1. सैनिक न्यायालय ने उसे अपने कर्तव्यपालन में असफल रहने के लिए **फटकार लगाई**।<br>2.यदि चेतावनी/**फटकार** लिखित रूप में जारी की जाती है, तो इसकी एक प्रति संबंधित कर्मचारी की निजी फाइल में लगाई जानी चाहिए। |
| 330. | reprint | (v) – 1. **पुनः मुद्रित करना** (n) – 2. **पुनः मुद्रण**, पुनर्मुद्रण | 1.The section shall furnish details of manuals revised/ reprinted during the year.<br>2.This is the fifth reprint of the book. | 1.विभाग वर्ष के दौरान संशोधित/**पुनःमुद्रित** नियम-पुस्तकों का विवरण प्रस्तुत करेगा।<br>2. यह पुस्तक का पांचवां **पुनःमुद्रण** है। |
| 331. | reprisal | (n) - प्रतिशोध | Reprisal of any kind against customers or employees will not be tolerated. | ग्राहकों या कर्मचारियों के खिलाफ किसी भी तरह का प्रतिशोध सहन नहीं किया जाएगा। |
| 332. | reproduction | (n) - 1. **पुनः प्रस्तुतीकरण, पुनः उत्पादन,** पुनरुत्पादन 2. | 1.Unauthorized reproduction of this publication is strictly forbidden. 2. Each winner shall receive | 1. इस प्रकाशन के अनधिकृत **पुनः प्रस्तुतीकरण** की सख्त मनाही है। 2.प्रत्येक विजेता इस मूर्ति की **प्रतिकृति** प्राप्त करेगा। |

| **S. No.** | **Words** | **Hindi Synonyms** | **Usages in English** | **Usages in Hindi** |
|---|---|---|---|---|
| | | प्रतिलिपि*, प्रतिकृति* 3. जनन | reproduction of the sculpture. | |
| 333. | republic day | (n) - गणतंत्र दिवस | Republic Day is celebrated every year on 26 January. | **गणतंत्र दिवस** हर वर्ष 26 जनवरी को मनाया जाता है। |
| 334. | repudiation | (n) - निराकरण | 1. The breach may be treated as a repudiation of contract. 2. In the event of repudiation of claim, the insurance company shall communicate the reasons for the same in writing. | 1. भंग को संविदा का **निराकरण** के रूप में माना जाएगा। 2. दावे के **निराकरण** के मामले में, बीमा कंपनी इसके कारणों को लिखित में सूचित करेगी। |
| 335. | repugnant | (n) - विरुद्ध | This decision will not be repugnant to the provisions of the Central Civil Services Rules in any way. | यह निर्णय किसी भी तरह से केंद्रीय सिविल सेवा नियमावली के प्रावधानों के **विरुद्ध** नहीं होगा। |
| 336. | repurchase | (v) - पुनःक्रय, वापस खरीद* | 1. The repurchase price is determined when the bond is issued. 2.The repurchase agreement will be signed by both the parties. | **1.** बंधपत्र जारी करते समय **पुनःक्रय** कीमत का निर्धारण किया जाता है। **2.पुनःक्रय** करार पर दोनों पक्षकारों द्वारा हस्ताक्षर किए जाएंगे। |
| 337. | reputation | (n) - **प्रतिष्ठा***, प्रसिद्धि*, ख्याति* | Suspension may cause a lasting damage to Government servant's reputation even if suspension is ultimately revoked. | निलंबन सरकारी सेवक की **प्रतिष्ठा** को गंभीर क्षति पहुंचाता है भले ही अंततः निलंबन रद्द कर दिया जाए। |
| 338. | requirement | (n) - **आवश्यकता***, अपेक्षा * | To keep the staff requirement at minimum, only multi-skilled functionaries were taken. | स्टाफ की **आवश्यकता** न्यूनतम रखने के लिए बहु-कौशल प्राप्त कर्मचारियों को लिया गया । |
| 339. | requisite | (adj) - अपेक्षित | The Department is requested to take requisite action immediately in a | विभाग से अनुरोध है कि वह सिफारिशों का पालन करने के लिए समयबद्ध रीति से **अपेक्षित** |

| S. No. | Words | Hindi Synonyms | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | | time-bound manner to comply with the recommendations. | कार्रवाई करे। |
| 340. | requisite information | (n) - अपेक्षित सूचना, अपेक्षित जानकारी | All Ministries/Departments are requested to furnish the requisite information as mentioned in the above para so that further action may be initiated. | सभी मंत्रालयों/विभागों से अनुरोध है कि वे उपर्युक्त पैरा में उल्लिखित **अपेक्षित सूचना** प्रस्तुत करें ताकि आगे की कार्रवाई आरंभ की जा सके। |
| 341. | requisites | (n) - 1. **अपेक्षाएं,** अपेक्षित वस्तुएं* 2. अपेक्षित गुण | Proper notice and requisite quorum etc. are some of prime requisites of a valid meeting. | उचित नोटिस और अपेक्षित कोरम आदि वैध बैठक की कुछ मुख्य **अपेक्षाएं** हैं। |
| 342. | requisition | (v) - **मांग करना, अधिग्रहण करना** (n) - 1. मांग* 2. अधिग्रहण | 1. No file will be issued to other sections except against written requisition.<br>2. The school was requisitioned as a military hospital. | 1.लिखित **मांग** के बिना कोई फाइल दूसरे अनुभाग को जारी नहीं दी जाएगी।<br>2. विद्यालय को मिलिटरी अस्पताल के रूप में **अधिगृहीत** किया गया था। |
| 343. | requisition form | (n) - मांग फार्म | The requisition of goods shall be made in the prescribed requisition form. | निर्धारित **मांग फार्म** में ही वस्तुओं की मांग की जाएगी। |
| 344. | requisition slip | (n) - मांग-पर्ची | The requisition slip will be kept in the place of the file issued. | **मांग-पर्ची** जारी की गई फाइल के स्थान पर रखी जाएगी। |
| 345. | resale notice | (n) - पुन:बिक्री सूचना | The office shall display resale notice on the notice board. | कार्यालय सूचनापट्ट पर **पुनः बिक्री सूचना** प्रदर्शित करेगा। |
| 346. | rescind | (v) - विखंडन करना | 1. Any order made by the competent authority shall continue to be in force until it is altered, rescinded or amended.<br>2. If the contract is rescinded, the full | 1.सक्षम प्राधिकारी द्वारा दिया गया कोई आदेश तब तक लागू रहेगा जब तक कि इसे परिवर्तित, **विखंडित** या आशोधित नहीं किया जाता ।<br>2.यदि संविदा **विखंडित** की जाती है तो संविदा के अधीन वसूली |

| S. No. | Words | Hindi Synonyms | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | | security deposit recoverable under the contract stands forfeited. | योग्य संपूर्ण प्रतिभूति जमा समपहृत हो जाएगी। |
| 347. | rescue | (v) - **बचाना,** छुड़ाना (n) - बचाव, उद्धार | 1. Helicopters rescued nearly 2.0 people from flood affected area. 2. The rescue operation proved successful. 3. The bank rescued the company from bankruptcy. | 1. हेलीकॉप्टर ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्र से लगभग 2.0 लोगों को **बचाया**। 2. **बचाव** अभियान सफल रहा। 3. बैंक ने कंपनी को दिवालिया होने से **बचा लिया**। |
| 348. | rescue home | (n) - उद्धार गृह | The governor visited the rescue home. | राज्यपाल ने **उद्धार गृह** का निरीक्षण किया। |
| 349. | rescue team | (n) - बचाव दल | The rescue team arrived at the scene two hours later. | **बचाव दल** घटना स्थल पर दो घंटे बाद पहुंचा। |
| 350. | research work | (n) - अनुसंधान कार्य, शोध कार्य | The research work will be carried out by the experts. | **अनुसंधान कार्य** विशेषज्ञों द्‌वारा किया जाएगा। |
| 351. | resentment | (n) - रोष, नाराजगी*, अप्रसन्नता* | The feeling of resentment among employees needs to be addressed. | कर्मचारियों की **नाराजगी** को दूर करना की आवश्यक है। |
| 352. | reservation | (n) - 1. आरक्षण 2. (सम्मति का) - विधारण | The quota for reservation of seats will be filled up in a phased manner. | सीटों के **आरक्षण** का कोटा चरणबद्ध रीति से भरा जाएगा। |
| 353. | reservation fee | (n) - आरक्षण शुल्क | The ministry has proposed a hike in the reservation fee. | मंत्रालय ने **आरक्षण शुल्क** में वृद्धि करने का प्रस्ताव किया है। |
| 354. | reservation of posts | (n) - पदों का आरक्षण | The reservation of posts should be made separately for each of the aforesaid categories. | पूर्वोक्त प्रत्येक श्रेणी के लिए **पदों का आरक्षण** अलग से किया जाना चाहिए। |
| 355. | reserve | (n) - 1. रिजर्व, आरक्षिति 2. (v) - आरक्षित करना 3. | 1.A revised leave reserve scheme was sanctioned by the Government in 1.95.5. | 1. सरकार ने 1.95.5. में संशोधित छुट्टी **रिजर्व** स्कीम को स्वीकृति दी। |

| S. No. | Words | Hindi Synonyms | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | (निर्णय) सुरक्षित रखना | 2. The post shall be reserved as per reservation policy of the government.<br>3. The court reserved the judgement. | 2. सरकार की आरक्षण नीति के अनुसार पद **आरक्षित किए** जाएंगे।<br>3. न्यायालय ने निर्णय **सुरक्षित रखा**। |
| 356. | reserved accommodation | (n) - **आरक्षित आवास,** आरक्षित स्थान | If reserved accommodation is left vacant by the officer, the payment of House rent allowance will be held in abeyance till necessary clarification. | यदि **आरक्षित आवास** अधिकारी द्वारा खाली छोड़ दिया जाता है तो गृह किराए भत्ते का भुगतान आवश्यक स्पष्टीकरण तक स्थगित रखा जाएगा। |
| 357. | reserved constituency | (n) - आरक्षित निर्वाचन क्षेत्र | Persons belonging to general category cannot contest election from the reserved constituencies. | सामान्य श्रेणी से संबंधित व्यक्ति **आरक्षित निर्वाचन क्षेत्र** से चुनाव नहीं लड़ सकते । |
| 358. | reserve price | (n) - आरक्षित कीमत | The reserve price shall be kept in a sealed cover and will be opened after opening of the bids. | **आरक्षित कीमत** मुहरबंद लिफाफे में रखी जाएगी और बोली खोलने के बाद ही खोली जाएगी। |
| 359. | reserve stock | (n) - आरक्षित माल, आरक्षित स्टॉक | The reserve stock shall be maintained in the manner prescribed in the rules. | **आरक्षित स्टॉक** का रखरखाव नियमों में निर्धारित रीति से किया जाएगा। |
| 360. | reservist | (n) - रिजर्व सैनिक | These benefits shall also be due to military reservist. | ये लाभ मिलिटरी **रिजर्व सैनिक** को भी देय होंगे। |
| 361. | resettlement | (n) - 1. पुनर्वास 2. पुन:स्थापन 3. पुन:व्यवस्थापना* | The Government made special arrangements for the resettlement of displaced population. | सरकार ने विस्थापित आबादी के **पुनर्वास** के लिए विशेष प्रबंध किए। |
| 362. | reshuffle | (v) - फेरबदल | The prime minister told reporters that he plans to reshuffle his entire cabinet. | प्रधानमंत्री ने पत्रकारों को बताया कि वह संपूर्ण कैबिनेट में **फेरबदल** की योजना बना रहे हैं। |

| **S. No.** | **Words** | **Hindi Synonyms** | **Usages in English** | **Usages in Hindi** |
|---|---|---|---|---|
| 363. | residence | (n) - निवास, आवास | Please state your occupation and place of residence. | कृपया अपने व्यवसाय और **निवास** स्थान का उल्लेख करें। |
| 364. | residence permit | (n) - आवास अनुज्ञा-पत्र, **आवास परमिट** | The residents will have to obtain residence permit from the appropriate authority. | निवासियों को समुचित प्राधिकारी से **आवास परमिट** प्राप्त करना होगा। |
| 365. | resident | (n) - 1.निवासी 2. (पदनाम) स्थानिक | 1. Only such persons as are resident of a constituency and registered as a voter can cast their votes. | 1.केवल ऐसे व्यक्ति जो किसी निर्वाचन क्षेत्र के **निवासी** हैं और वोटर के रूप में पंजीकृत हैं, अपना मत डाल सकते हैं। |
| 366. | resident medical officer | (n) - रेजिडेंट चिकित्सा अधिकारी | Resident medical officers play key role in patient care. | **रेजिडेंट चिकित्सा अधिकारी** रोगी की देखभाल में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। |
| 367. | residential accommodation | (n) - **आवासीय स्थान, निवास स्थान,** आवासीय व्यवस्था*, आवास व्यवस्था* | Directorate of Estates, Ministry of Urban Development is responsible for allocation of residential accommodation to central government officers. | संपदा निदेशालय, शहरी विकास मंत्रालय केंद्र सरकार के कर्मचारियों को **आवासीय स्थान** के आबंटन के लिए उत्तरदायी है। |
| 368. | residential address | (n) - **घर का पता,** आवासीय पता | The establishment section shall maintain a list of residential addresses and contact phone numbers of the staff. | स्थापना अनुभाग कर्मचारियों के **घर के पते** और फोन नंबर की सूची रखेगा। |
| 369. | residential quarter | (n) - **आवासीय मकान**, आवासीय क्वार्टर | The employee may apply for allotment of residential quarter in the prescribed form. | कर्मचारी **आवासीय मकान** के आबंटन के लिए निर्धारित फार्म में आवेदन कर सकता है। |
| 370. | residential telephone | (n) - **घर का फोन**, आवासीय टेलीफोन | The facility of residential telephone shall be provided to the entitled categories of Government employees. | सरकारी कर्मचारियों की हकदार श्रेणियों को **घर के फोन** की सुविधा प्रदान की जाएगी। |
| 371. | residual | (adj) - **शेष, बाकी**, अवशिष्ट | Residual income is often an important component of | **शेष** आय प्रायः ऋण प्राप्त करने का महत्वपूर्ण घटक है। |

| S. No. | Words | Hindi Synonyms | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | | securing a loan. | |
| 372. | residual unemployment | (n) - अवशिष्ट बेरोजगारी* | Many efforts are being made on part of the government to solve the problem of residual unemployment. | **अवशिष्ट बेरोजगारी** की समस्या का समाधान करने के लिए सरकार की ओर से अनेक प्रयास किए जा रहे है। |
| 373. | residuary | (adj) - अवशिष्ट ,**शेष** | Residuary financial powers in respect of the Directorates specified above will vest with the Director General(Admn.) - . | ऊपर विनिर्दिष्ट निदेशालयों के संबंध में **शेष** वित्तीय शक्तियां महानिदेशक (प्रशासन) - में निहित होंगी। |
| 374. | residuary pension | (n) - अवशिष्ट पेंशन*, **शेष पेंशन*** | The Accounts Officer shall also indicate the date from which the payment of the residuary pension shall commence. | लेखा अधिकारी उस तारीख का उल्लेख भी करेगा जब से **शेष पेंशन** का भुगतान आरंभ किया जाएगा। |
| 375. | residuary power | (n) - अवशिष्ट* शक्ति, **शेष शक्ति** | All residuary powers which are not specifically assigned to any of the officers shall vest in t he Board. | जो **शेष शक्तियां** किसी अधिकारी को विनिर्दिष्ट रूप से समुदेशित नहीं की गई हैं वे सभी बोर्ड में निहित होंगी। |
| 376. | residue | (n) - अवशिष्ट, अवशेष | 1. The Department of health is creating awareness about the risk of chemical residues in food products.<br>2. The residue of the property was divided equally among his children. | 1.स्वास्थ्य विभाग खाद्य पदार्थों में रासायनिक **अवशिष्ट** के जोखिम के बारे में जागरूकता पैदा कर रहा है।<br>2.**अवशिष्ट** संपत्ति संतानों में समान रूप से विभाजित की गई। |
| 377. | resignation | (n) - त्यागपत्र | When a Government servant tenders resignation, the appointing authority in respect of the service or post is the authority competent to accept the resignation. | किसी सरकारी कर्मचारी के **त्यागपत्र** देने की स्थिति में उस सेवा या पद का नियुक्ति प्राधिकारी **त्यागपत्र** स्वीकार करने के लिए सक्षम प्राधिकारी होगा। |
| 378. | resist | (v) - प्रतिरोध करना | The employees strongly resisted the | कर्मचारियों ने मजदूरी दरों में |

| S. No. | Words | Hindi Synonyms | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | | proposal for reduction in wage rates. | कटौती के प्रस्ताव का दृढ़ता से **प्रतिरोध** किया। |
| 379. | resolution | (n) - 1. **समाधान, 2.** संकल्प | 1.The government is pressing for an early resolution of the hostage crisis.<br>2.The resolution was passed by a two-thirds majority. | 1. सरकार बंधक संकट के शीघ्र **समाधान** के लिए दबाव बना रही है।<br>2. **संकल्प** दो तिहाई बहुमत से पारित हुआ। |
| 380. | resort | (n) - 1. **उपाय, सहारा**<br>2. सैरगाह* (v) - 3. आश्रय लेना 4. पुन:छँटाई करना | 1. Economic sanctions will be used only as a last resort.<br>2. Instances have come to the notice of Government where employees resorted to violence for redress of grievances.<br>3. A resort is a place where people spend their holidays. | 1.आर्थिक प्रतिबंधों का प्रयोग अंतिम **उपाय** के रूप में ही किया जाएगा।<br>2. सरकार के ध्यान में ऐसी कई घटनाएं आई हैं जिनमें कर्मचारियों ने शिकायतों का समाधान किए जाने के लिए हिंसा का **सहारा** लिया।<br>3. **सैरगाह** वह स्थान है जहां लोग अपनी छुट्टियां बिताते हैं। |
| 381. | resorting | (v) - **पुनः छंटाई** | The resorting work shall take at least two more days. | **पुनःछंटाई** कार्य में कम से कम दो दिन और लगेंगे। |
| 382. | resource | (n) - संसाधन, साधन | 1. Our country is rich in natural resources.<br>2. Only limited resources are available to the police. | 1. हमारा देश प्राकृतिक **संसाधनों** में समृद्ध है।<br>2.पुलिस के पास केवल सीमित **साधन** उपलब्ध हैं। |
| 383. | resourceful | (adj) - **उपायकुशल,** साधन-संपन्न | 1. The work shall be assigned to employees who are resourceful.<br>2. Being resourceful the company can arrange the programme. | 1.यह कार्य **उपायकुशल** कर्मचारियों को सौंपा जाएगा।<br>2.**साधन-संपन्न** होने के कारण कंपनी कार्यक्रम की व्यवस्था कर सकती है। |
| 384. | resource person | (n) - **स्रोत व्यक्ति,** संसाधक, | The office shall engage resource persons for timely | परियोजना को समय पर पूरा करने के लिए कार्यालय **स्रोत** |

| S. No. | Words | Hindi Synonyms | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | | completion of the project. | **व्यक्तियों** को नियुक्त करेगा। |
| 385. | respectfully | (adv) - **आदरपूर्वक, सम्मानपूर्वक,** सादर, | The National flag respectfully hoisted on National festivals. | राष्ट्रीय झंडा राष्ट्रीय त्यौहारों पर **आदरपूर्वक** फहराया जाता है। |
| 386. | respectively | (adv) - क्रमानुसार, क्रमश: | The diploma and advanced diploma require two and three years of study, respectively. | डिप्लोमा और एडवांस डिप्लोमा के लिए क्रमशः दो और तीन वर्ष का अध्ययन अपेक्षित होता है। |
| 387. | respondent | (n) - प्रत्यर्थी | We are of the opinion that the respondent has committed professional misconduct. | हमारी राय है कि **प्रत्यर्थी** ने व्यावसायिक कदाचार किया है। |
| 388. | response | (n) - 1. उत्तर, प्रत्युत्तर 2. प्रतिक्रिया* 3. अनुक्रिया* | 1. The analysis of responses to the questionnaire is given at the end of report.<br>2. Public prosecutor presented facts in response of alleged partisan attitude.<br>3. The exhibition has received a positive response from visitors. | 1.प्रश्नावली के **उत्तरों** का विश्लेषण रिपोर्ट के अंत में दिया गया है।<br>2.लोक अभियोजक ने कथित पक्षपातपूर्ण रवैये के **प्रत्युत्तर** में तथ्य प्रस्तुत किए।<br>3.प्रदर्शनी के बारे में आगंतुकों की सकारात्मक **प्रतिक्रिया** प्राप्त हुई है। |
| 389. | responsibility | (n) - उत्तरदायित्व, जिम्मेदारी* | We all have a responsibility to protect the environment. | पर्यावरण की सुरक्षा हम सबका **उत्तरदायित्व** है। |
| 390. | responsible | (n) - उत्तरदायी, (adj) - जिम्मेदार | 1.The Railway Board is responsible for laying down and enforcing safety standards for the Indian Railways.<br>2.A responsive administration should always come forward to help the victims. | 1.रेलवे बोर्ड भारतीय रेलवे के लिए सुरक्षा मानक निर्धारित करने और उन्हें लागू करने के लिए **जिम्मेदार** है।<br>2.**उत्तरदायी** प्रशासन को पीड़ितों की सहायता के लिए आगे आना चाहिए। |
| 391. | responsive | (n) - **प्रतिक्रियाशील,** अनुक्रियाशील, | 1. Ministry is responsive to the demand of the | 1.मंत्रालय लोगों की मांग के प्रति **प्रतिक्रियाशील** है। |

| **S. No.** | **Words** | **Hindi Synonyms** | **Usages in English** | **Usages in Hindi** |
|---|---|---|---|---|
| | | अनुक्रियात्मक | people. The Ministry is also concerned with the process of evolving a responsive, people-oriented and modern administration. | 2.मंत्रालय का सरोकार **अनुक्रियाशील**, जनोन्मुख और आधुनिक प्रशासन विकसित करने की प्रक्रिया से भी है। |
| 392. | rest house | (n) - विश्राम गृह | Public representatives/Ministers as well as staff and officers of Govt. can avail the facility of the Rest Houses at concessional rates during Govt. tours. | जनप्रतिनिधि / मंत्री तथा सरकारी कर्मचारी और अधिकारी सरकारी दौरे के समय रियायती दरों पर **विश्राम गृह** की सुविधा का लाभ उठा सकते हैं। |
| 393. | restitution | (n) - 1. प्रत्यास्थापन 2. हानिपूर्ति* 3. प्रत्यानयन 4. वापसी* | The trustees are taking steps to seek restitution of funds through Court. | न्यासी न्यायालय के माध्यम से निधि की **वापसी** के लिए कदम उठा रहे हैं। |
| 394. | restoration | (n) - 1. पुन: स्थापना 2. जीर्णोद्धार | Defence Forces have proposed that the period of restoration of pension should be reduced to 1.2. years. | रक्षा बलों ने पेंशन **पुनःस्थापन** की अवधि घटाकर 1.2. वर्ष करने का प्रस्ताव किया है। |
| 395. | restore | (v) - 1. पुन: स्थापना करना, फिर से चालू करना 2. जीर्णोद्धार करना 3. पुनःउद्धार करना | 1. The measures are intended to restore public confidence in the economy.<br>2. The government is making all efforts to restore the economy to full strength.<br>3. The commuted portion of pension shall be restored on completion of fifteen years. | 1. इन उपायों का उद्देश्य अर्थव्यवस्था में जनता का विश्वास **पुनःस्थापित** करना है।<br>2.सरकार अर्थव्यवस्था को इसके पूर्ण स्तर तक **पुनः स्थापित** करने के लिए पूरे प्रयास कर रही है।<br>3.पेंशन का संराशीकृत भाग पंद्रह वर्ष पूरे होने पर **पुनः स्थापित** किया जाएगा। |
| 396. | restraint | (n) - 1. अवरोध 2. नियंत्रण 3. संयम | 1. The government has imposed restraints on corporate mergers.<br>2. The government has withdrawn | 1. सरकार ने कॉरपोरेट विलय पर **अवरोध** लगाया है।<br>2. सरकार ने कुछ उत्पादों के निर्यात से **नियंत्रण** हटा लिया है। |

| S. No. | Words | Hindi Synonyms | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | | restraints on export of some products.<br>3. The police was praised for the restraint it displayed in handling the demonstrators. | 3.प्रदर्शनकारियों से निपटने में पुलिस द्वारा दिखाए गए **संयम** की प्रशंसा की गई। |
| 397. | restricted | (adj) - 1. प्रतिबंधित<br>2. सीमित | 1. The Government servant is restricted to attend meetings of restricted outfits.<br>2. NPA should be restricted only to the Doctors occupying posts for which minimum qualifications of a medical degree is prescribed. | 1. सरकारी कर्मचारी पर प्रतिबंधित संगठनों की बैठकों में भाग लेने पर **प्रतिबंध** है।<br>2. प्रैक्टिसबंदी भत्ता केवल ऐसे पदों पर तैनात चिकित्सकों तक **सीमित** किया जाना चाहिए जिन पदों पर न्यूनतम अर्हता मेडिकल डिग्री निर्धारित की गई है। |
| 398. | restricted leave | (n) - प्रतिबंधित छुट्टी* | Central Government employees are entitled to avail of two restricted leaves in a year. | केन्द्र सरकार के कर्मचारी वर्ष में दो **प्रतिबंधित छुट्टियां** लेने के हकदार हैं। |
| 399. | restriction | (n) - प्रतिबंध, रोक* | 1. The associations have demanded for lifting the restriction on deputation allowance completely.<br>2. The committee imposed new financial restrictions on private companies. | 1.कुछ एसोसिएशनों ने प्रतिनियुक्ति भत्ते पर से पूर्ण रूप से **प्रतिबंध** हटाने की मांग की है।<br>2. समिति ने निजी कंपनियों पर नए वित्तीय **प्रतिबंध** लगाए। |
| 400. | restrictive trade practices | (n) - प्रतिबंधात्मक व्यापार व्यवहार | The Commissioner shall initiate investigations into alleged restrictive trade practices . | आयुक्त कथित **प्रतिबंधात्मक व्यापार व्यवहार** की जांच शुरु करेगा। |
| 401. | result-oriented work | (n) - परिणामोन्मुख कार्य | The objective of the scheme is to promote result-oriented work culture in the office. | इस योजना का उद्देश्य कार्यालय में **परिणामोन्मुख कार्य** संस्कृति को बढ़ावा देना है। |

| **S. No.** | **Words** | **Hindi Synonyms** | **Usages in English** | **Usages in Hindi** |
|---|---|---|---|---|
| 402. | resume | (n) - 1. सार-वृत्त (v) - 2. पुन: आरंभ करना पुन: शुरू करना 3. पुनर्ग्रहण करना | 1. The Officer-in-Charge of Establishment is required to submit the resume of action taken.<br>2. The work on the project shall resume after obtaining necessary approval.<br>3. The Dealing Assistant of the Section has resumed duty after availing the leave. | 1. स्थापना के प्रभारी अधिकारी को की गई कार्रवाई का **सार-वृत्त** प्रस्तुत करना होगा।<br>2.आवश्यक अनुमोदन प्राप्त करने के बाद परियोजना पर कार्य **पुनः प्रारंभ किया** जाएगा।<br>3. अनुभाग के संबंधित सहायक ने छुट्टियों के पश्चात कार्यभार **पुनः ग्रहण** कर लिया है। |
| 403. | resummon | (v) - पुन:सम्मन करना | The court ordered to ***resummon*** the witnesses and cross-examine them. | न्यायालय ने गवाहों को **पुनः समन करने** और उनकी प्रति-परीक्षा करने का आदेश दिया। |
| 404. | resumption | (n) - 1. पुनरारंभ 2. पुनर्ग्रहण | 1. Both countries are now hoping for resumption of diplomatic relations.<br>2. The promotion is to be granted only from the date of resumption of duty on return from leave. | 1.दोनों देश अब राजनयिक संबंध **पुनः आरंभ** होने की आशा कर रहे हैं।<br><br>2. पदोन्नति छुट्टी से लौटने पर कार्यभार **पुनःग्रहण** करने की तारीख से ही दी जाएगी। |
| 405. | retailer | (n) - खुदरा व्यापारी | Stationery items can be purchased from a retailer. | लेखन- सामग्री की मदें **खुदरा व्यापारी** से खरीदी जा सकती हैं। |
| 406. | retail price | (n) - खुदरा कीमत* | Wholesale price is always cheaper to retail price. | थोक कीमत **खुदरा कीमत** से हमेशा कम होती है। |
| 407. | retain | (v) - 1. प्रतिधारित करना, रखे रहना 2. रोके रखना | 1. It's increasingly difficult to recruit and retain good staff.<br>2. A Government servant who has acquired a lien on a *post* *retains* a lien on that *post* *even while on deputation.* | 1.अच्छे स्टाफ को भर्ती करना और **रोके रखना** अत्यंत कठिन होता जा रहा है।<br>2.किसी पद पर धारणाधिकार प्राप्त करने वाला सरकारी कर्मचारी प्रतिनियुक्ति पर रहने के दौरान भी उस पद पर धारणाधिकार **रखता** है। |

| S. No. | Words | Hindi Synonyms | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| 408. | retention | (n) - **बनाए रखना,** प्रतिधारण, | 1.The Commission recommend retention of the existing rate of HRA in A-1. cities<br>2. Retention of accommodation to retiring or retired officers owning houses should not be allowed. | 1.आयोग ने ए -1. शहरों में मकान किराया भत्ते की मौजूदा दर **बनाए रखने** की सिफारिश की।<br>2.सेवानिवृत्त हो रहे या हो चुके जिन सेवानिवृत्त अधिकारियों के पास स्वयं का मकान है, उन्हें आवास के **प्रतिधारण** की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। |
| 409. | retention price | (n) - प्रतिधारण कीमत | The difference between the retention price and the maximum retail price of urea was paid as subsidy. | यूरिया की **प्रतिधारण कीमत** और अधिकतम खुदरा कीमत के बीच के अंतर का भुगतान अनुदान के रूप में किया गया। |
| 410. | retired | (adj) - सेवा-निवृत्त, निवृत्त | 1. The APAR dossiers of a retired employee may be retained for a period of five years after the date of his retirement. 2. This facility should also be extended to the retired postal employees. | **1. सेवानिवृत्त** कर्मचारी की वार्षिक कार्यनिष्पादन मूल्यांकन रिपोर्ट का डोजियर उसकी सेवानिवृत्ति की तारीख के पश्चात पांच वर्ष की अवधि के लिए रखा जा सकता है। 2. यह सुविधा **सेवानिवृत्त** डाक कर्मचारियों पर भी लागू की जानी चाहिए। |
| 411. | retirement | (n) - सेवा-निवृत्ति, निवृत्ति | 1. The retiring Reporting officer may be allowed to give the report on his subordinates within one month of his retirement. 2. If a request for retirement is received, it should be processed under the relevant rules and orders for retirement issued as early as possible. | 1. सेवानिवृत्त होने वाले रिपोर्टिंग अधिकारी को अपने अधीनस्थों को संबंध में अपनी रिपोर्ट **सेवानिवृत्ति** के एक माह के भीतर देने की अनुमति दी जा सकती है। 2. यदि **सेवानिवृत्ति** के लिए कोई अनुरोध प्राप्त हो, तो इस पर संगत नियमों और आदेशों के अधीन कार्रवाई की जानी चाहिए और यथासंभव शीघ्र **सेवानिवृत्ति** का आदेश |

| S. No. | Words | Hindi Synonyms | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | | | जारी किया जाना चाहिए। |
| 412. | retirement benefits | (n) - सेवा-निवृत्ति हितलाभ | The Government offers various retirement benefits to its employees as a measure of social security for their old age. | सरकार अपने कर्मचारियों को सामाजिक सुरक्षा के उपाय के रूप में उनकी वृद्धावस्था के लिए विभिन्न **सेवानिवृत्ति हितलाभ** प्रदान करती है। |
| 413. | retiring age | (n) - सेवा-निवृत्ति आयु* | At present the normal ***retiring age*** of central government employees is 60 years. | वर्तमान में केंद्र सरकार के कर्मचारियों की **सेवानिवृत्ति आयु** 60 वर्ष है। |
| 414. | retiring pension | (n) - सेवा-निवृत्ति पेन्शन*, निवृत्ति पेन्शन* | A retiring pension shall be granted also to a Government servant who retires before attaining the age of Superannuation. | ऐसे सरकारी सेवक को भी **सेवा-निवृत्ति पेंशन** प्रदान की जाएगी जो अधिवर्षिता की आयु प्राप्त करने से पहले सेवानिवृत्त होता है। |
| 415. | retiring room | (n) - विश्राम कक्ष, **आराम कक्ष** | The passengers will be able to book *retiring rooms* 60 days in advance | यात्री 60 दिन पहले **आराम कक्ष** बुक कर सकेंगे। |
| 416. | retoucher | (n) - अनुशोधक | The vacant post of retoucher shall be filled soon. | **अनुशोधक** का रिक्त पद शीघ्र भरा जाएगा। |
| 417. | retraining | (n) - पुन: प्रशिक्षण | The office has introduced a five day retraining programme for employees. | कार्यालय ने पांच दिवसीय **पुनः प्रशिक्षण** कार्यक्रम आरंभ किया है। |
| 418. | retrenenched staff | (n) - छंटनीकृत स्टाफ | The Government has made sufficient provisions to re-employ the retrenched staff. | सरकार ने **छंटनीकृत** स्टाफ को पुनः नियोजित करने के लिए पर्याप्त प्रावधान किए हैं। |
| 419. | retrenchment | (n) - छंटनी* | The retrenched employees would be entitled to retrenchment benefits as provided under the relevant rules and orders. | छंटनी किए गए कर्मचारी संगत नियमों और आदेशों के अधीन यथा उपबंधित **छंटनी** लाभों के हकदार होंगे। |
| 420. | retrial | (n) - पुनर्विचारण, | The judge ordered a | न्यायाधीश ने नए साक्ष्यों के |

| **S. No.** | **Words** | **Hindi Synonyms** | **Usages in English** | **Usages in Hindi** |
|---|---|---|---|---|
| | | पुनःविचारण | retrial because new evidences come to light. | सामने आने के कारण **पुनःविचारण** का आदेश दिया। |
| 421. | retrieval | (n) - पुन: प्राप्ति* | A proper file numbering system is essential for easy identification, and retrieval of documents . | दस्तावेजों की आसान पहचान और **पुनःप्राप्ति** के लिए समुचित फाइल नंबर प्रणाली आवश्यक है। |
| 422. | retrospective | (adj) - **भूतलक्षी,** पूर्वव्यापी, | Prior approval of Finance Minister shall be required if posts are created from retrospective date. | यदि पदों का सृजन **पूर्वव्यापी** तारीख से किया जाता है तो वित्त मंत्री का पूर्व अनुमोदन लेना अपेक्षित होगा। |
| 423. | retrospective effect | (n) - **भूतलक्षी प्रभाव,** पूर्वव्यापी प्रभाव, | The benefits shall be available to all Central Government employees with retrospective effect. | ये लाभ केंद्र सरकार के सभी कर्मचारियों को **भूतलक्षी प्रभाव** से उपलब्ध होंगे। |
| 424. | **retrospectively** | **(adv) - पूर्वव्यापी प्रभाव से, भूतलक्षी प्रभाव से** | The new rule shall apply retrospectively. | नया नियम **पूर्वव्यापी प्रभाव से** लागू होगा। |
| 425. | return | (n) - 1. विवरणी* 2. प्रतिलाभ 3. प्रतिफल (v) - 4. निर्वाचित करना 5. उत्तर 6. वापसी*, वापस करना, लौटना | 1. All periodical reports and returns relating to each section will be reviewed at the level of Joint Secretary.<br>2. The rate of return on government securities is very low. | 1.प्रत्येक अनुभाग से संबंधित सभी आवधिक रिपोर्टों और **विवरणियों** की समीक्षा संयुक्त सचिव के स्तर पर की जाएगी।<br>2.सरकारी प्रतिभूतियों पर **प्रतिलाभ** की दर बहुत कम है। |
| 426. | return journey | (n) - वापसी यात्रा* | The fare for return journey shall also be reimbursable as per entitlement of the official. | **वापसी यात्रा** किराए की प्रतिपूर्ति कर्मचारी की हकदारी के अनुसार की जाएगी। |
| 427. | return of post | (n) - वापसी डाक* | The employee is required to send the reply by return of post. | कर्मचारी को **वापसी डाक** से उत्तर भेजना होगा। |
| 428. | revalidation | (n) - पुन: विधिमान्यकरण | Each revalidation shall be for a period of five years from the | प्रत्येक **पुनः विधिमान्यकरण** पिछले पुनः विधिमान्यकरण की |

| S. No. | Words | Hindi Synonyms | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | | date of expiry of the previous revalidation. | तारीख से पांच वर्ष की अवधि के लिए होगा। |
| 429. | Revaluation | (n) - **पुनःमूल्यांकन**, पुनर्मूल्यांकन, पुनर्मूल्यन | The candidates desirous of revaluation of their answer Books may apply within a period of 4.5. days from the date of issue of this circular. | अपनी उत्तर पुस्तिकाओं के **पुनःमूल्यांकन** के इच्छुक उम्मीदवार इस परिपत्र के जारी होने की तारीख से 4.5. दिन की अवधि के भीतर आवेदन कर सकते हैं। |
| 430. | revenue | (n) - राजस्व | The share of tax revenues in the total revenue receipt has been predominant. | कुल **राजस्व** प्राप्ति में **राजस्व** कर का हिस्सा सबसे अधिक है। |
| 431. | revenue duty | (n) - राजस्व शुल्क | The work of collecting revenue duty was completed within prescribed time. | **राजस्व शुल्क** एकत्र करने का कार्य निर्धारित समय के भीतर पूरा कर लिया गया था। |
| 432. | revenue expenditure | (n) - राजस्व व्यय, राजस्व खर्च | Expenditure on pay and allowances and pensions impact the revenue expenditure of the Government | वेतन और भत्तों तथा पेंशन पर होने वाले व्यय का सरकार के **राजस्व व्यय** पर प्रभाव पड़ता है। |
| 433. | revenue stamp | (n) - रसीदी टिकट* | Affixing revenue stamp is necessary for all the payments exceeding Rs. 5.000. | 5.000 रुपए से अधिक राशि के सभी भुगतानों के लिए **रसीदी टिकट** लगाना आवश्यक है। |
| 434. | reverse | (adj) - 1. **विपरीत**, उल्टा 2. उत्क्रम 3. प्रतिलोम,<br>(v) - **उलट देना, पलट देना** | 1. Providing subsidy will have reverse effect on economy.<br>3. The Appellate Court reversed the decision. | 1.आर्थिक सहायता देने का अर्थव्यवस्था पर **विपरीत** प्रभाव पड़ेगा।<br>2.अपील न्यायालय ने निर्णय को **पलट दिया**। |
| 435. | reverse order | (adj) - उल्टा क्रम | Reversion of the ad hoc appointees should take place strictly in the reverse order of seniority. | तदर्थ आधार पर नियुक्त कर्मचारियों का प्रत्यावर्तन वरिष्ठता के ठीक **उल्टे क्रम** में ही किया जाना चाहिए। |
| 436. | reverse organization chart | (n) - उत्क्रम संगठन चार्ट, | The reverse organization chart signifies the idea that the most important employees are those | **उत्क्रम संगठन चार्ट** इस विचार को दर्शाता है कि सबसे महत्वपूर्ण कर्मचारी वे हैं जो |

| S. No. | Words | Hindi Synonyms | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | | who are normally at the bottom of the hierarchy. | सामान्यतः पदानुक्रम में निचले स्तर पर होते हैं। |
| 437. | reverse pyramid | (n) - उल्टा पिरामिड | 1.The reverse pyramid in an organization is just opposite to the traditional model.<br>2. The reverse pyramid model provides no stagnation at the entry level. | 1.संगठन में **उल्टा पिरामिड** परंपरागत मॉडल के ठीक विपरीत है।<br>**2. उल्टा पिरामिड** मॉडल में प्रवेश स्तर पर गतिरोध नहीं होता है। |
| 438. | reversion | (n) - प्रत्यावर्तन | Reversion became inevitable when the regular incumbent on the post joined the office. | पद पर नियमित पदधारी के कार्यभार ग्रहण करने से **प्रत्यावर्तन** अपरिहार्य हो गया। |
| 439. | reverted | (adj) - प्रत्यावर्तित | A probationer reverted or discharged from service during or at the end of the period of probation shall not be entitled to any compensation. | परिवीक्षा की अवधि के दौरान या उसके समाप्त होने पर **प्रत्यावर्तित** या सेवा से हटाया गया परिवीक्षाधीन कर्मचारी किसी भी प्रतिकर का हकदार नहीं होगा। |
| 440. | review | (n) - 1. समीक्षा*<br>(n) - 2. पुनर्विलोकन<br>(v) - समीक्षा करना<br>(v) - पुनर्विलोकन करना | 1. The case is subject to judicial review.<br>2. The office shall review the terms and conditions of the contract.<br>3. The President has power to review any order under the CCS (CCA) - Rules, 1965 including an order of exoneration. | 1.यह मामला न्यायिक **समीक्षा** के अध्यधीन है।<br>2.कार्यालय संविदा की शर्तों और निबंधनों की **समीक्षा** करेगा।<br>3.राष्ट्रपति को केंद्रीय सिविल सेवा (व.नि.और अ.) - नियम,1965 के अधीन दोषमुक्ति के आदेश सहित किसी भी आदेश का **पुनर्विलोकन करने** की शक्ति प्राप्त है। |
| 441. | review board | (n) - **समीक्षा बोर्ड,** समीक्षा मंडल, | The office shall implement all the recommendations of the review board. | कार्यालय **समीक्षा बोर्ड** की सभी सिफारिशें लागू करेगा। |

| S. No. | Words | Hindi Synonyms | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| 442. | review committee | (n) - समीक्षा समिति* | The administrative ministry concerned may constitute a review committee on a permanent basis or ad-hoc basis. | संबंधित प्रशासनिक मंत्रालय **समीक्षा समिति** का गठन स्थायी आधार या तदर्थ आधार पर कर सकता है। |
| 443. | revise | (v) - 1. पुनरीक्षित करना, दोहराना 2. परिशोधित करना, | 1. The government has decided to revise its policy.<br>2. In the revised scheme, the date of annual increments, in all cases, will be the first of July. | 1. सरकार ने अपनी नीति को **पुनरीक्षित** करने का निर्णय लिया है।<br>2. **परिशोधित** स्कीम के अनुसार सभी मामलों में वार्षिक वेतन वृद्धि की तारीख पहली जुलाई होगी। |
| 444. | revised agenda | (n) - **पुनरीक्षित कार्यसूची***, परिशोधित कार्यसूची* | The revised agenda for the meeting has been approved by the chairman. | अध्यक्ष ने बैठक के लिए **पुनरीक्षित कार्यसूची** अनुमोदित कर दी है। |
| 445. | revised budget | (n) - परिशोधित बजट | The revised budget will be placed before the board meeting for approval. | **परिशोधित बजट** बोर्ड बैठक में अनुमोदन के लिए रखा जाएगा। |
| 446. | revised budget estimate | (n) - परिशोधित बजट प्राक्कलन | The Finance Ministry proposed an increase in funds for rural development schemes in the revised budget estimates | वित्त मंत्रालय ने **परिशोधित बजट प्राक्कलन** में ग्रामीण विकास योजनाओं के लिए निधि बढ़ाने का प्रस्ताव रखा। |
| 447. | revised edition | (n) - परिशोधित संस्करण | Based on the recommendations of the Inter-departmental Committee, the Department will soon bring out a revised edition of the Manual. | अंतर्विभागीय समिति की सिफारिशों के आधार पर विभाग शीघ्र ही मैनुअल का **परिशोधित संस्करण** प्रकाशित **करेगा।** |
| 448. | revised estimate | (n) - परिशोधित प्राक्कलन, संशोधित प्राक्कलन | The authority concerned has approved the revised estimate for | संबंधित प्राधिकारी ने कंप्यूटर की खरीद के लिए **परिशोधित प्राक्कलन** को अनुमोदित कर |

| S. No. | Words | Hindi Synonyms | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | | purchasing of computer. | दिया है। |
| 449. | revised rule | (n) - परिशोधित नियमावली* | The *Revised* Rules has been sent to the Ministry of Law for further action. | **परिशोधित नियम** की फाइल अगली कार्रवाई के लिए विधि मंत्रालय भेजी गई है। |
| 450. | revised tender | (n) - परिशोधित निविदा* | The office shall soon float a revised tender for its proposed renovation work. | कार्यालय अपने प्रस्तावित नवीनीकरण कार्य के लिए शीघ्र ही **परिशोधित निविदा** जारी करेगा। |
| 451. | revision | (n) - 1. परिशोधन 2. पुनरीक्षण, दोहराना, | Recommendations relating to revision of rates of various allowances shall also apply to the cadre of Divisional Accountant. | विभिन्न भत्तों की दरों में **परिशोधन** से संबंधित सिफारिशें प्रभागीय लेखाकारों के संवर्ग पर भी लागू होंगी। |
| 452. | revision committee | (n) - पुनरीक्षण समिति* | The revision committee shall look into the matter and submit its report within prescribed time. | **पुनरीक्षण समिति** मामले की पड़ताल करेगी और अपनी रिपोर्ट निर्धारित समय के भीतर प्रस्तुत करेगी। |
| 453. | revision of pay scale | (n) - 1. वेतनमान पुनरीक्षण 2. वेतनमान परिशोधन | The recommendations relating to revision of pay scales and pension shall be implemented retrospectively. | **वेतनमान पुनरीक्षण** और पेंशन से संबंधित सिफारिशें पूर्वव्यापी प्रभाव से कार्यान्वित की जाएंगी। |
| 454. | revival | (n) - 1. पुनरुज्जीवन 2. पुन:प्रवर्तन, | All proposals concerning revival or restructuring of public sector undertakings should be first referred to the committee. | सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के **पुनरुज्जीवन** या पुनर्गठन से संबंधित मामले पहले समिति को भेजे जाएंगे। |
| 455. | revocable | (adj) - प्रतिसंहरणीय | This permit is ***revocable*** and subject to modification by the State. | यह परमिट **प्रतिसंहरणीय** है और राज्य द्वारा आशोधन के अध्यधीन है। |
| 456. | revocation | (n) - प्रतिसंहरण | The order passed by | 1. दंड अधिरोपित,आशोधित या |

| S. No. | Words | Hindi Synonyms | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | | the Director in respect to imposition, modification or revocation on the punishment shall be final. | **प्रतिसंहरण** करने से संबंधित मामलों में निदेशक के आदेश अंतिम होंगे। |
| 457. | revoke | (v) - **वापस लेना,** प्रतिसंहरण करना | An order of suspension made under this rule shall continue to remain in force until it is revoked by the competent authority. | इस नियम के अधीन किया गया निलंबन आदेश तब तक प्रवृत्त रहेगा जब तक कि इसे सक्षम प्राधिकारी द्वारा **वापस** नहीं लिया जाता है। |
| 458. | revolutionary change | (n) - क्रांतिकारी परिवर्तन | Rapid and revolutionary changes in technology have created an information-centric global economy. | प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में तीव्र और **क्रांतिकारी परिवर्तनों** ने सूचना-केंद्रित वैश्विक अर्थव्यवस्था का निर्माण किया है। |
| 459. | revolving fund | (n) - परिक्रामी निधि* | A revolving fund has no expiry date. | **परिक्रामी निधि** की कोई समाप्ति तारीख नहीं होती है। |
| 460. | reward | (v) - 1. **पुरस्कृत करना,** पारितोषिक 2. प्रतिफल | The Commission wishes to bring in a work culture in the Government that will reward performance. | आयोग सरकार में ऐसी कार्य संस्कृति लाना चाहता है जो कार्यनिष्पादन को **पुरस्कृत** करे। |
| 461. | reward review | (n) - पारितोषिक समीक्षा* | A reward review was published in the newspaper. | समाचार पत्र में **पारितोषिक समीक्षा** प्रकाशित हुई । |
| 462. | reward scheme | (n) - **पुरस्कार योजना*,** पारितोषिक योजना* | A new Reward Scheme for motivating officers introduced by the office. | अधिकारियों को प्रेरित करने के लिए कार्यालय द्वारा नई **पुरस्कार योजना** आरंभ की गई है। |
| 463. | right | (n) - 1. अधिकार 2. सही | 1.The competent authority has the absolute right to retire any Government employee as per provisions of Rules.<br>2. Leave cannot be claimed as a right. | 1.सक्षम प्राधिकारी को, किसी सरकारी कर्मचारी को नियमों के उपबंधों के अनुसार सेवानिवृत्त करने का पूर्ण **अधिकार** है।<br>2. छुट्टी का **अधिकार** के रूप में दावा नहीं किया जा सकता है। |

| S. No. | Words | Hindi Synonyms | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |
| 464. | rightful claimant | (n) - साधिकार दावेदार | The verification of caste-status of employee is necessary so that the benefit of reservation should reach to the rightful claimants. | कर्मचारी की जाति की स्थिति का सत्यापन करना आवश्यक है जिससे आरक्षण का लाभ **वास्तविक दावेदारों** के पास पहुंच सके। |
| 465. | Right to Information Act | (n) - सूचना अधिकार अधिनियम | Any citizen of India who desires to obtain any information under the Right to Information Act, 2.005. may make a request to the Public Information Officer in writing . | भारत का कोई भी नागरिक जो **सूचना अधिकार अधिनियम,** 2005 के अधीन कोई सूचना प्राप्त करना चाहता है, वह जन सूचना अधिकारी को लिखित में अनुरोध कर सकता है। |
| 466. | rigid | (adj) - **कड़ा**, अनम्य, कठोर | It is not appropriate to fix a rigid limit for the purpose of recovery of advance. | अग्रिम की वसूली के प्रयोजन के लिए **कड़ी** सीमा तय करना उपयुक्त नहीं है। |
| 467. | rigid rules | (n) - कठोर नियम | ***Rigid rules*** cannot be laid down in these matters. | इन मामलों में **कठोर नियम** निर्धारित नहीं किए जा सकते हैं। |
| 468. | rigorous imprisonment | (n) - **सश्रम/कठिन कारावास**, कठोर कारावास | The accused got the *rigorous imprisonment* of seven years. | अभियुक्त को सात वर्ष के **कठोर कारावास** की सजा हुई। |
| 469. | ring railway | (n) - रिंग रेलवे | Delhi *Ring Railway* is part of the Delhi Suburban Railway services. | दिल्ली **रिंग रेलवे** दिल्ली उपनगरीय रेल सेवा का हिस्सा है। |
| 470. | riot | (n) - बलवा, **दंगा** | 1. All efforts are being made on part of the government to tackle the problem of communal riots.<br>2. The Central Reserve Police Force has been deployed at the riot prone areas. | 1.सांप्रदायिक **दंगों** की समस्या को रोकने के लिए सरकार की ओर से हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं।<br>2.**दंगे** की संभावना वाले क्षेत्रों में केंद्रीय आरक्षी बल की तैनाती की गई है। |
